सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 13 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 37, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 188 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 188 अंक टूटा। } 10

रील युग में शॉर्टकट से दूर रहें युवा : मोदी

पीएम मोदी ने युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने और दूसरों के संघर्षों से सीखने की अपील करते हुए कहा कि रील के युग में युवाओं को याद रखना चाहिए कि शॉर्टकट आपको नुकसान पहुंचा सकता है। } 12

टाटा संस से अलग होंगे एन. चंद्रशेखरन

2027 को कार्यकाल खत्म होने के बाद नहीं मांगेंगे पुनर्नियुक्ति

एजेंसी

नयी दिल्ली। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को कहा कि वह 20 फरवरी 2027 को अपना मौजूदा कार्यकाल खत्म होने के बाद पुनर्नियुक्ति नहीं मांगेंगे। चंद्रशेखरन के इस बयान से टाटा समूह की मूल कंपनी के नेतृत्व को लेकर पिछले कई महीनों से जारी अनिश्चितता खत्म हो गई है। एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा संस के बहुलांश शेयरधारक सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट ने सर्वसम्मति से उनका कार्यकाल पांच साल बढ़ाने की सिफारिश की थी। इसके बाद टाटा संस की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति और निदेशक मंडल ने भी इस प्रस्ताव को दर्ज किया और इसकी सिफारिश की।

उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव 24 फरवरी को टाटा संस के निदेशक मंडल की बैठक में रखा गया लेकिन एक निदेशक के समर्थन नहीं करने के कारण इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका। चंद्रशेखरन ने बयान में कहा सर्वसम्मत समर्थन नहीं मिलने के कारण मैंने इस फैसले को टालने का विकल्प चुना। उन्होंने कहा कि निदेशक मंडल की उस बैठक के छह महीने बाद भी इस मामले में कोई फैसला नहीं हो पाया है। नेतृत्व को लेकर स्पष्टता आवश्यक है क्योंकि टाटा संस कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम कर रही है, जो अहम चरण में हैं। चेयरमैन ने कहा इन परिस्थितियों में मैंने आज टाटा संस के निदेशक मंडल को सूचित किया कि मैंने 20 फरवरी, 2027 को अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद पुनर्नियुक्ति के लिए अपना नाम आगे नहीं रखने का फैसला किया है। उन्होंने निदेशक मंडल से अपने उत्तराधिकारी पर जल्द फैसला करने को कहा, ताकि नेतृत्व का सुचारू हस्तांतरण सुनिश्चित किया जा सके। टाटा समूह में 40 साल बिता चुके चंद्रशेखरन 2017 में टाटा संस के चेयरमैन बने थे। इससे पहले वह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मुख्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

भूमाफियाओं पर योगी सरकार का शिकंजा, 2.08 लाख एकड़ जमीन कब्जामुक्त

84 हजार हेक्टेयर भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा, पोर्टल पर 99 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जों के खिलाफ योगी सरकार का एंटी भूमाफिया अभियान लगातार चर्चा में रहा है। राजस्व विभाग के मुताबिक सख्त कार्रवाई और विभिन्न अभियान के तहत बीते साढ़े नौ साल में प्रदेश में 84,005 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। यह क्षेत्रफल लगभग 2.08 लाख एकड़ के बराबर है। भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के साथ शिकायतों के निस्तारण, मुकदमों की पैरवी और चिह्नित भूमाफियाओं के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई ने इस अभियान को और व्यापक रूप दिया। बीते वर्षों में इन कार्रवाइयों ने भूमाफियों के खिलाफ योगी सरकार ने अपनी मंशा साफ जाहिर की है।

राजस्व विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में सार्वजनिक संपत्तियों पर हुए अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए चार स्तरीय - राज्य, मंडल, जनपद और तहसील स्तर पर एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया। इसका उद्देश्य अवैध कब्जों की पहचान से लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई और जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने तक की प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाना है। इसके तहत अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज कराने और की गई कार्रवाई की प्रभावी निगरानी के लिए एंटी भू-माफिया पोर्टल विकसित किया गया। राज्य में एंटी भू-माफिया पोर्टल पर अवैध कब्जे से संबंधित कुल 4,34,016 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 4,31,697 शिकायतों यानी 99 प्रतिशत से अधिक का निस्तारण किया जा चुका है। वहीं 2,319 शिकायतें निस्तारण के लिए लंबित हैं।

योगी सरकार में विभान ने अभियान के जरिए सिर्फ जमीन को कब्जामुक्त कराने पर ही जोर नहीं दिया गया, बल्कि शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करने से लेकर उनके निस्तारण तक निगरानी की व्यवस्था भी बनाई गई है। इससे कार्रवाई की स्थिति को लगातार ट्रैक करने का तंत्र विकसित हुआ। प्रदेश में एंटी भूमाफिया अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 84,005 हेक्टेयर से अधिक भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया जाना है। इससे प्रदेश के विकास को रफ्तार देने के लिए लगभग 2.08 लाख एकड़ जमीन उपलब्ध हो गई है। इसमें बड़े स्तर पर सरकारी लैंडबैंक भी शामिल है, जिसका इस्तेमाल विभिन्न विकास योजनाओं के लिए किया जाना संभव होगा। एंटी भू-माफिया पोर्टल अभियान की निगरानी का महत्वपूर्ण माध्यम बना है। अवैध कब्जों के मामलों में प्रशासनिक कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई को भी आगे बढ़ाया गया। गत वर्षों में अभियानों के तहत 25,068 राजस्व ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

धरा गया 68 लाख की ठगी करने वाला नाइजीरियाई

लखनऊ। सोशल मीडिया पर अमेरिका और ब्रिटेन के नागरिकों के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर भारतीय युवाओं को प्रेमजाल में फंसाने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नाइजीरियाई नागरिक न्वोगु ओबेड ओसिनाची के रूप में हुई है। उसके पास से 11 मोबाइल फोन, एक पासपोर्ट, चार एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप और 34 वर्क स्क्रीन शॉट बरामद किए गए हैं। एसटीएफ के मुताबिक बरामद मोबाइलों में विदेशी युवतियों के फोटो-वीडियो और फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाने से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। एसटीएफ के अनुसार गिरोह के सदस्यों ने लखनऊ निवासी एक युवक से फेसबुक पर इंग्लैंड निवासी डोरिस विलियम के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर दोस्ती की। इसके बाद युवक को महंगे गिफ्ट, डॉलर और पाउंड भेजने का झांसा दिया गया। कुछ समय बाद उसे ...शेष पृष्ठ 10 पर

अपहरण-हत्या मामले में दोषी को फांसी की सजा

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर की एक स्थानीय अदालत ने करीब 27 साल पहले फिरौती के लिए लकड़ी कारोबारी का अपहरण कर उसकी हत्या करने के मामले में एक व्यक्ति को बुधवार को मौत की सजा सुनाई। न्यायाधीश रवि कुमार दीवाकर ने दोषी शाहनवाज पर एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने उसे 1999 में सलीम के अपहरण और हत्या का दोषी ठहराया। सरकारी अधिवक्ता कुलदीप कुमार ने बताया कि लकड़ी कारोबारी सलीम का पांच लाख रुपये की फिरौती के लिए अपहरण किया गया था। बाद में नौ दिसंबर 1999 को छपार थाना क्षेत्र के तेजलहेड़ा गांव के पास जंगल में गला रेतकर उसकी हत्या कर दी गई थी।

विपक्ष चर्चा के लिए तैयार हो तो सभी जवाब दूंगा : शाह

❍ सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं ❍ विपक्ष को चलने देनी चाहिए सदन की कार्यवाही

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि यदि विपक्षी दल छात्रों से जुड़े विषय पर चर्चा के लिए तैयार हो जाएं तो वह हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं ताकि देश की जनता के सामने सब दूध का दूध, पानी का पानी हो जाए, क्योंकि सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।

दूसरी तरफ, विपक्ष ने कहा कि उसे गृह मंत्री का भाषण और लेक्चर सुनने में दिलचस्पी नहीं है, बल्कि उन्हें सिर्फ यह बताना चाहिए कि दिल्ली में छात्रों पर कथित बर्बरता का आदेश किसने दिया था। बीते 20 जुलाई को आरंभ हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान दोनों सदनों में जारी गतिरोध के बीच शाह ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखा और आरोप लगाया कि विपक्ष चर्चा होने ही नहीं देना चाहता। शाह ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से वह नियमित रूप से संसद आ रहे हैं और अपने कक्ष में बैठते हैं, लेकिन विपक्ष दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा है। उन्होंने कहा लापता, भाग गए, भगोड़े, इस प्रकार की भाषा भारत के सार्वजनिक जीवन और संसदीय जीवन में अभी-अभी सुनाई पड़ी है। जब से संसद सत्र शुरू हुआ है, तब से लगातार मैं संसद में आता हूं, अपने कक्ष में बैठता हूं। चूंकि संसद भवन में विपक्ष दोनों सदनों में कार्यवाही चलने नहीं दे रहा है, तो कोई जाकर क्या करेगा? गृह मंत्री ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार नीट से जुड़े विरोध-प्रदर्शनों के मुद्दे पर सभी प्रकार से चर्चा के लिए तैयार है, समय तय किया जाए और विपक्ष भी चर्चा के लिए तैयार हो जाए। उन्होंने कहा, मैं सदन में ही बैठूंगा, सबको सुनूंगा और सभी प्रकार के जवाब दूंगा, सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। मैं इस बात पर भी चर्चा करूंगा कि आपने (विपक्ष) चर्चा क्यों नहीं चाही। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष को संसद की कार्यवाही चलने देनी चाहिए। उनका कहना था, मैं हर चीज का जवाब दूंगा ताकि देश की जनता के सामने दूध का दूध, पानी का पानी हो जाए। गृह मंत्री ने कहा कि अब विपक्ष को तय करना है कि उन्हें चर्चा करनी है या हंगामा करना है। बाद में, शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से नीट प्रश्नपत्र लीक मुद्दे को लेकर छात्रों के विरोध-प्रदर्शन पर सदन में चर्चा के लिए विपक्ष से बातचीत करने करने का आग्रह किया और कहा कि वह सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं। विपक्षी दलों ने गृह मंत्री पर निशाना साधा और कहा कि उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए कि छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने का आदेश किसने ...शेष पृष्ठ 10 पर

संयुक्त समिति को भेजा गया एफसीआरए विधेयक

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा ने बुधवार को विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन (एफसीआरए) विधेयक, 2026 को विस्तृत समीक्षा और संभावित सुझावों के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और द्रमुक ने विधेयक को अल्पसंख्यकों के खिलाफ करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की। सरकार ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस विधेयक में एक भी प्रावधान अल्पसंख्यकों ...शेष पृष्ठ 10 पर

न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ साबित हुए आरोप

नयी दिल्ली। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से नकदी बरामद होने के मामले में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित जांच समिति ने उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित पाया है और कहा कि वह संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके।

समिति की रिपोर्ट बुधवार को संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा में पेश की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश वर्मा अपने आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में मिली नकदी की मौजूदगी, उसके स्रोत या स्वामित्व के संबंध में संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में विफल रहे। समिति ने यह भी कहा कि महत्वपूर्ण साक्ष्यों को सुरक्षित या संरक्षित नहीं किया गया और कानूनी तरीके से स्टोर ...शेष पृष्ठ 10 पर

नकली दवाओं के नेटवर्क पर कड़ा प्रहार

फर्जी बिलिंग से करोड़ों का खेल, 39.20 लाख जोरिल एम1 टैबलेट का नहीं मिला हिसाब

विशेष संवाददता

❍ लखनऊ के अमीनाबाद थाने में दर्ज की गयी एफआईआर

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में नकली और संदिग्ध दवाओं के कथित नेटवर्क के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने बड़ी कार्रवाई की है। अमीनाबाद में बिना वास्तविक दवा आपूर्ति के फर्जी बिलिंग, क्रॉस-बिलिंग और कागजी लेनदेन के आरोप में चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। एफएसडीए के मुताबिक मामले में हेल्थ प्लस के प्रोपराइटर अंकुर अवस्थी, एमके फार्मा के संचालक मनीष बाजपेयी, राम फार्मा के संचालक गोविंद शुक्ला और सहारनपुर की पैशन्ट केयर सर्जिकल हाउस के संचालक ऐजाज अहमद को आरोपी बनाया गया है।

जांच में आरोप है कि संबंधित फर्मों के बीच बिना वास्तविक दवाओं की आपूर्ति किए बिलिंग की गई और कागजों पर खरीद-बिक्री दिखाकर रिकॉर्ड तैयार किए गए। विभाग के अनुसार, हेल्थ प्लस पर बिना वैध औषधि लाइसेंस ...शेष पृष्ठ 10 पर

गाय की मौत के बाद डॉक्टर से मारपीट चार लोग गिरफ्तार

बदायूं। अलापुर थाना क्षेत्र में चिकित्सक की कार की टक्कर से एक गाय के मारे जाने के बाद नाराज लोगों ने डॉक्टर से मारपीट की और उनकी कार में तोड़फोड़ की। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उसने बताया कि अलापुर थाना क्षेत्र की म्याऊं पुलिस चौकी के पास स्थित बिचपुरी गांव में बदायूं के उसावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक राहुल सिद्धार्थ मंगलवार शाम कार से बदायूं लौट रहे थे तभी उनकी कार से एक गाय टकरा गई। बाद में उपचार के दौरान गाय ने दम तोड़ दिया। गाय के मारे...शेष पृष्ठ 10 पर

उत्तराखंड की लोक विरासत को मिलेगा नया मंच : धामी

लोकगायक नरेन्द्र सिंह नेगी के गीतों का अंग्रेजी संस्करण जारी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लोकगीत, लोकभाषाएं, पारंपरिक कलाएं और साहित्य उत्तराखंड की पहचान के मूल आधार हैं। इन्हें सुरक्षित रखना ही नहीं, बल्कि बदलते समय के अनुरूप आगे बढ़ाना भी जरूरी है। सोशल बलूनी स्कूल में लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी के जन्मदिवस पर आयोजित संस्कृति सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने उनके गीतों के अंग्रेजी अनुवाद पर आधारित पुस्तक माउंटेन मेलोडीज ऑफ नरेंद्र सिंह नेगी का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास पहाड़ की लोकसंस्कृति को भाषायी सीमाओं से बाहर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अंग्रेजी माध्यम के पाठकों को नेगी की रचनाओं के जरिए उत्तराखंड के जनजीवन, प्रकृति और सामाजिक सरोकारों को समझने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नरेंद्र सिंह नेगी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने पहाड़ के जीवन को बेहद सहज और प्रभावी ढंग से अपने गीतों में अभिव्यक्त किया। उनके रचनाकर्म में ग्रामीण समाज की परिस्थितियां, पहाड़ी...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	36.06 डिसे.
न्यूनतम	:	26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

❍ रक्षाबंधन पर 26 से 31 तक चलेंगी अतिरिक्त बसें (पृष्ठ-02)
❍ 16 हजार महिलाओं ने कमाए 45 करोड़ (पृष्ठ-02)
❍ खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.45 प्रतिशत पर (पृष्ठ-10)
❍ रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 95.33 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
❍ सौर परियोजना से वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू की (पृष्ठ-10)

विशेष खबर ग्रैफिटी वॉल पर दिखा बदलता उत्तर प्रदेश, युवाओं ने रंगों से दर्शायी विकास की गाथा

युवाओं ने रंगों से दिखायी यूपी की नयी तस्वीर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस से पहले युवाओं को रचनात्मक अभिव्यक्ति का मंच देने के लिए शुरू किए गए रंग दे बसंती अभियान के तहत बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के पास ग्रैफिटी वॉल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवा कलाकारों ने भित्ति चित्रों के जरिए उत्तर प्रदेश में आए बदलाव की तस्वीर पेश की। ग्रैफिटी वॉल पर कलाकारों ने कानून-व्यवस्था, माफिया से मुक्ति, मेट्रो, सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास जैसे विषयों को रंगों के माध्यम से उकेरा। पेंटिंग में वर्ष 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश और उसके बाद आए बदलाव को रचनात्मक तरीके से दिखाया गया। युवा चित्रकार मनीष सरोज ने अपनी पेंटिंग के माध्यम से पुराने उत्तर प्रदेश की चुनौतियों और वर्तमान में दिखाई दे रहे बदलाव को दर्शाया। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र रंजीत ने कहा कि अभियान के माध्यम से युवा कला और रंगों के जरिए प्रदेश में हुए विकास को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेट्रो का विस्तार, बेहतर सड़कें, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा जैसे विषय युवाओं की पेंटिंग का हिस्सा बने हैं। अभियान में शामिल छात्र अमन शुक्ला ने कहा कि युवाओं को अपनी समस्याओं और मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाना चाहिए।

विरोध और अभिव्यक्ति का रास्ता शांतिपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ह्रारंग दे बसंती के जरिए यह संदेश दिया जा रहा है कि युवाओं की आवाज को कला, संगीत और संवाद के माध्यम से भी प्रभावी ढंग से सामने रखा जा सकता है। बंदूक की जगह ब्रश, डर की जगह डायलॉग की थीम पर आधारित यह अभियान 11 से 14 अगस्त तक प्रदेश के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जा रहा है। कविता, कला, संगीत, संवाद और डिजिटल माध्यमों के जरिए युवाओं को अपनी बात रखने का मंच दिया जा रहा है।

इज्जतनगर मंडल के 660 किमी रूट पर लगेगा कवच

वरिष्ठ संवाददाता

❍ 295 करोड़ की लागत से बनेगी ट्रेनों की टक्कर को रोकने की प्रणाली

लखनऊ। भारतीय रेलवे ने पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) के इज्जतनगर मंडल के 660 किलोमीटर रूट पर अनुमानित 295 करोड़ रुपये की लागत से कवच संस्करण 4.0 लगाने को मंजूरी दी है।

यह कार्य भारतीय रेलवे के शेष खंडों पर लॉन्ग-टर्म इवोल्यूशन (एलटीई) के संचार बैकबोन के साथ कवच की व्यवस्था नामक व्यापक कार्य के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है। कवच भारत में स्वदेशी रूप से विकसित ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) प्रणाली है, जिसे ट्रेनों की आवाजाही की निरंतर निगरानी के माध्यम से सिग्नल पार करने के उल्लंघन (एसपीएडी) की घटनाओं और ट्रेनों की टक्कर को रोकने के लिए विकसित किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर यह प्रणाली स्वचालित रूप से ब्रेक लगा देती है। यह ट्रेनों को अधिकतम अनुमेय गति पर सुरक्षित रूप से संचालित करने में सक्षम बनाती है, परिचालन विश्वसनीयता में सुधार करती है और घने कोहरे जैसी प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में भी सुरक्षित रेल संचालन में सहायता करती है। स्वीकृत कार्य में पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के शेष खंड शामिल हैं।

समस्याओं की पहचान से होती है नवाचार की शुरुआत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- बीबीडीयू में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यशाला आयोजित

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 'इनोवेशन एवं स्टार्टअप के माध्यम से युवाओं के संवेदनशीलकरण' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल (आरडीसी), बीबीडीयू द्वारा स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज की एनएसएस यूनिट-III तथा बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज के सहयोग से डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को नवाचार, रचनात्मकता, शोध, बौद्धिक संपदा, उद्यमिता और स्टार्टअप की संभावनाओं से परिचित कराना तथा विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय के बाहर उपलब्ध अवसरों एवं सहयोग तंत्र के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।

अपने स्वागत संबोधन में बीबीडीयू के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के प्रमुख डॉ. एस. अहमद अली ने युवाओं की अपार क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवाचार की शुरूआत समस्याओं की पहचान से होती है। उन्होंने विचार और समस्या से नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता तक की यात्रा पर चर्चा की तथा बीबीडीयू में शोध, नवाचार, इनक्यूबेशन और उद्यमिता के लिए विकसित हो रहे पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने आसपास की समस्याओं को रचनात्मक एवं व्यावहारिक समाधान विकसित करने के अवसर के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया। बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बीबीडीयू की प्राचार्य डॉ. नीता पसरीचा ने अपने संबोधन में युवाओं में नवाचार और रचनात्मकता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर अपनी रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने और अपने ज्ञान एवं कौशल के माध्यम से नई संभावनाओं की खोज करने का आह्वान किया। बीबीडीयू के प्रो वाइस चांसलर डॉ. एस. सी. शर्मा ने युवाओं की क्षमता और उनके लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, नए कौशल अर्जित करने तथा नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। बीबीडीयू के कुलपति डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में शोध, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में युवाओं की अपार क्षमता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने ऐसे सशक्त विश्वविद्यालयी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया, जो युवाओं को नए विचारों का अन्वेषण करने, शोध करने, नवाचार विकसित करने तथा अपने ज्ञान को समाज के लिए उपयोगी समाधानों में परिवर्तित करने के अवसर प्रदान करे। उन्होंने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय की शोध, नवाचार एवं इनक्यूबेशन सुविधाओं और सहयोग तंत्र का प्रभावी उपयोग करने तथा नवाचार एवं उद्यमिता की संस्कृति को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।पहला विशेषज्ञ सत्र यूपीसीएआर स्टार्टअप एंड इनक्यूबेशन सेल, लखनऊ की वैज्ञानिक डॉ. रिनी सिंह ने लिया। उन्होंने यूपीसीएआर की पहलों पर चर्चा करते हुए कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के एकीकरण की भूमिका और नवाचार तथा नए विचारों के विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर दिया कि शोध, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को एक साथ जोड़कर कृषि क्षेत्र की समकालीन चुनौतियों के समाधान विकसित किए जा सकते हैं।

दूसरा विशेषज्ञ सत्र उत्तर प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ के सलाहकार डॉ. एच. बी. सिंह ने लिया। उन्होंने नवाचारों के संरक्षण तथा शोध परिणामों को समाज तक पहुंचाने के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शोध केवल अकादमिक प्रकाशनों और प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य सामाजिक समस्याओं के समाधान में योगदान देना भी होना चाहिए। उन्होंने शोध एवं नवाचार के व्यावसायीकरण तथा ज्ञान को उपयोगी उत्पादों, प्रक्रियाओं और सेवाओं में परिवर्तित करने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम के अंतिम विशेषज्ञ सत्र में बीबीडीयू के पूर्व छात्र एवं टेमेनोस, यूके में क्लाइंट एंगेजमेंट मैनेजर प्रातुश सिंह ने स्टार्टअप्स इन द एज ऑफ एआई विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण तेजी से बदल रहे स्टार्टअप परिदृश्य तथा युवा उद्यमियों के लिए उभर रहे अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को एआई को केवल एक तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि नवाचार, उद्यमिता और नए व्यावसायिक मॉडलों को सक्षम बनाने वाले महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में समझने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को नवाचार के समग्र पारिस्थितिकी तंत्र की व्यापक जानकारी मिली—समस्याओं की पहचान और विचारों के विकास से लेकर नवाचारों के संरक्षण, प्रौद्योगिकी के उपयोग, इनक्यूबेशन, उद्यमिता तथा शोध परिणामों को समाज और व्यावसायीकरण तक पहुंचाने की प्रक्रिया तक। कार्यक्रम का समापन बीबीडीयू की एनएसएस यूनिट-III के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी. के. सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम ने युवा विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को पहचानने तथा स्वयं को नवप्रवर्तक, शोधकर्ता और उद्यमी के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित करने वाले एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया।

यूपी में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को रफ्तार

पूर्वांचल-मध्यांचल बन रहे नये निवेश हब

विशेष संवाददाता (vol)

- अमूल से हल्दीराम तक यूपी में बढ़ा निवेश, खाद्य प्रसंस्करण के नए केंद्र बने जिले
- पूर्वांचल-मध्यांचल में फूड इंडस्ट्री का विस्तार, बड़े ब्रांडों ने यूपी पर जताया भरोसा



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से विस्तार कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निवेश-अनुकूल नीतियों के बीच प्रदेश में 40 खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी किए गए हैं। इनमें पूर्वांचल और मध्यांचल की 21 से अधिक परियोजनाएं शामिल हैं। बड़े ब्रांडों की बढ़ती मौजूदगी से प्रदेश के जिलों में कृषि आधारित उद्योग, रोजगार और निवेश का नया नेटवर्क तैयार होने की उम्मीद है।

प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, अमेठी और देवरिया से लेकर हरदोई, सीतापुर और कानपुर देहात तक खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, पेय पदार्थ और कृषि आधारित विनिर्माण से जुड़ी परियोजनाएं आकार ले रही हैं। इससे औद्योगिक विकास को पारंपरिक केंद्रों से आगे जिलों तक पहुंचाने में मदद मिल रही है। पूर्वांचल में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 10 परियोजनाएं प्रयागराज, अमेठी, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, बाराबंकी और देवरिया जैसे जिलों में सामने आई हैं।

वरुण बेवरेजेस की प्रयागराज, अमेठी और गोरखपुर क्षेत्र में परियोजनाएं पेय पदार्थ निर्माण के क्षेत्र को विस्तार दे रही हैं। गोरखपुर में सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है। वाराणसी में बनासकांठा डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स की अमूल डेयरी परियोजना भी पूर्वांचल में बढ़ते निवेश का प्रमुख उदाहरण है। रसिक रिफ्रेशमेंट और फॉरएवर डिस्टिलरी जैसी कंपनियों की परियोजनाएं भी क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों का दायरा बढ़ा रही हैं।

प्रदेश का बड़ा कृषि आधार खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। वहीं सड़क, एक्सप्रेसवे और औद्योगिक बुनियादी ढांचे में सुधार निवेशकों के लिए नए अवसर तैयार कर रहा है। मध्यांचल में 12 परियोजनाओं के साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का नया औद्योगिक विस्तार देखने को मिल रहा है। हरदोई इस क्षेत्र में प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां वरुण बेवरेजेस, आईटीसी, बालाजी वेफर्स और हल्दीराम जैसी कंपनियों की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। कानपुर देहात में एचएल एग्रो प्रोडक्ट्स अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रही है।

सीतापुर में रेडिको खेतान और डालमिया चीनी मिल्स की परियोजनाएं कृषि आधारित उद्योगों को मजबूती दे रही हैं। इसके अलावा यूनाइटेड ब्रेवरीज, ग्लोबस स्पिरिट्स, नील श्री शुगर और आरएसपीएल लिमिटेड की परियोजनाएं भी मध्यांचल के औद्योगिक विस्तार का हिस्सा हैं। खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं को जारी किए गए एलओसी प्रदेश की निवेशक-केंद्रित औद्योगिक नीति को दशार्ते हैं। कंपनियों की जरूरत के अनुसार कस्टमाइज्ड इंसेंटिव और नीतिगत सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य नई इकाइयों की स्थापना के साथ मौजूदा उद्योगों के विस्तार और कारोबार के विविधीकरण को बढ़ावा देना है।

सरकार की रणनीति कृषि उत्पादन को खाद्य प्रसंस्करण और संगठित विनिर्माण से जोड़कर जिलों में स्थानीय औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित करने की है। इससे किसानों के लिए नए बाजार, कृषि उत्पादों का बेहतर वैल्यू एडिशन और युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है।

पूर्वांचल और मध्यांचल में बड़े ब्रांडों की बढ़ती मौजूदगी संकेत दे रही है कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विस्तार अब नए जिलों तक पहुंच रहा है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बढ़ता निवेश प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को भी गति दे सकता है।

रक्षाबंधन पर 26 से 31 तक यूपी में चलेंगी अतिरिक्त बसें

लखनऊ। रक्षाबंधन के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए योगी सरकार ने प्रदेश में विशेष परिवहन व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने 26 से 31 अगस्त तक छह दिनों के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन करने और परिवहन निगम की अधिकतम बसों को ऑनरोड रखने के निर्देश दिए हैं। त्योहार के दौरान विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए प्रमुख मार्गों पर बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। लखनऊ, कानपुर समेत अन्य प्रमुख शहरों के लिए भी यात्रियों की मांग के अनुसार अतिरिक्त बसें संचालित होंगी। रक्षाबंधन के दौरान दिल्ली से मुरादाबाद-बरेली होते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली से अलीगढ़-कानपुर होते हुए पूर्वांचल की ओर बसों के संचालन में जरूरत के अनुसार अतिरिक्त सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य यात्रियों को लंबा इंतजार किए बिना उनके गंतव्य तक पहुंचाना है। सरकार ने बसों और बस स्टेशनों पर साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त रोशनी और पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

भाजपा आज अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि पर अर्पित करेंगे श्रद्धांजलि

- पुण्यतिथि पर सभी जिलों में श्रद्धांजलि सभाएं, माल्यार्पण, संगोष्ठियां एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम किये जायेंगे आयोजित

लखनऊ/कानपुर। अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा गुरुवार को प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोकमाता को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल ने प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को पत्र जारी कर कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

प्रकाश पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासिका थीं, जिन्होंने अपने शासनकाल में जनकल्याण, न्याय, सुशासन और सनातन संस्कृति के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने देशभर के अनेक तीर्थस्थलों और मंदिरों का पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया तथा सनातन संस्कृति के गौरव को पुनर्स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन समाज के लिए सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से सीधा सवाल करते हुए कहा कि औरैया के बिधूना में स्थापित राजकीय महाविद्यालय का नाम एक समय लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के नाम पर था, फिर उसे क्यों बदला गया? उन्होंने पूछा कि नाम बदलने का कारण कहीं यह तो नहीं था कि अहिल्याबाई होलकर अति पिछड़े समाज से आती थीं? अथवा इसका कारण यह था कि उन्होंने मुगल आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त किए गए तीर्थस्थलों एवं मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया था? उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को प्रदेश की जनता को जवाब देना चाहिए कि क्या उन्हें लोकमाता अहिल्याबाई द्वारा सनातन संस्कृति, मठ-मंदिरों और तीर्थस्थलों के संरक्षण के कार्य से आपत्ति थी? क्या उनके इसी योगदान के कारण उनके नाम से जुड़े शिक्षण संस्थान का नाम बदला गया था? प्रकाश पाल ने कहा, अखिलेश यादव जवाब दीजिए, देवी अहिल्याबाई होलकर से क्यों है द्वेष? प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों से प्रेरणा लेने वाले उनके अनुयायी हैं। अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनके योगदान को स्मरण किया गया। भाजपा सरकार ने प्रयागराज में संगम तट पर लोकमाता की भव्य प्रतिमा स्थापित कर उन्हें सम्मान दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके सम्मान में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर में उनकी भव्य प्रतिमा स्थापना के साथ ही, सिक्का और डाक टिकट जारी किया गया। वहीं काशी और सोमनाथ में भी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की भव्य प्रतिमाएं स्थापित कर उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों को सम्मान दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने औरैया में मेडिकल कॉलेज का नाम पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के नाम पर स्थापित कर लोकमाता के सम्मान को पुनर्स्थापित किया।

यह निर्णय पिछड़े और अति पिछड़े समाज सहित पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें महापुरुषों और महान विभूतियों के सम्मान तथा उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। इसके विपरीत विपक्ष को यह बताना चाहिए कि उसने महापुरुषों के सम्मान में क्या किया।

बिजली बिल जमा कराकर 16 हजार महिलाओं ने कमाये 45 करोड़

- विद्युत सखी योजना बनी ग्रामीण महिलाओं की कमाई का जरिया
- 1.53 करोड़ बिल जमा कराकर गांवों में बढ़ाई बिजली भुगतान की सुविधा

लखनऊ। प्रदेश के गांवों में बिजली बिल जमा कराने की व्यवस्था अब ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का माध्यम भी बन गई है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करीब 16 हजार विद्युत सखियों ने अब तक 1,53,62,709 बिजली बिल जमा कराकर लगभग 3,500 करोड़ रुपये का राजस्व बिजली विभाग तक पहुंचाया है। इसके बदले विद्युत सखियों को करीब 45.4 करोड़ रुपये की कमीशन आय हुई है। योगी सरकार का विद्युत सखी मॉडल ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के साथ उपभोक्ताओं को स्थानीय स्तर पर बिजली बिल जमा करने की सुविधा भी दे रहा है।

विद्युत सखी कार्यक्रम के तहत प्रदेश में अब तक 31,681 महिलाओं को विद्युत सखी के रूप में जोड़ा गया है। इनमें 16 हजार से अधिक महिलाएं ई-वॉलेट रिचार्ज कर सक्रिय रूप से बिजली बिल कलेक्शन का काम कर रही हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण देने के बाद बिजली बिल जमा कराने की व्यवस्था से जोड़ा जाता है। विद्युत सखियां विभाग के ई-वॉलेट के माध्यम से उपभोक्ताओं के बिल जमा करती हैं और भुगतान के बाद उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। विद्युत सखियों के नेटवर्क ने पिछले पांच वर्षों में बिजली विभाग के राजस्व संग्रह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवधि में उनके माध्यम से 1.53 करोड़ से अधिक बिजली बिल जमा कराए गए हैं। इन बिलों के जरिए करीब 3,500 करोड़ रुपये का राजस्व बिजली विभाग के खाते में पहुंचा। वहीं, बिल कलेक्शन के बदले मिलने वाले कमीशन से विद्युत सखियों की कुल आय 45.4 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए नियमित स्वरोजगार का अवसर तैयार हुआ है। विद्युत सखी कार्यक्रम की खासियत यह है कि महिलाओं को रोजगार के लिए शहरों की ओर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। वे अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में ही बिजली बिल जमा कराने का काम कर रही हैं। विद्युत सखी योजना से ग्रामीण उपभोक्ताओं को भी सुविधा मिली है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक अरुण कुमार के मुताबिक, विद्युत सखी कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और जनसुविधा को एक साथ जोड़ने का काम किया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा समावेशी शिक्षा का प्रशिक्षण

75 जिलों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान और शुरूआती हस्तक्षेप पर जोर

2.98 करोड़ रुपये जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शुरूआती स्तर पर बेहतर शैक्षिक सहयोग देने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के 75 जिलों में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्त्रियों और प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षकों को समावेशी शिक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए करीब 2.98 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समय से पहचान, शुरूआती हस्तक्षेप और उनके लिए अनुकूल एवं समावेशी शिक्षण वातावरण तैयार करना है। सरकार का मानना है कि बच्चों की जरूरतों की शुरूआती स्तर पर पहचान होने से उन्हें आगे की शिक्षा में बेहतर सहयोग दिया जा सकेगा। प्रशिक्षण की शुरूआत जिला स्तर से होगी। 3 से 30 अगस्त तक एआरपी को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके बाद यही मास्टर ट्रेनर्स ब्लॉक स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं और प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण 1 से 30 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और नोडल शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय विकसित करने पर भी जोर रहेगा। प्रशिक्षण के लिए जारी राशि में करीब 17.70 लाख रुपये मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण और 2.80 करोड़ रुपये आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के प्रशिक्षण के लिए निर्धारित किए गए हैं। प्रशिक्षण में गतिविधि आधारित और व्यावहारिक तरीकों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शीघ्र पहचान एवं हस्तक्षेप, समावेशी आंगनबाड़ी केंद्र और दिव्यांगता समावेशन जैसे विषय शामिल होंगे। इसके लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और यूनिसेफ के सहयोग से तैयार प्रशिक्षण सामग्री का उपयोग किया जाएगा। इससे आंगनबाड़ी कार्यकताओं और प्री-प्राइमरी शिक्षकों को बच्चों की अलग-अलग सीखने की जरूरतों को समझने और उनके अनुरूप सहयोग देने में मदद मिलेगी। समावेशी शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के बीच समन्वय मजबूत किया जाएगा। संयुक्त प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों की जरूरतों की पहचान और उन्हें शुरूआती शैक्षिक सहयोग देने की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, शत-प्रतिशत प्रतिभागिता और निर्धारित समय-सीमा में प्रशिक्षण पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा संदीप सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर बच्चे को उसकी जरूरत और क्षमता के अनुरूप सीखने का अवसर उपलब्ध कराना है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समय पर पहचान और शुरूआती सहयोग उनकी शिक्षा की मजबूत नींव तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है : अजय राय

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बुधवार को अपने बस्ती और अयोध्या के दौरे के तहत बस्ती पहुंचे जहां विगत दिनों जिला कांग्रेस कमेटी बस्ती के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय के सुपुत्र शिवांश पाण्डेय की सड़क दुर्घटना में हुए आकस्मिक निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद वह अयोध्या पहुंचे, जहां जिला कांग्रेस कमेटी अयोध्या द्वारा सीएल गेस्ट हाउस, घेवना चौराहा, हैदरगंज बाजार में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचने से पहले दशरथपुर चौराहा, बीकापुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश में लगातार हो रही ब्राहमण समुदाय के लोगों की निर्मम हत्याओं पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होने कहा कि आज प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से प्रदेश में बेहतर कानून की दुहाई देते नहीं थकते वहीं उन्हें रोजाना हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती नहीं दिख रही है। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अयोध्या पहुंचकर श्री हनुमान गढ़ी में हनुमान जी का दर्शन-पूजन किया और श्रीराम जन्मभूमि में भगवान श्री राम लला का दर्शन पूजन किया।

शिक्षकों की तैयारी को मिलेगी नयी गति

- योगी सरकार ने की संदर्शिका और शिक्षक डायरी के लिए 3.38 करोड़ की लिमिट जारी

लखनऊ। कक्षा में बेहतर पढ़ाई की पहली जरूरत है शिक्षक की बेहतर तैयारी। इसी सोच के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने शैक्षिक सत्र 2026-27 में शिक्षकों को जरूरी अकादमिक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए 3.81 करोड़ रुपये से अधिक की लिमिट जारी की है।

प्रदेश के सभी 75 जिलों में कक्षा 1 से 5 तक हिंदी एवं गणित के शिक्षकों के लिए संदर्शिका और शिक्षक डायरी उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि कक्षा 6 से 8 तक के परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के शिक्षकों के लिए एलईपी मद में अलग से 42.61 लाख रुपये की लिमिट जारी हुई है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि बेहतर कक्षा की शुरूआत बेहतर तैयारी से होती है। सरकार का प्रयास है कि शिक्षक को पाठ की तैयारी से लेकर प्रभावी शिक्षण तक हर स्तर पर जरूरी शैक्षिक सहयोग मिले। संदर्शिका और शिक्षक डायरी इसी शिक्षक-केंद्रित व्यवस्था को मजबूत करने की पहल हैं।

राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा की ओर से कक्षा 1 से 5 तक हिंदी एवं गणित विषय की संदर्शिका और शिक्षक डायरी के मुद्रण एवं आपूर्ति के लिए 75 जिलों को कुल 338.54 लाख रुपये की लिमिट जारी की गई है। इसमें संदर्शिका के मुद्रण के लिए 172.35 लाख रुपये, शिक्षक डायरी के लिए 152.91 लाख रुपये और मुद्रित सामग्री के परिवहन के लिए 13.27 लाख रुपये शामिल हैं। संदर्शिका शिक्षक को पाठ्यपुस्तक के साथ विषयवस्तु को बेहतर ढंग से समझाने, शिक्षण गतिविधियों की योजना बनाने और कक्षा की जरूरत के अनुसार पाठ को आगे बढ़ाने में सहयोग देगी। वहीं शिक्षक डायरी के माध्यम से शिक्षक अपनी कक्षा की कार्ययोजना और शिक्षण गतिविधियों की तैयारी को अधिक व्यवस्थित कर सकेंगे।

कक्षा 6 से 8 तक के परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के शिक्षकों के लिए एलईपी मद में 42.61 लाख रुपये की अलग लिमिट जारी की जाएगी। इसका उद्देश्य शिक्षक को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित रखने के बजाय पाठ की तैयारी, प्रस्तुतीकरण और कक्षा-कक्ष की गतिविधियों के लिए आवश्यक अकादमिक सहयोग उपलब्ध कराना है।

स्मार्ट क्लासरूम में पढ़ेंगे सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थी

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पांच विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

- राज्यमंत्री असीम अरुण ने किया उद्घाटन, फर्स्ट ओरिजन के सहयोग से 35 करोड़ की सीएसआर परियोजना

लखनऊ। प्रदेश के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने और उन्हें डिजिटल युग की आवश्यकताओं और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में समाज कल्याण विभाग ने 5 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम की शुरूआत की है। फर्स्ट ओरिजन नेक्स्टजेन एजुटेक प्रा. लि. के सहयोग से सीएसआर के माध्यम से शुरू इस पहल के प्रथम चरण में पांच विद्यालयों में एक-एक स्मार्ट क्लासरूम तैयार किया गया है।

इसी क्रम में उद्घाटन एवं संवाद कार्यक्रम बुधवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव समाज कल्याण अनुराग यादव, निदेशक समाज कल्याण संजीव सिंह, उपनिदेशक जे राम और फर्स्ट ओरिजन के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं स्मार्ट क्लासरूम : निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि प्रदेश में 103 सर्वोदय विद्यालय संचालित हैं। पायलट प्रॉजेक्ट के तहत निडोरी (गाजियाबाद), बदनौरा (बुलंदशहर), हस्तिनापुर (मेरठ), बरेली और पीलीभीत में स्मार्ट क्लासरूम शुरू हुए हैं। इनमें स्मार्ट बोर्ड, स्मार्ट पैनल, दो एयर कंडीशनर व वुडेन फ्लोरिंग की सुविधा है।

तकनीक से मिलेगा प्रतिभा को अवसर : राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि स्मार्ट क्लासरूम केवल पढ़ाई का तरीका बदलने की पहल नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देने का प्रयास है।

फर्स्ट ओरिजन के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज कुमार वर्मा ने बताया कि दूसरे चरण में शेष चयनित विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम एवं ऑनलाइन शिक्षा का विस्तार किया जाएगा।

भाजपा सिर्फ दमन और दोहन करना चाहती है : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के शब्दकोश में जवाबदेही शब्द ही नहीं है। भाजपा जन-तंत्र को धन-तंत्र मानकर सिर्फ दोहन और दमन में विश्वास करती है। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में एक सड़क बनने को लेकर जब सालों से कोई सुनवाई नहीं हुई तो स्कूली बच्चों ने जिलाधिकारी के कार्यालय पर प्रभावशाली प्रदर्शन करके दिखा दिया कि भाजपा का अहंकारी शासन-प्रशासन यदि जनता तक नहीं पहुंचेगा तो जनता उन तक पहुंच जाएगी।

उन्होंने कहा कि भाजपाई ऊपर-से-नीचे का जो एकतंत्र बनाना चाहते हैं, वो अब और नहीं चलेगा। जन-प्रतिनिधि हो या लोक सेवक, अब सबको ये समझना ही होगा कि लोकतंत्र नीचे-से-ऊपर की ओर जाता है। अब हमारा यही समाजवादी मूल्य सबको अपनाना ही होगा कि समाज के लिए सत्ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा सत्ता के लिए समाज का दुरुपयोग करती है जबकि समाजवादी सिद्धांत कहता है कि समाज के उत्थान और कल्याण के लिए सत्ता का सदुपयोग किया जाना ही शासन-प्रशासन के औचित्य को सिद्ध करता है। यदि जन-कल्याण नहीं तो सरकार नहीं। इसके साथ ही संसद परिसर में बुधवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जहां-जहां भाजपा सरकार है, वहां महा भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार में जितने भी काम हुए उसमें कमीशनखोरी और बजट की लूट हुई। जेवर एयरपोर्ट पर पानी भर गया। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर गड्ढ़े बन गये।

भाजपा सरकार में कमीशनखारी चरम पर : डिम्पल यादव

लखनऊ। सपा की मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने दस वर्षो में पूरे सिस्टम को भ्रष्ट बना दिया है। शिक्षा-परीक्षा, निर्माण कार्यों से लेकर हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे है। प्राइमरी स्कूल बंद हो रहे है। शिक्षा-स्वास्थ्य में निजीकरण तेजी से बढ़ रहा हैं। निर्माण कार्यों में बजट की लूट हो रही है। कमीशनखोरी चरम पर है। संसद परिसर में बुधवार को मीडिया से बात करते हुए डिम्पल यादव ने कहा कि अभी नये बने जेवर एयरपोर्ट पर पानी भर गया है। हाल ही में बने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर जगह-जगह गड्ढे बन गये हैं। उद्घाटन के बाद ही सड़क टूट गयी है। भाजपा सरकार में कोई भी काम मानक के अनुसार नहीं हो रहा है। हर काम में भारी भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार ने विश्वविद्यालयों और विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

संक्षेप

दो पर तोड़फोड़ व धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। तोडफोड़ व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के गोविंदपुर पूरे अनिरूद्ध गांव निवासी अजय दुबे पुत्र दीनानाथ दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस अगस्त को दिन में करीब साढ़े ग्यारह बजे वीरसिंहपुर जंगल गांव निवासी राजा तिवारी उर्फ विशाल पुत्र राकेश तिवारी अपने साथी पूरे बासी पूरे अनिरूद्ध निवासी विनय पाण्डेय पुत्र अम्बिका प्रसाद पाण्डेय के साथ दरवाजे पर पहुंचे। पीड़ित का आरोप है कि गाली देते हुए आरोपी घर में रखा सामानों मे तोडफोड़ करने लगे। शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

ससुरालीजनों पर विवाहिता की पिटाई का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी को लेकर विवाहिता ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे कदीम रांकी गांव की गुड़िया सिंह पत्नी दिलीप सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ अगस्त की शाम करीब साढ़े पांच बजे पति दिलीप सिंह, सास प्रेमा सिंह, ससुर माताफेर सिंह, जेठानी मंजू सिंह, संदीप सिंह उर्फ सोनू ने एकराय होकर उसे मारापीटा। कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पशुशाला में आगजनी का केस

प्रतापगढ़। पशुशाला के छप्पर में आगजनी की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा निवासी रमेश सिंह पुत्र इंद्रपाल सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस अगस्त को सुबह करीब छः बजे पशुशाला के छप्पर में आग लग गयी। पीड़ित का आरोप है कि घटना में उसकी भैंस आग से जलने के कारण जख्मी हो गयी। पीड़ित का यह भी आरोप है कि उसके भांजे सचिन ने पड़ोस की श्यामा देवी पत्नी अनिल कुमार को वहां से भागते देखा। पीडित ने आशंका जतायी है कि जमीन विवाद को लेकर श्यामा देवी द्वारा पशुशाला में आगजनी की घटना की गयी। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुरानी रंजिश में मां-बेटी की पिटाई, केस दर्ज

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर मां बेटी के साथ मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के मिश्रमऊ तेजगढ़ गांव की पूनम देवी पत्नी सौरभ सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह अगस्त को सुबह उसकी चार वर्षीया बेटी मानवी गांव में पड़ोस की दुकान पर टॉफी लेने गयी थी। पीड़िता का आरोप है कि उसके घर लौटते समय पुरानी रंजिश को लेकर गांव के दिनेश सरोज पुत्र भागीरथी ने मानवी को मारापीटा। बचाव में पहुंची पीड़िता को भी आरोपी ने मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा श्रावस्ती

श्रावस्ती। हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को इकौना तथा हरिहरपुर रानी मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। श्रावस्ती विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय के नेतृत्व में निकली यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे कार्यकताओं के ह्वभारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। तिरंगा यात्रा के दौरान विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। इसके सम्मान की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों ने अपना जीवन बलिदान किया। उनके त्याग और बलिदान को याद करते हुए हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से ह्वहर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की।

भाजपा नेता विधान सभा 289 से विधायक पद के प्रबल उम्मीदवार सुभाष सत्या के अध्यक्षता में हरिहर पुर रानी में भी हर घर तिरंगा की रैली निकाली गई सुभाष सत्या ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक रैली नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हम सभी को एक सूत्र में बांधता है। देश की प्रगति और मजबूती के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कार्यकताओं से अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से नई पीढ़ी को देश के गौरव, स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और राष्ट्रीय ध्वज के महत्व से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा हरिहरपुररानी मंडल क्षेत्र में विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। हाथों में लहराते तिरंगे, देशभक्ति के नारों और भारत माता के जयघोष से वातावरण पूरी तरह राष्ट्रभक्ति से सराबोर नजर आया।

यात्रा के माध्यम से लोगों को राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा तिरंगे की गरिमा और सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। आयोजकों ने लोगों से ह्वहर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने तथा स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराने की अपील की।

गौशाला का निरीक्षण कर डीएम ने दिये गोवंशों की बेहतर देखभाल के निर्देश

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बुधवार को विकासखंड सिरसिया की ग्राम पंचायत अग्गापुर स्थित गौशाला का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में गोवंशों की स्थिति और उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गौशाला में रह रहे सभी गोवंशों की अच्छी तरह देखभाल की जाए। पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, चन्नी, भूसा और पानी उपलब्ध रहे। साथ ही प्रकाश, जल निकासी और साफ-सफाई की व्यवस्था भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पता चला कि गौशाला में कुल 122 गोवंश संरक्षित हैं, जिनमें करीब 80 गोवंशों की ईयर टैगिंग नहीं हुई है। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जिले की सभी गौशालाओं में गोवंशों की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी गोवंशों का समय पर टीकाकरण कराया जाए और उसका रिकॉर्ड पंजिका में दर्ज करने के साथ पोर्टल पर भी अपडेट किया जाए। गौशाला की नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। किसी क्षेत्र में गोवंश के बीमार होने की सूचना मिले तो संबंधित पशु चिकित्साधिकारी तत्काल उसका इलाज करें। जिलाधिकारी ने पशुपालकों को भी जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को गोवंश पालने से होने वाले लाभ और सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता की जानकारी दी जाए, ताकि पशुपालक अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें और उनका उचित पालन-पोषण करें।

शहादत दिवस पर याद किए गए अमर शहीद बंधु सिंह

चौरीचौरा, गोरखपुर। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, पूर्वी उत्तर प्रदेश में क्रांतिकारियों के प्रेरणास्त्रोत अमर शहीद बाबू बंधू सिंह के 168वें शहादत दिवस के अवसर पर बुधवार को अजय कुमार सिंह ह्लटप्पू भैयाह्व ने विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

अजय कुमार सिंह ह्लटप्पू भैयाह्व ने10 बजे तरकुलहा मंदिर परिसर स्थित प्रतिमा, 10:30 बजे शहीद स्मारक चौरी-चौरा स्थित प्रतिमा तथा 11 बजे शहीद बंधू सिंह पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, करमहा स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। शहीद बंधू सिंह डिग्री कालेज पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रद्युम्न द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि प्रेम नारायण सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन पंडित राजकुमार व्यास ने किया।

अखंड भारत संकल्प दिवस पर देश की अखंडता का लिया संकल्प

प्रतापगढ़। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ अन्तर्गत पूरे नैन पण्डित का पुरवा टोडरपुर में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा अखण्ड भारत संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के जरिए देश की अखण्डता की मजबूती का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बजरंग दल के प्रान्त सुरक्षा प्रमुख नवीन ने कहा कि इतिहास अतीत का आईना होता है जो इतिहास से सीख नहीं ले पाता उसका मिटना तय है। कार्यक्रम का संयोजन प्रखण्ड संयोजक आदर्श ने किया। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष संजय, जिला मंत्री नागेन्द्र, जिला सह संयोजक सम्राट, रामपुर प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप, प्रखण्ड सह संयोजक दीपक सिंह, विपिन, प्रतीक, हरिओम आदि मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा से भरा लोगों में राष्ट्र प्रेम का जज्बा

प्रतापगढ़। देश की एकता अखण्डता की मजबूती को लेकर बुधवार को सगरा सुंदरपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। बतौर मुख्य अतिथि विश्वनाथगंज क्षेत्र के विधायक जीतलाल पटेल की अगुवाई में निकली तिरंगा यात्रा कोठार मंगोलेपुर से आरम्भ होकर बाजार क्षेत्र में भ्रमण करते हुए राष्ट्र की एकता का संदेश दिया। विधायक जीतलाल पटेल ने कहा कि तिरंगा यात्रा लोगों मे राष्ट्र प्रेम का जज्बा जगाने का काम करता है। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वन्दे मातरम् के जयघोष से इलाका गुंजायमान हो उठा। तिरंगा यात्रा का संयोजन मण्डल इकाई लक्ष्मणपुर अध्यक्ष प्रमोद सिंह एवं स्वागत भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष संजय शुक्ल ने किया। इस मौके पर जिपंस प्रतिनिधि गणेश सिंह काशी, विधायक प्रतिनिधि राबिन पटेल, भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन, मण्डन मिश्र, साहब शुक्ल, मुरलीधर उपाध्याय, श्यामशंकर पाण्डेय, अभय सिंह मुन्ना, जय भगवान पाण्डेय, राकेश पाल, सुरेन्द्र सरोज, वरूण सरोज, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

थाना सोनवा का अर्धवार्षिक निरीक्षण, सीओ ने कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग पर की समीक्षा

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह ने बुधवार को थाना सोनवा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, हवालात, मालखाना और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। क्षेत्राधिकारी ने थाने के रजिस्टरों, अभिलेखों और महत्वपूर्ण रिकॉर्ड की जांच की। उन्होंने सभी रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित प्रार्थना पत्रों और विवेचनाधीन मामलों की समीक्षा करते हुए उनका समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण करने को कहा। उन्होंने थाना क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, बीट व्यवस्था और गश्त की जानकारी ली। पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में लगातार प्रभावी गश्त करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। सीओ ने कहा कि थाने आने वाले शिकायतकताओं और आम लोगों के साथ पुलिसकर्मी विनम्र और संवेदनशील व्यवहार करें। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

श्रावण मास के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी ने प्रमुख शिवालयों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कांवड़ यात्रा, श्रद्धालुओं की भीड़ और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। धार्मिक स्थलों और प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त निगरानी रखने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, सरकारी संसाधनों के रखरखाव, महिला एवं बाल सुरक्षा और अपराध नियंत्रण से जुड़े बिंदुओं पर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी ने पुलिसकर्मियों से अनुशासन और टीम भावना के साथ पूरी निष्ठा से काम करने तथा पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष सोनवा सहित पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

आश्रम पद्धति विद्यालय में डीएम का औचक निरीक्षण

भोजन और पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय भयापुरवा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में पढ़ाई, शिक्षकों की उपस्थिति, साफ-सफाई, भोजन, किचन और छात्रावास की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना और विद्यालय में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और कठिन मेहनत के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं और अपने जिले व प्रदेश का नाम रोशन कर सकती हैं।

जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि छात्राओं को समय से गुणवत्तापूर्ण नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराया जाए। प्रधानाचार्य स्वयं प्रतिदिन बनने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भोजन की गुणवत्ता में कमी या छात्राओं को सरकारी सुविधाएं देने में लापरवाही की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम पद्धति विद्यालयों में गरीब छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा के साथ छात्रावास, भोजन, पाठ्य-पुस्तकें और यूनिफॉर्म जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। इसका उद्देश्य है कि आर्थिक परेशानी के कारण किसी बेटी की पढ़ाई न रुके।

डीएम ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालयों का सुचारु संचालन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बेहद जरूरी है। सरकार शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। अधिकारियों और विद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि इन योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं तक सही तरीके से पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरनाथ यति, प्रधानाचार्य डॉ. अवधेश कुमार, वार्डेन, शिक्षक और छात्राएं मौजूद रहीं।

डीएम ने सीएचसी मिठवल व तिलौली का किया औचक निरीक्षण, दो कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को बांसी तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल एवं तिलौली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सबसे पहले उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। कुल 32 कर्मचारियों के सापेक्ष दो कर्मचारी विक्रम सिंह एवं मनीष पाण्डेय अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने दोनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने आकस्मिक कक्ष, एक्स-रे कक्ष, महिला वार्ड, औषधि वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष एवं लैब का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को भी परखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एमओआईसी को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक निर्धारित समय पर अस्पताल में उपस्थित रहें और आने वाले मरीजों का समुचित उपचार करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी मरीज को बाहर से दवा लिखने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। अस्पताल में उपलब्ध दवाओं का नियमानुसार वितरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को भी देखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार कराने तथा अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बाराबंकी-बहराइच फोरलेन को गोरखपुर तक विस्तार दिया जाये

पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने नितिन गडकरी से की मुलाकात

श्रावस्ती। बाराबंकी-बहराइच प्रस्तावित फोरलेन हाईवे को श्रावस्ती, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर होते हुए गोरखपुर तक विस्तारित करने की मांग तेज हो गई है। इसको लेकर पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने बुधवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को पत्र सौंपकर प्रस्तावित सड़क मार्ग के विस्तार की आवश्यकता और इसके व्यापक क्षेत्रीय महत्व से अवगत कराया।

पूर्व सांसद ने कहा कि बाराबंकी-बहराइच फोरलेन को यदि श्रावस्ती, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर होते हुए गोरखपुर से जोड़ दिया जाए तो पूर्वांचल के कई जिलों को बेहतर और सीधा सड़क संपर्क मिल सकेगा। इससे न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि क्षेत्र में व्यापार, कृषि, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने पत्र में श्रावस्ती और बलरामपुर के धार्मिक एवं पर्यटन महत्व का विशेष उल्लेख किया। श्रावस्ती भगवान बुद्ध की तपोस्थली होने के कारण देश-विदेश से आने वाले बौद्ध अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। वहीं बलरामपुर स्थित प्रसिद्ध देवीपाटन मंदिर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इन दोनों महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को बेहतर फोरलेन सड़क नेटवर्क से जोड़ने से धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है। दद्दन मिश्र ने कहा कि प्रस्तावित मार्ग का विस्तार होने से श्रावस्ती, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर के साथ गोरखपुर तक आवागमन सुगम होगा। इससे क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से स्थानीय स्तर पर निवेश और रोजगार की संभावनाएं बढ़ने की उम्मीद है। पूर्व सांसद ने केंद्रीय मंत्री से जनहित और क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मांग को सकारात्मक रूप से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित करने का आश्वासन दिया।

स्थानीय स्तर पर इस प्रस्ताव को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो श्रावस्ती और बलरामपुर समेत आसपास के जिलों को मजबूत सड़क नेटवर्क मिलने के साथ धार्मिक पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बड़ा लाभ मिल सकता है।

महिला से गैंगरेप में दो भाइयों को 20-20 साल की सजा

कानपुर। स्थानीय अदालत ने 2021 में इटावा में एक शादीशुदा महिला को करीब तीन माह तक बंधक बनाकर उससे सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में दो भाइयों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इस अपराध में अपने बेटों की मदद करने की आरोपी महिला को भी अदालत ने दोषी ठहराते हुए चार साल के कारावास की सजा सुनाई। अपर मुख्य शासकीय अधिवक्ता जितेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि यशोदा नगर निवासी महिला 13 मार्च 2021 को अपने दो वर्षीय बेटे के साथ राशन कार्ड के लिए आवेदन करने गोविंद नगर स्थित आपूर्ति कार्यालय गई थी तभी इटावा निवासी अनवार और उसके भाई छोटू ने कथित तौर पर उसका अपहरण कर लिया। दोनों आरोपी महिला को इटावा ले गए और करीब तीन माह तक उसे बंधक बनाकर रखा। इस दौरान दोनों भाइयों ने उससे कई बार सामूहिक दुष्कर्म किया।

तिलक इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता संपन्न, 43 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

बांसी, सिद्धार्थनगर। तिलक इंटर कॉलेज, बांसी में बुधवार को जनपद स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के आठ माध्यमिक विद्यालयों के 43 छात्र-छात्राओं ने अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में प्रतिभाग कर अपनी बौद्धिक क्षमता, एकाग्रता और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार मिश्र एवं प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष बृजेश कुमार द्विवेदी ने शतरंज की प्रतीकात्मक बाजी खेलकर किया। डॉ. मिश्र ने कहा कि शतरंज विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, निर्णय क्षमता, धैर्य और एकाग्रता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में दौलत बाबू गुप्ता, विनय कुमार शाह, रत्नेश सिंह, चंद्रभान, रविंद्र कुमार एवं श्वेता शामिल रहे। विभिन्न वर्गों में अंडर-19 बालक वर्ग में रवि, अंडर-17 में आदित्य पांडेय तथा अंडर-14 में बृजेश मौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में अंडर-19 की अमृता अग्रहरि, अंडर-17 की रिमझिम और अंडर-14 की राजकुमारी विजेता रहीं। आयोजन को सफल बनाने में खेल शिक्षक स्पर्श वर्मा सहित विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन अवसर पर बृजेश कुमार द्विवेदी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।

हाथों में तिरंगा, दिलों में देशभक्ति का जज्बा, भारत माता के जयकारों से गूंजा बांसी

बांसी, सिद्धार्थनगर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बांसी तहसील एवं थाना क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

हाथों में तिरंगा लिए भारी संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए। ह्वभारत माता की जय के गगनभेदी नारों से पूरा बांसी क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों ने देश की एकता एवं अखंडता का संदेश देते हुए वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। यात्रा में युवाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा एवं समर्पण का प्रदर्शन किया। वहीं, यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए बांसी कोतवाल मृत्युंजय पाठक मय पुलिस फोर्स के मुस्तैद रहे। कोतवाल ने पुलिसकर्मियों के साथ पैदल मार्च करते हुए पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और तिरंगा यात्रा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। तिरंगा यात्रा के दौरान क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बना रहा। लहराते तिरंगे और गूंजते राष्ट्रभक्ति के नारों ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को और भी खास बना दिया। यात्रा ने राष्ट्रप्रेम, एकता और शहीदों के सम्मान का प्रभावी संदेश दिया।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत रतन सेन डिग्री कॉलेज में निकली तिरंगा रैली

बांसी, सिद्धार्थनगर। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत बुधवार को रतन सेन डिग्री कॉलेज, बांसी में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानन्द एवं रानी लक्ष्मीबाई इकाई के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को तिरंगे के महत्व, देशभक्ति, समर्पण एवं बलिदान के प्रति जागरूक किया गया। स्वामी विवेकानन्द इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुभीर सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है तथा इसके सम्मान की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। रानी लक्ष्मीबाई इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुष्मिता श्रीवास्तव ने भी तिरंगे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रध्वज का सम्मान करना देश के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस दौरान पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सपना त्रिपाठी, डॉ. कंचनयति, कल्पना, नाजमीन, ज्योति सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। रैली के दौरान विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना का उत्साहपूर्ण संचार देखने को मिला।

दुष्कर्म का फरार आरोपी दारोगा वाराणसी से गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले में एक महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में एक दारोगा को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने बुधवार को बताया कि गौतमबुद्ध नगर की रहने वाली एक महिला ने मान्धाता थाने में तैनात रहे दारोगा अर्जुन सिंह के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में गत 27 जून को मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद फरार हुए दारोगा को निलंबित कर दिया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दारोगा की तलाश में जुटी पुलिस ने उसे वाराणसी के कैंट क्षेत्र स्थित उसके एक रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया।

संक्षेप

युवक ने खाया जहर, उपचार के दौरान मौत

असोहा (वीओएल)। थाना क्षेत्र के कांथा गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक 37 वर्षीय युवक ने जहर खाकर जान दे दी। मंगलवार रात करीब 9 बजे कांथा निवासी राम जियावन के बेटे रामबाबू ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन तुरंत उसे सीएचसी असोहा ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी फूलमती ने बताया कि कुछ दिन पहले ससुर राम जियावन ने 10 लाख की जमीन बेची थी। रामबाबू उसमें अपना हिस्सा मांग रहे थे, लेकिन रुपये नहीं मिल रहे थे। इसी तनाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। रामबाबू की मौत से पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा बेहाल हैं। असोहा एसओ फूल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद में आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक ने लगायी फांसी

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव हिंदूपुर में एक युवक प्रेम शंकर ने मंगलवार देर शाम अज्ञात कारणों से घर में फाँसी के फन्दे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव गाँव पहुँचते ही शोक का माहौल बन गया। ग्रामीणों में चर्चा रही कि पति पत्नी के बीच विवाद के कारण प्रेमशंकर तनाव में रहता था। वह मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता था। शव का अन्तिम संस्कार पड़ोस के गंगा घाट पर कर दिया गया।

भव्य तिरंगा यात्रा निकाल देश भक्ति का संदेश दिया

फतेहपुर चैरासी। आजादी का अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जवाहर नवोदय विद्यालय कालीमिट्टी, उन्नाव द्वारा ह्यहर घर तिरंगाह्ल अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालय के बालक एवं बालिका कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली का नेतृत्व विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रतिमा पुरी, उप प्राचार्य श्री रोहित सिंह राठौर एवं अधिकारी अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने किया। विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी रैली में उपस्थित रहे। रैली के दौरान कैडेट्स एवं विद्यालय परिवार द्वारा देशभक्ति के नारों के माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रतिमा पुरी ने कहा कि ह्यहर घर तिरंगाह्ल अभियान केवल तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक में राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। रैली के माध्यम से छब्ब कैडेट्स ने अनुशासन, एकता और देशभक्ति का संदेश देते हुए आमजन को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। इसके एक दिन पहले नगर पंचायत में भी विधायक श्री कान्त कटियार के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। जिसमें चेयरमैन मिथिलेश जायसवाल, पूर्व सभासद धीरज सहित क्षेत्र व नगर के लोग शामिल हुए।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री देविका का जन्म दिनांक 01/03/2022 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करवा सकी। देविका मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना जनहित में आवश्यक है जिसे निर्गत किया जाए। किसी को आपत्ति को दर्ज करवा सकता है। नीतू पत्नी कमल सिंह निवासी ग्राम हसनपुर भेदपुर विकासखंड हसवा तहसील व जिला फतेहपुर। मो. नं. 9621 19 26 19

तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारों से गूंजा कस्बा

चरगांवा, गोरखपुर। आजादी के अमृत पर्व के अवसर पर बुधवार को भटहट कस्बे में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा अंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर गोलंबर एवं मुख्य कस्बे से होते हुए पशु अस्पताल परिसर स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्तंभ तक पहुंची। यहां स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया।

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं, सामाजिक कार्यकताओं तथा कस्बे के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे लोगों के बीच देशभक्ति का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंजता रहा। यात्रा के दौरान लोगों में देशप्रेम, राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

यात्रा के समापन के बाद ब्लॉक मुख्यालय परिसर में सभा का आयोजन किया गया। सभा को पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह तथा दर्जा प्राप्त मंत्री राधेश्याम सिंह ने संबोधित किया। विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने युवा पीढ़ी से देशभक्ति की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। दर्जा प्राप्त मंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा कि आजादी हमें आसानी से प्राप्त नहीं हुई, बल्कि हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने इसके लिए अपने प्राणों की आहुति दी। हमें उनके सपनों का भारत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रेखा सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि राघवेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, कपिल पति त्रिपाठी, संजय सिंह, नरेंद्र सिंह, बिजेंद्र जायसवाल, नित्यानंद पांडेय, अनिल पांडेय, अभिषेक पांडेय, अब्दुस्सलाम, अभिमन्यु यादव, संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा में शान से लहराया तिरंगा

मझगांवा, गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी गगहा मण्डल के तत्वावधान में बुधवार को बांसगांव विधान सभा क्षेत्र के हाटा बाजार में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें बांसगांव विधायक डा विमलेश पासवान के नेतृत्व में भारी संख्या क्षेत्रीय युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर शान से तिरंगा लहराते हुए भारत माता के जयकारे को बुलंद किया। गगहा क्षेत्र के हाटा बाजार में बुधवार को करीब साढ़े दस बजे बांसगांव विधायक डाक्टर विमलेश पासवान के अगुवाई में भारत ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल से हर घर तिरंगा अभियान के तहत सैकड़ों लोगों के साथ रैली निकाली। रैली में भारत माता जय की गगन भेदी नारो से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। रैली में लोगों का उत्साह देखते बन रही थी। विधायक डाक्टर विमलेश पासवान ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। रैली भारत ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल से हाटा बाजार चौराहे से होते हुए भारत ज्ञान ज्योति पब्लिक पर पहुंचकर संपन्न हुई।कार्यक्रम में गगहा मण्डल अध्यक्ष अजीत वर्मा व प्रबंधक शिवाक चन्द ने आये सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम के दौरान गगहा पुलिस फोर्स मौजूद रहीं।इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य संतोष चन्द, संतोष चन्द कौशिश, अन्नू पाण्डेय, मण्डल महामंत्री शशिभूषण राय, सेक्टर संयोजक मजूरी शैलेन्द्र दूबे, संनोज चौधरी, सुरेन्द्र सिंह, शिवाक चन्द, राजू गुप्ता, सुरेन्द्र पासवान, सुभाष सोनकर, निरंकार साहनी, कौशल दूबे, जदुनाथ यादव, सुजीत निगम, संदीप निगम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कलाकार अधिकारी जी दिनेश सिंह को प्रशांत फाउंडेशन ने किया सम्मानित

इटावा। प्रशांत फाउंडेशन की ओर से नजरबद्ध प्रोडक्शन के चर्चित कलाकार एवं अधिकारी जी घर पर है से लोकप्रिय दिनेश सिंह को पर्यावरण गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया तथा पौधों के साथ श्रीमद्भगवद्गीता भी की भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश फाउंडेशन के संस्थापक रुद्राक्षमैन डॉ. रिपुदमन सिंह ने दिनेश सिंह को सम्मान प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। इस विशेष अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का संदेश देते हुए उन्हें सन ऑफ इंडिया और स्नो वाईट प्रजाति के पौधे भेंट किए गए। इसके साथ ही भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक ज्ञान एवं जीवन मूल्यों के प्रतीक स्वरूप उन्हें श्रीमद्भगवद्गीता भी ससम्मान भेंट की गई। इस अवसर पर रुद्राक्ष मैन डॉ. रिपुदमन सिंह ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पेड़-पौधे केवल धरती की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ उसकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा, एक पौधा भेंट करना केवल एक उपहार देना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और हरित भविष्य देने का संकल्प है। वहीं श्रीमद्भगवद्गीता हमें अपने कर्तव्यों और समाज के प्रति जिम्मेदारी का मार्ग दिखाती है। दिनेश सिंह ने फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए संस्था के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर अंकुर शर्मा एवं स्वेक्षा चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे और पर्यावरण संरक्षण की इस पहल में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। फाउंडेशन इटावा द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विगत कई वर्षों से वृहद स्तर पर विभिन्न पर्यावरणीय अभियान चलाए जा रहे हैं।

मंगलकामनाओं के साथ 58 श्रद्धालुओं को राम लला के दर्शन के लिए रवाना किया

पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के सिकंदरपुर कर्ण विकास खण्ड की ग्राम पंचायत टिकरी गनेश एहत माली के श्रद्धालुओं के लिये राष्ट्रसेवक राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा संचालित श्री रामलला श्रवण कुमार निशुल्क तीर्थ यात्रा अनवरत जारी है। क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की भारी आस्था के तहत लगातार एक और पावन यात्रा दल 58 श्रद्धालुओं की मंगलकामनाओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह तीर्थ यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, सेवा और सामाजिक समर्पण का जनआंदोलन है, जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के पावन धाम के दर्शन कराने का सतत प्रयास अनवरत किया जा रहा है इस पुण्य अवसर पर मानवेन्द्र सिंह जी ने उपस्थित होकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया और सेवा एवं संस्कार की इस महान पहल के सहभागी बनकर पुण्य लाभ के भागी बने इस अवसर क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ यात्रा देखने पहुंची जय श्री राम के नारे के उद्घोष से समूचा वातावरण गुंजायमान हो गया राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह ने सभी श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र माला पहनाकर पैर छूकर आशीर्वाद लिया व सम्मान किया इस अवसर पर मुख्य रूप से मानवेन्द्र सिंह, शिवम, राजेंद्र, रामआसरे, प्रभात, लक्ष्मण, आर के सिंह मामाजी, आरती, मिथलेश कुमारी, सन्नो राघवेंद्र, आशू, प्रखर, रामजी यादव, अमन सिंह, दीपक राजावत, पंकज सिंह बाबाजी सहित भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे वही क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के जनहित कारी कार्यों की भूरि भूरि प्रशंशा करते हुवे ढेर सारा आशीर्वाद दिया।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी के साथ अभद्रता व मारपीट

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। विकास खंड पुरवा अंतर्गत ग्राम ऊंचगाव किला मे कार्यरत सफाई कर्मचारी धर्मेंद्र कुमार पुत्र रामचरन निवासी भूखनखेडा थाना पुरवा जिला उन्नाव का निवासी है। ग्राम, पंचायत ऊचगाव किला मे दिनांक 11 अगस्त को पूर्व की भांति धर्मेंद्र कुमार अपने कर्तव्य का पालन करने हेतु पहुंचा लगभग 12.30 बजे ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार पटेल के द्वारा धर्मेंद्र कुमार को फोन से मृतक गाय उठाने के लिए बुलाया गया फिर सफाई कर्मचारी से ग्राम प्रधान के घर से रस्सी लाने के लिए भेजा गया। ग्राम प्रधान के द्वारा रस्सी दिये जाने पर वहां पहुचा वहा पहुंचते ही ग्राम विकास अधिकारी द्वारा धर्मेंद्र कुमार को अभद्रता पूर्वक बात करते हुए गन्दी, गन्दी गलियां देने लगे जब धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा मृतक गाय के पैरो में रस्सी बांधी गई और साथ में ?तीन और लोगों के साथ गाय को खीच रहा था। रस्सी टुट जाने पर अनिल कुमार पटेल के द्वारा गन्दी, गन्दी गालियां देते हुए पीछे से लातो से मारने लगे और जान से मारने की धमकी दी गई। और फिर से रस्सी लगाकर गाय को वहां से हटाया गया वहीं ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले समस्त सफाई कर्मचारी गण खण्ड विकास अधिकारी पुरवा की गैर मौजूदगी में एडीओ पंचायत को ज्ञापन देकर ग्राम विकास अधिकारी पर उचित कार्रवाई करने की माग की गई है।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के प्रोग्राम डायरेक्टर इंडिया चंद्रशेखर जोशी व जिला समन्वयक अश्वनी मिश्रा द्वारा जनपद उन्नाव के ब्लॉक पुरवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ प्रमोद कुमार, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अनुराग वर्मा और लैब टेक्नीशियन अंबरीश से मुलाकात करके टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की और आयुष्मान आरोग्य मंदिर तुसरौर, बनीगांव और पिंजरा का दौरा करके सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और टीबी चैपियन से मुलाकात की और टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और टीबी जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करके टीबी बीमारी को खत्म करने के लिए जनभागिता पर जोर दिया इसके साथ टीम ने ग्राम पंचायत छूलामऊ, मोहिउद्दीनपुर और मुरैता नवीन का दौरा किया और टीबी जागरूकता कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया व पंचायती राज पदाधिकारी व सदस्यों के साथ बैठक कर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के इंडिकेटरों को पूरा करने और अधिक से अधिक टीबी के संभावित मरीजों की जांच करने पर जोर दिया साथ ही टीबी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार करने पर भी चर्चा की मोहद्दीनपुर के ग्राम प्रधान जमुना प्रसाद द्वारा टीबी मरीजों को पोषण पोटली भी वितरण किया गया उपरोक्त कार्यक्रमों में वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार सक्सेना व संबंधित क्षेत्र की आशा बहू सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ग्राम प्रधान पंचायत सहायक आदि उपस्थित रहे।

एलपीएम पब्लिक स्कूल में हर घर तिरंगा समारोह

गोला, गोरखपुर। आजादी के अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस के क्रम में एलपीएम पब्लिक स्कूल में ह्यहर घर तिरंगाह्ल जागरूकता समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत करने, राष्ट्रीय ध्वज के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने तथा प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना रहा। समारोह का शुभारंभ प्रातःकालीन सभा में राष्ट्रीय ध्वज को नमन करने के साथ हुआ। विद्यालय परिसर को तिरंगे के रंगों से सजाया गया। हाथों में छोटे-बड़े तिरंगे लेकर कतारबद्ध छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति का संदेश दिया। इस दौरान ह्यभारत माता की जयह्ल और ह्यवंदे मातरम्ह्ल के नारों से पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एकता वर्मा तथा प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराने के नियमों एवं ध्वज-संहिता की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने-अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने का आह्वान किया। प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, अखंडता और अनगिनत बलिदानों का प्रतीक है। ह्यहर घर तिरंगाह्ल अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय के हृदय में देशभक्ति की भावना को पुनर्जीवित करने का पवित्र संकल्प है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। जब बच्चे तिरंगे को हाथ में लेकर उसके सम्मान की शपथ लेते हैं, तो यह विश्वास और दृढ़ होता है कि भारत का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल हाथों में है। विद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ उच्च नैतिक एवं राष्ट्रीय संस्कार भी दिए जाएं, जिससे वे आगे चलकर देश के जिम्मेदार और स्वाभिमानी नागरिक बन सकें। समारोह के समापन पर सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में तिरंगे के सम्मान तथा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

शहीद बंधू सिंह का शहादत दिवस मना

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र स्थित अमर शहीद बाबू बन्धू सिंह आईटीआई कालेज सोनबरसा बुजुर्ग में अमर शहीद बाबू बन्धू सिंह का शहादत दिवस बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर शहीद बाबू बन्धू सिंह आईटीआई कालेज के प्रवन्धक व वरिष्ठ समाजसेवी मनीष सिंह रहे। विद्यालय पर अमर शहीद बाबू बन्धू सिंह का शहादत दिवस बुधवार को बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीद बाबू बन्धू सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रवन्धक मनीष सिंह ने अमर शहीद बाबू बन्धू सिंह के रीतियों नीतियों पर वृहद रूप से प्रकाश डालें।

लोटन में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

सिद्धार्थनगर। हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को भाजपा लोटन मंडल की ओर से कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू हुई यात्रा पुलिस बूथ होते हुए लोटन-सिकरी मार्ग स्थित पेट्रोल पंप तक पहुंची। हाथों में तिरंगा लिए कार्यकताओं के ह्यभारत माता की जय और ह्यवंदे मातरम्ह्ल के नारों से पूरा कस्बा देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। मंडल अध्यक्ष डा. संजय कुमार शुक्ल की अध्यक्षता और सदर विधायक श्यामधनी राही के मुख्य आतिथ्य में आयोजित यात्रा में मंडल प्रभारी बजरंगी वर्मा एवं भाजपा नेता सत्यप्रकाश राही के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने सहभागिता की। विधायक ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है तथा हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को मजबूत करता है। यात्रा का लोटन कस्बे में दिवाकर नाथ पाण्डेय उर्फ पपलू पाण्डेय की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

20 लाख मांगने व बहन को धमकी देने का आरोप

युवती फंदे पर झूली

सैफई, इटावा। नगला केशोपुर बैनी में भाभी की आत्महत्या के मुकदमे में समझौते के लिए 20 लाख रुपये मांगने और बहन को जान से मारने व घर से उठा ले जाने की धमकियां मिलने से परेशान होकर 19 वर्षीय युवती मंगलवार शाम कमरे में फंदे पर झूल गई। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि लंबे समय से मिल रही धमकियों से बहन तनाव में थी। उसने सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें धमकी और परिवार की परेशानी का जिक्र किया गया है। मंगलवार शाम करीब चार बजे दिव्या घर में अकेली थी। उसके माता-पिता इटावा न्यायालय में तारीख पर गए थे, जबकि छोटा भाई बाहर नौकरी करता है। इसी दौरान उसने कमरे में पंखे से दुपट्टे का फंदा लगा लिया। शाम को माता-पिता लौटे तो बेटी को फंदे पर झूलता देखा। सूचना पर हवाई पट्टी चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक स्वदेश कुमार और प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र राठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की और सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर जांच में शामिल किया। मृतका के छोटे भाई

विवेक ने बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पर आरोप लगाया कि उसकी भाभी अंजली की मौत के बाद मायके पक्ष की ओर से परिवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप है कि मुकदमे में समझौते के लिए 20 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। बहन दिव्या को भी आए दिन धमकियां दी जाती थीं और घर से उठा ले जाने की बात कही जाती थी। भाई के अनुसार इसी वजह से वह परेशान थी और तनाव में उसने आत्मघाती कदम उठाया। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। नवंबर 2025 में दिव्या की भाभी अंजली पत्नी उपेंद्र कुमार ने घर में फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली थी। 19 नवंबर को अंजली के मायके पक्ष की ओर से सैफई थाने में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें पति उपेंद्र कुमार, ससुर वीरपाल सिंह, सास मिथिलेश कुमारी, देवर विवेक, ननद दिव्या समेत सात लोगों को आरोपित बनाया गया था। मामले की जांच सीओ सैफई ने की थी। मुकदमे में उपेंद्र कुमार, वीरपाल सिंह और मिथिलेश कुमारी जेल गए थे। वीरपाल सिंह और मिथिलेश कुमारी बाद में बाहर आ गए, जबकि उपेंद्र कुमार अभी जेल में है। स्वजन के अनुसार मुकदमे के बाद से दिव्या तनाव में चल रही थी। बुधवार को पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कराई गई। पुलिस सुसाइड नोट समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

मदरसा अरबिया कुरानिया से तिरंगा यात्रा निकली

इटावा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत मदरसा अरबिया कुरानिया, कटरा शाहब खाँ, इटावा के विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत होकर तिरंगा यात्रा एवं आजादी मार्च निकाला। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी निधि सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर मदरसे के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने अनुशासन के साथ यात्रा में भाग लिया तथा राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और देश की तरक्की के प्रति अपने संकल्प को व्यक्त किया। मौलाना तारिक शम्सी ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता, एकता, बलिदान और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। आजादी के उत्सव को उसके वास्तविक भाव के साथ मनाना और स्वतंत्रता सेनानियों की सेवाओं एवं बलिदानों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मौलाना मुहम्मद साद कासमी, मौलाना याह्या कासमी, मौलाना वजीहुद्दीन कासमी, मुफ्ती अदनान साकिबी, मौलाना नसीम कासमी, मौलाना अब्दुर्रहीम कासमी, मुफ्ती इनाम अहमद, मुफ्ती मेराज अहमद, मौलाना मुहम्मद आजम, मास्टर अरशदुल्लाह, मास्टर मुहम्मद आरिफ, मास्टर मुहम्मद सुहैल, मास्टर आसिफ अली, मास्टर मुहम्मद आसिफ, कारी मसीहुल्लाह इरफानी, कारी आमिर सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की व्यवस्थित भागीदारी ने कार्यक्रम को गरिमापूर्ण बना दिया।

कार स्कूटी भिड़ंत में युवक की मौत, साथी घायल

इटावा। फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र में इटावा-कानपुर हाईवे पर बुधवार दोपहर तेज रफ्तार बेकाबू वैगनआर कार ने आगे चल रही स्कूटी और बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार किसान की मौत हो गई, जबकि स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद कार हाईवे के डिवाइडर से जा टकराई। हादसा सिया देवी हास्पिटल के सामने आइटीआइ चैराहे के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वैगनआर कार आगरा की ओर से तेज गति से आ रही थी। इसी दौरान सर्वेश रोड से हाईवे पर चढ़ रहे स्कूटी और बाइक सवारों को कार ने चपेट में ले लिया। हादसे में भरथना थाना क्षेत्र के झिंदुआ निवासी मनीष पुत्र दलवीर सिंह यादव 35 गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के पायलट राहुल यादव और ईएमटी विशाल कुमार ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया। पाल कालोनी आइटीआइ निवासी ऋतिक कुमार (27) की हालत गंभीर होने पर उन्हें आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार मनीष खेतीबाड़ी करते थे। धान की फसल में कीड़ा लगने पर वह बुधवार को दवा लेने जसवंतनगर गए थे। वहां से लौटते समय हादसा हो गया। वह दो भाइयों में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी रंजना यादव और करीब साढ़े तीन वर्ष की बेटी है। छोटा भाई अवनीश बिजली विभाग में संविदा पर मैनपुरी के करहल में कार्यरत है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

ट्रेन की चपेट में आये अधेड़ की मौत

जसवंतनगर, इटावा। दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर गेट के पास बुधवार को रेलवे लाइन पार कर खेत की ओर जा रहे 55 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शव दो हिस्सों में बंटकर अप और डाउन रेलवे ट्रैक पर जा गिरा। घटना के कारण कुछ समय के लिए रेल यातायात भी प्रभावित रहा। गांव नगला भारे निवासी 55 वर्षीय अर्जुन सिंह पुत्र श्रीपाल बुधवार को अपने खेतों की ओर जा रहे थे। बताया गया कि वह रेलवे लाइन पार कर रहे थे। इसी दौरान खंभा के पास डाउन लाइन पर संभलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र—1

टेण्डर नोटिस सं. 84-EnHM-CAMC-HAHW-03-IQN, समाप्ति दिनांक 27.08.2026

क्र.सं.	विवरण	वर्तमान	इसे पढ़ा जाए
1.	टेण्डर टाइटल	कम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेण्टेनेंस काण्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इन्सटाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स विथ ओईएम/देयर आथराइज्ड डीलर ऑन सिंगल टेण्डर बेसिस।	कम्प्रिहेंसिव एनुअल मेण्टेनेंस कॉण्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इंस्टाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स।
2.	टेण्डर डिस्क्रिप्शन	कम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेण्टेनेंस काण्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इन्सटाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स विथ ओईएम/देयर आथराइज्ड डीलर ऑन सिंगल टेण्डर बेसिस।	कम्प्रिहेंसिव एनुअल मेण्टेनेंस कॉण्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इंस्टाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स।

2792/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

तमंचे के बल पर अवैध वसूली का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला बस यूनियन के उपाध्यक्ष चीनू तिवारी ने एक युवक पर असलहे के बल पर यूनियन कार्यालय में पहुंचकर कथित रूप से अवैध वसूली करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई शिकायत में चीनू तिवारी ने बताया कि वह मोहम्मदी रोड स्थित तिवारी मार्केट के निवासी हैं और गोला बस यूनियन में उपाध्यक्ष के पद पर हैं। उनका आरोप है कि हैदराबाद थाना क्षेत्र के बघमरा गांव का रहने वाला युवक कथित रूप से तमंचा लेकर बस यूनियन कार्यालय पहुंचता है और दबाव बनाकर पैसे की मांग करता है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, जब यूनियन से जुड़े लोगों ने कथित वसूली का विरोध किया तो आरोपी ने कथित तौर पर असलहे का भय दिखाते हुए धमकी दी। चीनू तिवारी ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित युवक पूर्व में बस स्टाफ के साथ अभद्रता कर चुका है और इस संबंध में पहले भी शिकायत की जा चुकी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में कोई गंभीर घटना हो सकती है।

किसानों से विवरण जांचने की अपील

सीतापुर। आगामी पेराई सत्र की तैयारियों के तहत बुधवार को उप गन्ना आयुक्त लखनऊ आर.डी. द्विवेदी और जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी ने हरगांव चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर पहुंचकर 63 कॉलम सट्टा सर्वे प्रदर्शन का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने किसानों के अभिलेखों का सत्यापन कराया और कर्मचारियों को सर्वे कार्य में पारदर्शिता एवं शुद्धता बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण तक 45 किसान अपने सट्टा सर्वे में दर्ज रकबे, मोबाइल नंबर समेत अन्य विवरण का सत्यापन कर चुके थे। उप गन्ना आयुक्त ने किसानों से अपील की कि वे अपने सट्टा सर्वे का अवलोकन कर रकबा, मोबाइल नंबर, बैंक खाता संख्या, आधार नंबर, नए सदस्य का विवरण और बेसिक कोटा का मिलान अवश्य करें। त्रुटि मिलने पर समय रहते संशोधन कराने को कहा। उन्होंने बताया कि सट्टा सर्वे प्रदर्शन 20 जुलाई से 30 अगस्त तक चलेगा। किसानों से गन्ने की आपूर्ति चीनी मिल में ही करने तथा बेसिक कोटा बढ़ाने की आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई। इस दौरान समिति सचिव आनंद प्रकाश दुबे, दिलीप सिंह सहित चीनी मिल के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

निकली कांवड़ यात्रा

सीतापुर। श्रावण माह की भक्ति में बुधवार को हरगांव क्षेत्र का ग्राम कल्लापुर शिवमय हो उठा। गांव से पांचवीं विशाल कांवड़ यात्रा धूमधाम और भक्तिभाव के साथ छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुई। सैकड़ों शिवभक्त कांवड़ लेकर यात्रा में शामिल हुए। सोमवार को छोटी काशी पहुंचकर कांवड़िये भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा शुरू होते ही पूरा क्षेत्र ह्यहर-हर महादेव और ह्यबम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। डीजे पर गूंज रहे शिव भजनों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा में शामिल भव्य झांकी श्रद्धालुओं के साथ ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। झांकी की एक झलक पाने के लिए रास्ते भर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। कांवड़ियों की सेवा में ग्रामीणों ने भी पूरी श्रद्धा दिखाई।

खाई में पलटी बस, एक की मौत, 30 कांवड़िये घायल

जिला संवाददाता(vol)

पसगवां खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया हादसे में कांवड़ियों से भरी निजी बस अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई जिसमें सवार लगभग 73 श्रद्धालुओं में से करीब तीस यात्री घायल व एक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। श्रद्धालुओं के अनुसार बिहार के पश्चित चंपावत जिले के ग्राम बिटिया के रहने वाले करीब 73 श्रद्धालु एक निजी डबल डेकर बस पर सवार होकर हरिद्वार से हरि की पौड़ी से गंगाजल भरकर श्री राम जन्म भूमि अयोध्या जा रहे थे। जैसे ही बस मंगलवार की रात करीब 12 बजे जनपद लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया क्षेत्र के गुरुद्वारा के पास पहुंची तभी चालक को अचानक झपकी लग जिस कारण बस अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई, हादसे में बस के अंदर बैठे व सो रहे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। इस दौरान कई लोग सीटों बस के जिससे में बुरी तरह फंस गए, चीख पुकार सुनकर आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

हादसे की सूचना पाकर उचौलिया थाना प्रभारी अवधराज सेंगर, एन एच आई की टीम पहुंची और राहत बचाव करूं में जुट गए। हादसे में बस में सवार करीब 73 श्रद्धालुओं में से करीब 30 यात्री घायल व चालक सहित 9 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पसगवां भेजा जहां डाक्टरों ने गंभीर रूप से घायल हरिशंकर लाल यादव (50) को मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं 8 गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया बाकी 30 यात्रियों का इलाज सीएचसी पसगवां चल रहा है। घायलों में महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी शामिल है। हादसे में कई घायल श्रद्धालुओं ने एम्बुलेंस चालकों पर प्रति मरीज 200 रुपए लेने का भी गंभीर आरोप लगाया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी उचौलिया अवधराज सेंगर ने बताया कि रात में श्रद्धालुओं से भरी एक बस पलट गई थी, घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है, आरटीओ से बात हो चुकी है, शाहजहांपुर से बस आ रही बस आने के बाद सभी यात्रियों को अपने गंतव्य के लिए रवाना कर दिया जाएगा।

हादसे में घायलों की सूची

चालक सलाउद्दीन (43) पुत्र यूसुफ, यात्री लाभा देवी (50), पत्नी हीरालाल सरल मेहता (45) पुत्र रघुवीर सुखदेव दास (65) सूगी देवी (35) पत्नी नरेंद्र हीरालाल (65) पुत्र रामदयाल सुशीला देवी (60), सुगाता देवी (50)। लालमती (40) पत्नी रामओतार, सुगति (55) पत्नी मोरी, लालजी (65) पुत्र जय प्रसाद, लावन्ती देवी (60) पत्नी जय प्रसाद, बसन्ती देवी (60) पत्नी रामबरन, रोकया कुमारी (66) पत्नी रामावतार, गीता देवी (55) पत्नी मेता प्रसाद, धीरज कुमार (30) पुत्र गौरी शंकर, हीरीलाल (40) पुत्र बहादुर, मनोज (50) पुत्र नथुनी चौधरी, सरल वाजपेयी (38) पुत्र रघुवीर, वोवी (55) पत्नी हरबली प्रसाद, बनिता (27) पुत्री हरबली प्रसाद, हरिवन (40) पुत्र काशी प्रसाद, प्रियंका (27) पुत्री संजय, आयुष (35) पुत्र हरबली प्रसाद, राधिका (40) पत्नी राजा प्रसाद, आंचल (24) पुत्री अनिल यादव, राजुवती (35) पत्नी अनिल यादव, संजय (28) पुत्र माहुत प्रसाद, रमाकान्त (55) पुत्र भवन प्रसाद, निरमल (36) पुत्र काशिम प्रसाद, दीपक (30) पुत्र शत्रु सिंह, राममूर्ति (45) पुत्र गया प्रसाद, सुभाष (30) पुत्र रामचन्द्र, दिनेश (38) पुत्र राम सुख, ज्ञानु देवी (35) पत्नी कामता प्रसाद, सुमन देवी (25) पत्नी शिवम, शिल्पी (40) पत्नी रामखिलावन, अजय कुमार (45) पुत्र रवि कुमार।

विधानसभा मंडल क्षेत्रों में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में हर घर तिरंगा को लेकर चलाई जा रही मुहिम में दूसरे दिन विधानसभा के मंडल क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ

ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई और जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष वैभव प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से गांव गुलरिया में विधिवत शुभारंभ किया है। बुधवार को मंडलीय क्षेत्र निकाली गई तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा को लेकर कार्यकर्ताओं की संख्या में युवाओं का सड़कों पर बाइक सवार होकर निकलने से क्षेत्र आजादी के जश्न से लबरेज हो गया यात्रा में रंजीत वर्मा, मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा, विमल बाजपेई, बबलू सिंह, पूर्व बार संगठन अध्यक्ष आलोक सिंह समेत गणमान्य लोगों ने सम्मिलित होकर गांव खजुआ, बौआ, नकेडा समेत दर्जन भर से अधिक गांव के लोग यात्रा में सम्मिलित होकर करवा बना दिया जिससे आजादी के रंग में रंगे लोग भारत माता की जय के उद्घोष से लोगों का उत्साह परवान चढ़ गया यात्रा के दौरान गांव में जगह-जगह पर लोगों ने सूक्ष्म जलपान करा कर उनकी हौसला अफजाई करते रहे हैं। गांव में घरों के ऊपर लगे तिरंगा से छटा देखते ही बनती है। यात्रा का समापन विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह गांव सिसोरा में किया है।

घाघरा तट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

धौरहरा खीरी। सावन माह की अमावस्या को देखते हुए बुधवार को घाघरा नदी के जालिम नगर पुल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली पुलिस के अलावा पी ए सी बल तैनात रहा। प्राप्त विवरण के अनुसार सावन मास की अमावस्या को घाघरा नदी के जालिम नगर पुल घाट पर स्नान करने के लिए बुधवार अल सुबह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ज्ञात हो क्षेत्र व दूर दराज से आकर कांवरिए इसी स्थल पर जल भरने व स्नान करने का एक मात्र स्थल है।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए नायब तहसीलदार फिरोजाबाद अखिलेश मौर्या, कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक विलियम कौशिक अरुण तिवारी सहित पी ए सी बल के प्लाटून कमांडर जयवीर सिंह सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा।

सचिन ने बने असिस्टेंट कमांडेंट

सीतापुर। मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर सीतापुर के सचिन मिश्रा ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। शास्त्री नगर निवासी सचिन मिश्रा का केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सहायक कमांडेंट के पद पर चयन हुआ है। उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 29वीं रैंक हासिल की है। चयन की खबर मिलते ही परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सचिन ने कक्षा एक से छह तक ग्रेश मॉडर्न स्कूल और कक्षा सात से 12 तक सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट से पढ़ाई की। इसके बाद लखनऊ के नेशनल पीजी कॉलेज से बीएससी की। सचिन अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को देते हैं।सचिन तीन भाइयों और दो बहनों में हैं। उनके पिता रमेश चंद मिश्रा शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि माता लल्ली देवी बाल विकास पुष्टाहार विभाग में कार्यरत हैं। उनका पैतृक गांव मछरेहटा ब्लॉक की मांडर ग्राम पंचायत में है।सहायक कमांडेंट का पद केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में अधिकारी स्तर का महत्वपूर्ण पद है। चयन संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से होता है। सचिन की सफलता से परिवार के साथ गांव और पूरे जिले में गर्व का माहौल है।

नकब लगाकर चार लाख के जेवर और 75 हजार की नकदी उड़ायी

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के फत्तेपुर मातिनपुर गांव में मंगलवार देर रात चोरों ने पुलिस की निगरानी व्यवस्था को चुनौती देते हुए गांव के चैकीदार के घर को ही निशाना बना लिया। दीवार में नकब लगाकर घर में घुसे चोर करीब 75 हजार रुपये की नकदी और लगभग चार लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए।

बुधवार सुबह चोरी का पता चलते ही गांव में हड़कंप मच गया। फत्तेपुर मातिनपुर निवासी गोविंद सिंह गांव में चैकीदार के पद पर तैनात हैं। मंगलवार रात चोरों ने उनके घर की दीवार में नकब लगाई और अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद कमरों में रखे सामान को खंगालकर नकदी और जेवरात समेट लिए। सुबह परिजनों की नजर बिखरे सामान और दीवार में लगी नकब पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही इमलिया सुल्तानपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए वारदात से जुड़े साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के क्षेत्र में चोरों की तलाश और घटना के खुलासे के लिए जांच कर रही है। चैकीदार के घर में ही चोरी से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने रात की गश्त बढ़ाने और जल्द खुलासे की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

दुधवा में विश्व हाथी दिवस पर हाथियों को दी गयी दावत

पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी में डॉ0 एच0 राजामोहन मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर-खीरी की उपस्थिति में हाथियों को विशेष दावत देकर उत्साह के साथ मनाया गया विश्व हाथी दिवस। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्व हाथी दिवस के अवसर पर दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी की समस्त रेंजों में विशेषकर उन रेंजों में जिनमें राजकीय हांथी हैं, उन रेंजों में हांथियों की विशेष दावत के साथ यह दिवस मनाया गया। हांथियों से संबंधित रेंजों में बेलरायां, दक्षिण सोनारीपुर एवं पर्यटन रेंज सम्मिलित हैं, परंतु प्रमुखतः यह दिवस दक्षिण सोनारीपुर रेंज के सलूकापुर हांथी कैंम्प में आयोजित किया गया, जहां सबसे अधिक राजकीय हाथी अवस्थान करते हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व में कुल 25 राजकीय हाथी हैं, जिनमें अधिकारी/कर्मचारियों के साथ पर्यटकों के लाडली मशक्कली, भवानी एवं दुर्गा बच्चे भी सम्मिलित हैं। दुधवा में इनके अतिरिक्त लगभग 125 से अधिक जंगली हाथी भी विचरण करते हैं। आज हाथी दिवस के अवसर पर आयोजित इनकी दावत में इनके पसंदीदा समस्त व्यंजन उपलब्ध रहे, यथा गन्ना, लौकी, कदद्, कटहल, मक्का, खीरा, ककड़ी केला, गुड़, चना, आदि। इस अवसर पर डॉ0 एच0 राजामोहन, मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर-खीरी के साथ-साथ महावीर सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा, दीपक कुमार पाण्डेय, उप प्रभागीय वनाधिकारी बेलरायां, अखिलेष कुमार शर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी, दक्षिण सोनारीपुर, सुरेन्द्र कुमार, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, गैण्डा मानीटरिंग प्रभारी, डॉ0 मोहम्मद तलहा, पशु चिकित्सक, सुशांत सिंह, वरिष्ठ सहायक, संदीप कुमार, फार्मासिस्ट, रोहित रवि, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, विश्व प्रकृति निधि व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

सावन मेला की सख्ती से व्यापार प्रभावित माल वाहन रोके जाने पर भड़के विधायक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सावन मेला को लेकर पुलिस प्रशासन की सख्ती और जगह-जगह की गई बैरीकेडिंग से जहां नगर में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, वहीं व्यापारियों के कारोबार पर भी इसका असर पड़ने लगा है। शनिवार, रविवार और सोमवार को नगर में नो-एंट्री के चलते माल वाहनों का प्रवेश पहले से ही प्रभावित रहता है। ऐसे में मंगलवार को भी माल लेकर आ रहे वाहन को पटेल चौराहे पर रोके जाने से व्यापारियों में नाराजगी फैल गई। मामला बढ़ने पर विधायक अमन गिरि मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न करने को कहा।

मंगलवार देर शाम सुभाष किराना स्टोर का माल लेकर एक वाहन मोहम्मदी रोड की ओर से गोला आ रहा था। वाहन जैसे ही पटेल चैराहे के पास पहुंचा, पुलिस कर्मियों ने उसे रोक दिया। वाहन रोके जाने की जानकारी व्यापारियों को हुई तो कई व्यापारी नेता मौके पर पहुंच गए। व्यापारियों ने पुलिस से कहा कि सावन मेले को लेकर शनिवार, रविवार और सोमवार को वे प्रशासन का पूरा सहयोग कर रहे हैं, लेकिन अन्य दिनों में भी माल वाहनों को रोकने से दुकानों तक जरूरी सामान पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक अमन गिरि ने पुलिस अधीक्षक से फोन पर वार्ता कर व्यापारियों की समस्या से अवगत कराया। इसके बावजूद वाहन को मौके से आगे जाने की अनुमति नहीं मिलने पर व्यापारियों में आक्रोश बढ़ गया। देखते ही देखते मौके पर व्यापारियों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस कर्मियों के साथ तीखी नोकझोंक होने लगी। इसी दौरान विधायक अमन गिरि भी मौके पर पहुंच गए। विधायक ने पुलिस कर्मियों से पूरे मामले की जानकारी ली और बाद में कोतवाल अम्बर सिंह को मौके पर बुलाया। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सावन मेला नगर की आस्था और पहचान से जुड़ा आयोजन है। मेले के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में व्यापारी पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे, लेकिन अन्य दिनों में नगरवासियों और व्यापारियों को किसी भी स्थिति में अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेले की व्यवस्था जरूरी है, लेकिन व्यवस्था के नाम पर किसी का अहित नहीं होना चाहिए। स्थानीय व्यापारियों का कारोबार भी नगर की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। माल वाहनों को लेकर ऐसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, जिससे मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था भी बनी रहे तथा व्यापारियों को भी आवश्यक सामान मंगाने में परेशानी न हो। व्यापारियों ने बताया कि किराना सहित अन्य जरूरी सामान की आपूर्ति बाहर से आने वाले माल वाहनों के माध्यम से होती है। लगातार नो-एंट्री और वाहनों को रोकने के कारण दुकानों पर माल की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। व्यापारियों का कहना था कि वे सावन मेले की व्यवस्था के खिलाफ नहीं हैं और प्रशासन के साथ सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ स्थानीय व्यापार भी चलता रहे। मौके पर राजेश आनंद मिन्नी, राममोहन सोनी, राहुल भारती, दौलत अग्रवाल सहित कई व्यापारी नेता और व्यापारी मौजूद रहे। मामले को लेकर देर शाम तक मौके पर काफी गहमागहमी बनी रही।

इलाके को रेल सर्वे में शामिल करने के लिए सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता(vol)

तिकुनियां-खीरी। तिकुनियां उधोग व्यापार मंडल ने डिवीजनल रेल मैनेजर को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा है, ज्ञापन में इलाके को सर्वे में शामिल करने की मांग की गई हैं।

बुधवार को व्यापार मंडल ने स्टेशन अधीक्षक को डिवीजनल रेल मैनेजर को संबोधित ज्ञापन सौंपा, जिसमे प्रस्तावित सर्वे में तिकुनियां, बेलरायां को दूर रखा गया है इससे 8से 10 लाख की जनता प्रभावित होगी जबकि तिकुनियां इलाका दुधवा बफर जोन से बाहर है इसलिए इस इलाके को सर्वे में शामिल किया जाए। तिकुनियां उधोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुंछल ने बताया कि रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र भेजा गया है, जल्द ही व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल रेल मंत्री को मिलने दिल्ली इसी माह जाएगा और समस्याओं को रखेगा। ज्ञापन देने वालो में अनिल महावर, मनोज जिंदल, दिनेश कंछल हैप्पी, शिशिर गुप्ता, ईस्वरदीन वर्मा, संजय गुप्ता, सचिन जायसवाल, सुमित सिंघल, विपिन मिश्रा, गौरव अग्रवाल, आरिफ, अशोक रस्तोगी, नितिन गुप्ता, अरुण महावर, शरद अग्रवाल, अजय तिवारी, राजेंद्र गुप्ता, निर्मल राज, तुषार गुप्ता सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

सरकारी जमीन पर पेड़ काटने की जांच करने पहुंचे लेखपाल को पीटा

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में बुधवार दोपहर सरकारी जमीन पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ काटे जाने की जांच करने पहुंचे लेखपाल पर दबंगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि पांच लोगों ने लेखपाल ओमप्रकाश सिंह यादव के साथ लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की। हमले में लेखपाल घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही साथी लेखपालों में आक्रोश फैल गया। बताया गया कि बिसवां देहात क्षेत्र में तैनात 35 वर्षीय लेखपाल ओमप्रकाश सिंह यादव को कुतुबपुर गांव में सरकारी जमीन पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ काटे जाने की सूचना मिली थी। बुधवार करीब 12:30 बजे वह मौके पर जांच के लिए पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने उनसे विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया और आरोपियों ने लेखपाल को पीट दिया। सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। पीड़ित लेखपाल ने पांच लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। सरकारी कर्मचारी पर हमले से राजस्व कर्मियों में नाराजगी है और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठी है। सीओ बिसवां हर्षित सिंह ने बताया कि सरकारी जमीन से पेड़ काटने और लेखपाल से मारपीट के आरोपों की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

सावन मेले में चरमरायी यातायात व्यवस्था

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी में सावन मेला पूरे जोर पर है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से नगर में यातायात का दबाव बढ़ गया है। मेले को लेकर पुलिस की सख्ती और जगह-जगह की गई बैरिकेडिंग से जहां कई मार्गों पर आवागमन प्रभावित है, वहीं बुधवार सुबह प्रमुख सड़कों पर लगे जाम ने स्कूली बच्चों और आम राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी।

सुबह करीब सात से नौ बजे के बीच नगर के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्कूल जाने वाले बच्चे जाम में फंसे रहे। अभिभावकों को भी बच्चों को समय से स्कूल पहुंचाने में परेशानी हुई। कई जगह सड़क किनारे खड़े वाहनों और सीमित रास्ते के कारण यातायात की रफ्तार बेहद धीमी हो गई। सावन मेले को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने नगर में यातायात को नियंत्रित करने के लिए कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर रास्तों में बदलाव किया है। भारी वाहनों और अन्य वाहनों की आवाजाही पर भी सख्ती की जा रही है। लोगों का कहना है कि व्यवस्था के लिए की गई सख्ती जरूरी है, लेकिन इसका असर सामान्य आवागमन पर भी पड़ रहा है। कई बार वैकल्पिक मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ जाने से जाम की स्थिति बन रही है। मेले के लिए नगर में भारी पुलिस बल तैनात होने के बावजूद स्कूल जाने के समय यातायात व्यवस्था अपेक्षित रूप से सुचारु नहीं रह सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह के व्यस्त समय में प्रमुख चैराहों और स्कूलों के आसपास अतिरिक्त यातायात कर्मियों की तैनाती की जाए तो स्थिति को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। अभिभावकों ने बताया कि सावन मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की सख्ती समझ में आती है, लेकिन स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों के आवागमन को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। खासकर स्कूल खुलने और छुट्टी के समय यातायात को अलग से नियंत्रित करने की जरूरत है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बैरिकेडिंग और रूट डायवर्जन की व्यवस्था की समीक्षा की जाए तथा प्रमुख मार्गों पर बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाया जाए। साथ ही सुबह के समय यातायात कर्मियों की पर्याप्त तैनाती की जाए, जिससे श्रद्धालुओं के साथ नगरवासियों और स्कूली बच्चों को भी जाम की समस्या से राहत मिल सके।

युवाओं ने नशे के खिलाफ भरी हुंकार

सीतापुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन माय भारत सीतापुर की ओर से आरएमपीजी कॉलेज में ह्यनशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्न विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण, संगीत, नृत्य, रील मेकिंग, लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक, काव्य, चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष के युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न ब्लॉकों और महाविद्यालयों से युवाओं ने प्रतिभाग किया। काव्य प्रतियोगिता में तान्या तिवारी प्रथम, प्रिंस गौतम द्वितीय और अनन्या दीक्षित तृतीय रहीं। भाषण में शमशेर प्रथम, सक्षम श्रीवास्तव द्वितीय व राजनंदिनी शुक्ला तृतीय रहीं। चित्रकला में शुभी वर्मा, तनिष्का दीक्षित और विकास कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विवाहिता दहेज प्रताड़ना के बाद नहर में कूदी

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र मे दहेज उत्पीड़न से परेशान विवाहिता के शारदा सहायक नहर में छलांग लगाने की आशंका के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजन दो दिन तक नहर किनारे बेटी को तलाशते रहे, जबकि महमूदाबाद और रामपुरकलां पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। बुधवार को मामला सोशल मीडिया पर पहुंचा और पुलिस मुख्यालय ने संज्ञान लिया, तब महमूदाबाद पुलिस हरकत में आई।

एसडीआरएफ टीम ने नहर में तलाश शुरू की। जुड़ौरा निवासी प्रहलाद ने बेटी अनीता का विवाह तीन वर्ष पूर्व सिकंदराबाद निवासी विजय कुमार से किया था। आरोप है कि शादी के बाद से पति, जेठ और सास दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। प्रहलाद के अनुसार नौ अगस्त की रात बेटी के साथ मारपीट की गई। अगले दिन वह घर पर नहीं मिली। नानमऊ गांव के सामने शारदा सहायक नहर की पटरी पर उसकी चप्पलें मिलीं, जिसके बाद परिजनों को नहर में कूदने की आशंका हुई।प्रहलाद दस अगस्त को शिकायत लेकर महमूदाबाद कोतवाली पहुंचे, लेकिन उसे मामला रामपुरकलां का बताकर भेज दिया गया। वहां गुमशुदगी दर्ज कर दी गई। परिजन खुद तलाश करते रहे। बुधवार को कोतवाल भानु प्रताप पुलिस बल के साथ पहुंचे और एसडीआरएफ की मदद से तलाश शुरू कराई। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि युवती की तलाश जारी है और अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है।

जिला ईंट उद्योग समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। सरकारी कार्यों में लाल ईंट के प्रयोग में लगातार कमी से ईंट भट्ठा उद्योग पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को लेकर जिला ईंट उद्योग समिति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सरकारी योजनाओं में लाल ईंट के उपयोग की अनुमति दिए जाने की मांग की। समिति अध्यक्ष हाजी कमालुद्दीन व महामंत्री शैलेश कुमार जवरानी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि ईंट उद्योग ग्रामीण क्षेत्र का परंपरागत कुटीर उद्योग है और इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलता है। समिति ने बताया कि सरकारी योजनाओं में लाल ईंट का प्रयोग बंद होने से बिक्री में भारी गिरावट आई है। लागत से कम कीमत पर ईंट बेचने के बावजूद मांग नहीं बढ़ रही है। पहले खड़ंजा, सड़क की एजिंग, नालियों सहित विभिन्न निर्माण कार्यों में ईंट की खपत होती थी। समिति के अनुसार प्रदेश में करीब 19 हजार भट्ठा मालिक और लगभग 40 लाख श्रमिक इस उद्योग से जुड़े हैं।ज्ञापन में जिला पंचायत, ब्लॉक, ग्राम पंचायत, लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण अभियंत्रण सेवा सहित अन्य विभागों के कार्यों में लाल ईंट के प्रयोग का आदेश जारी करने की मांग की गई। इस दौरान सुरेश लेखवानी, नवीन मंगलानी, नरेश डोडेजा, तिलक राज डोडेजा, नसीरुद्दीन, बबलू, हाजी गायसुद्दीन, उबैद बदर व खुर्शीद मौजूद रहे।

संक्षेप

उमेश कुमार को मिली पीएचडी की उपाधि

सुलतानपुर। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के शिक्षा संकाय में शोधार्थी उमेश कुमार पाल ने शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर पी-एच.डी. (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्राप्त की है। ग्राम बझना (चोपई का पुरवा), पोस्ट भीखूपुर, सुलतानपुर निवासी उमेश कुमार पाल ने शिक्षा संकाय, कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुलतानपुर के प्रो. (डॉ.) उमाशंकर सिंह के कुशल निर्देशन में बी.एड. स्तर के विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि एवं मानसिक स्वास्थ्य पर सामाजिक-आर्थिक स्तर के प्रभाव का अध्ययन विषय पर शोध कार्य किया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, गुरुजनों, मित्रों, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उमेश कुमार पाल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन, पत्नी के निरंतर सहयोग तथा मित्रों एवं शुभचिंतकों के प्रोत्साहन को दिया।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के कहुआ गांव में बुधवार को विवाहिता रचना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। उसका शव घर के अंदर चारपाई पर मिला और गले पर फंदे का निशान था। घटना के बाद ससुराल पक्ष ने मायके वालों को पहले कीड़े के काटने की सूचना दी, लेकिन बाद में फंदा लगाने से मौत की बात सामने आई। इससे मायके में कोहराम मच गया। राजापुर चकबीबी निवासी सजनलाल की बेटी रचना की शादी वर्ष 2019 में कहुआ निवासी अमर सिंह से हुई थी। दंपती का सात वर्षीय बेटा अयांश है। मृतका की बहन आंचल ने आरोप लगाया कि पति आए दिन रचना के साथ मारपीट करता था। करीब एक माह पहले भी गला दबाने का आरोप लगाया गया था। पति के नशे का आदी होने की बात भी कही गई है। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कोतवाल संदीप कुमार राय ने बताया कि महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बहनों को राखी भेजने में डाक विभाग दे रहा बुकिंग सुविधा

रायबरेली। जनपद डाक मंडल के अधीक्षक अनूप अग्रवाल ने रक्षाबंधन मे राखी भेजने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने बताया कि रायबरेली प्रधान डाकघर एचओ एवं लालगंज प्रधान डाकघर एचओ में राखी की बुकिंग की सुविधा 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा के माध्यम से आमजन अपनी सुविधानुसार किसी भी समय अपने प्रियजनों के लिए राखी की बुकिंग करा सकेंगे। अनूप अग्रवाल ने यह भी बताया कि राखी को सुरक्षित एवं आकर्षक तरीके से भेजने के लिए रायबरेली डाक मंडल के किसी भी उपडाकघर से मात्र 10 में वॉटरप्रूफ एवं डिजाइनर लिफाफे उपलब्ध कराए जा रहे है।

कोडरस के 'बूढ़े बाबा मंदिर' का होगा भव्य जीर्णोद्धार

पर्यटन विभाग ने 75 लाख किए स्वीकृत

- सदर विधायक अदिति सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया भूमि पूजन

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह के प्रयासों से क्षेत्र की आस्था के केंद्र कोडरस स्थित पौराणिक 'बूढ़े

बाबा मंदिर' को नया स्वरूप मिलने जा रहा है। मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग द्वारा 75 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। पूर्ण वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में मंदिर परिसर में 'भूमि पूजन' संपन्न हुआ। विधायक अदिति सिंह ने पूजन कर विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजना हमारा ध्येय है। जीर्णोद्धार के तहत मंदिर परिसर को भव्य रूप देने के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

उन्होंने कहा, ₹बूढ़े बाबा का मंदिर हमारी आस्था का प्रतीक है। पर्यटन विभाग से 75 लाख की स्वीकृति मिलने से अब यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। परिसर का सौंदर्यीकरण होने से दूर-दराज से भी लोग दर्शन के लिए आएंगे। बाबा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। परियोजना के तहत मंदिर परिसर की मरम्मत, रंग-रोगन, परिक्रमा पथ, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की जगह और स्वच्छ पेयजल व शौचालय जैसी सुविधाओं का निर्माण प्रस्तावित है। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि पूजन के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, पुजारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि विधायक के प्रयास से लंबे समय से चली आ रही मंदिर के कायाकल्प की मांग अब पूरी होने जा रही है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गयी भव्य रैली

रायबरेली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज जिला प्रशासन द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने राजकीय इंटर कॉलेज से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं हाथ में तिरंगा लेकर रैली में प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता एवं जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने भी हाथ में तिरंगा लेकर रैली में सहभागिता की। तिरंगा रैली में राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, वैदिक इंटर कॉलेज एवं आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इसके साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने भी अनुशासित ढंग से रैली में सहभागिता की। रैली में लगभग 1500 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा रैली राजकीय इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर जिला अस्पताल, खालसा चौक, सुपर मार्केट, घंटाघर, कोतवाली एवं कचहरी होते हुए पुनः राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में आकर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का संदेश दिया और वातावरण को राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। जिला प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी को बढ़ावा देने तथा प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता के प्रति सम्मान की भावना को और सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

डॉ. दीपक कुमार को मिला अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार

राज्यपाल ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

सुल्तानपुर। कमला नेहरु इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एंड सोशल साइंसेज, सुल्तानपुर के व्यवसाय प्रशासन विभाग में सहायक आचार्य डॉ. दीपक कुमार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के 31वें दीक्षांत समारोह में प्रतिष्ठित अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. दीपक कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय अपने प्रोफेसरों, गुरुजनों, सहकर्मियों एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को दिया। उन्होंने कहा कि सभी के मार्गदर्शन, आशीर्वाद, प्रोत्साहन और निरंतर सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी। डॉ. कुमार की इस सफलता से कमला नेहरु इंस्टीट्यूट में हर्ष का माहौल है। शिक्षकगण, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. कुमार ने कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षण, शोध और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। उनकी इस उपलब्धि शैक्षणिक जगत में परिश्रम, समर्पण और उत्कृष्टता की प्रेरणादायक मिसाल है।

आग की लपटों में उजड़ा गरीब का आशियाना गृहस्थी का सामान जलकर राख

चांदा, सुलतानपुर। चांदा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मल्हीपुर में सोमवार देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग में प्रेम निषाद का छप्पर समेत घर-गृहस्थी का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। अचानक लगी आग से परिवार की वर्षों की मेहनत से जुटाई गई गृहस्थी पलभर में तबाह हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने रहने और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का संकट खड़ा हो गया है। बताया गया कि देर रात छप्पर से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। परिवार के लोग जब तक कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक छप्पर और उसमें रखा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. आशीष तिवारी बुधवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी लेकर नुकसान का जायजा लिया और तत्काल आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इसके साथ ही फाउंडेशन की ओर से करीब 10 हजार रुपये की खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराई गई। डॉ. तिवारी ने कहा कि संस्था संकट की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और जरूरत के अनुसार आगे भी हरसंभव सहयोग करेगी। ग्रामीणों ने संस्था के इस मानवीय प्रयास की सराहना की।

युवा शक्ति के नेतृत्व क्षमता से होता है राष्ट्र निर्माण

महराजगंज रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यालय में विभिन्न जागरूकता एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में युवा शक्ति, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र - छात्राओं के द्वारा एक्ट के माध्यम से स्वयं से संकल्प लेकर अपने उद्देश्य को पूरा करने तथा समाज और देश में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करने के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए युवा शक्ति के महत्व और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझा। प्रधानाचार्य शिव लखन प्रजापति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति होते हैं। अनुशासन, शिक्षा, नवाचार, सकारात्मक सोच एवं मेहनत के माध्यम से युवा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव सिंह, उप - प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव, शिक्षक -शिक्षिकाएं, छात्र -छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

11 लाख खर्च के बाद भी नहीं पहुंचा घरों तक पानी

पांच साल से शोपीस बना नलकूप

अमित त्रिपाठी

महराजगंज, रायबरेली। कहा तो तय था चिराग हर घर के लिए, कहा चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए.....भ्रष्टाचार के काकस में जकड़ी नगर पंचायत महराजगंज में जनमानस को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया गया सरकारी धन किस तरह योजनाओं की उपयोगिता पर सवाल खड़े कर रहा है, इसका उदाहरण पशु चिकित्सालय परिसर में पांच वर्ष से बंद पड़ा नलकूप है। बताते चलें कि करीब पांच वर्ष पूर्व 14वें वित्त से चंदापुर रोड, गांधी नगर और पूरे चुनू मोहल्ले के लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पशु चिकित्सालय परिसर में करीब 7 लाख 70 हजार रुपये की लागत से नलकूप स्थापित कराया गया था। इसके साथ ही घरों तक पानी पहुंचाने के लिए करीब चार लाख रुपये की लागत से पाइपलाइन भी बिछाई गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के बाद से आज तक यह नलकूप एक दिन भी संचालित नहीं हुआ। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद न तो नलकूप से पानी की आपूर्ति शुरू हो सकी और न ही पाइपलाइन का लोगों को लाभ मिल पाया।

पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा इसे चालू कराने की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में नाराजगी है। सवाल यह है कि जब नलकूप को चालू ही नहीं किया जा सका तो लाखों रुपये खर्च कर इसे स्थापित कराने का उद्देश्य क्या था? सरकारी धन से तैयार योजना जब जनता के काम न आए तो विकास के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। चंदापुर रोड, गांधी नगर और पूरे चुनू के लोगों को आज भी पेयजल सुविधा का इंतजार है, जबकि उनकी प्यास बुझाने के लिए लगाया गया नलकूप स्वयं पांच वर्षों से बंद पड़ा है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से नलकूप की तकनीकी जांच कराकर तत्काल चालू

कराने तथा इतने लंबे समय से बंद पड़े नलकूप के लिए जिम्मेदारी तय किए जाने की मांग की है।

नए नलकूप लगते रहे, पुराना पांच साल से पड़ा बंद

करीब 11 लाख रुपये की लागत से नलकूप और पाइपलाइन तैयार होने के बावजूद पांच वर्ष से यह योजना बंद पड़ी है। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले करीब तीन वर्षों में नगर पंचायत क्षेत्र में 25-25 लाख रुपये की लागत से दो नए पम्प तथा करीब आठ लाख रुपये की लागत से एक मिनी ट्यूबवेल लगाए गए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि पहले से तैयार नलकूप को चालू कराने के बजाय नई योजनाओं पर लगातार सरकारी धन क्यों खर्च किया जा रहा है? पशु चिकित्सालय परिसर में शोपीस बने खड़े इस नलकूप को जिम्मेदारों ने अब तक चालू कराने की सुध क्यों नहीं ली, यह सवाल लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत को पहले से मौजूद संसाधनों की उपयोगिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ सरकारी धन के खर्च की जवाबदेही भी तय करनी चाहिए। *इस प्रकरण में वार्ता करने पर अधिशाषी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है, टीम भेजकर नलकूप की स्थिति की जांच कराकर इसे चालू कराया जायेगा।*

अयोध्या में विकास के साथ जनसुविधाओं पर भी दिया जा रहा विशेष ध्यानः वेद प्रकाश गुप्ता

अयोध्या। कैंट क्षेत्र के गुप्तारघाट में करीब 20 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सुलभ कॉम्पलेक्स का उद्घाटन विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया। कॉम्पलेक्स में महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग विंग बनाए गए हैं। प्रत्येक विंग में एक स्नानागार, छह शौचालय तथा दिव्यांगजनों के लिए एक शौचालय की व्यवस्था की गई है। उद्घाटन के अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि गुप्तारघाट धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सुलभ कॉम्पलेक्स के निर्माण से घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि अयोध्या में विकास के साथ-साथ जनसुविधाओं के विस्तार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार नए कार्य कराए जा रहे हैं। उद्घाटन समारोह के बाद पंचमुखी हनुमान मंदिर से गुमनामी बाबा की समाधि स्थल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं के अलावा पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा लेकर शामिल लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर ने किया। मौके पर अमल गुप्ता, हरभजन गौड, राम मिलन निषाद, राजेश पाठक, दिनेश मिश्र, वरूण चैधरी, प्रकाश गुप्ता, नीलम जायसवाल, कुश निषाद, श्याम लाल निषाद, वीरेन्द्र निषाद, रिंकू निषाद, शुभम्निषाद अनिल खत्री सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

संस्कारयुक्त शिक्षा से ही विकसित भारत का निर्माण : आनंदीबेन पटेल

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 31वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न

अयोध्या। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या का 31वां दीक्षांत समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति ने 104 मेधावी छात्र-छात्राओं को 120 स्वर्ण पदक प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने स्नातक एवं परास्नातक की 1,66,055 उपाधियों एवं अंकपत्रों को डिजिलॉकर में समावेशित किया। इस अवसर पर कुलाधिपति ने विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ संस्कार, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, विचारों के

परिष्कार और राष्ट्र के भविष्य के निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कुलाधिपति ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, स्वाभिमान और सामाजिक जिम्मेदारी का संकल्प लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश गंगा, यमुना और सरस्वती की पावन भूमि है। यह भगवान श्रीराम, शिव और श्रीकृष्ण की आराधना एवं आध्यात्मिक चेतना की भूमि है। अयोध्या मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी है और यहां से शिक्षा प्राप्त कर निकलने वाले विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे अपने गौरवशाली अतीत को स्मरण करते हुए उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ें। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया ने आध्यात्मिक एवं धार्मिक चेतना के साथ स्वाभिमान और भारतीय अस्मिता को महत्व दिया। उन्होंने धर्म को धर्मांतरण से अलग बताते हुए भारतीय संस्कृति और परंपरा के मूल तत्वों को समझने की आवश्यकता पर बल दिया। कुलाधिपति ने कहा कि व्यक्ति ईश्वर को माने अथवा न माने, लेकिन भारतीय समाज की एकता और अखंडता के महत्व से इनकार नहीं कर सकता। विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के बाद यह विचार करना चाहिए कि वे कौन-से संस्कार लेकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देंगे। उन्होंने दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता में शिक्षकों और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान है। माता-पिता और गुरुजनों के विश्वास एवं सतत प्रयासों ने विद्यार्थियों को इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत केवल उपाधि प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का अवसर भी है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा 1,66,055 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि इनमें लगभग 60 प्रतिशत छात्र और 40 प्रतिशत छात्राएं हैं। समारोह में 120 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए, जिनमें 86 पदक छात्राओं ने अर्जित किए, जो कुल पदकों का लगभग 72 प्रतिशत है। उन्होंने इसे बदलते भारत की तस्वीर बताते हुए कहा कि बेटियां शिक्षा को अधिक अनुशासित और गंभीरता से ग्रहण कर रही हैं। उन्होंने महिला शिक्षा और सशक्तिकरण को देश की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संजय श्रीनेत के अनुभव का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष कार्यप्रणाली युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

जिला कारागार में बंद शहीद कक्ष पर जतायी आपत्ति

अयोध्या। अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने अमर शहीद अशफाक उल्ला खां को जेल के सीकचो में बंद किए जाने पर घोर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि जब हम देश का 80 वा स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहें हैं तब इसी फैजाबाद जेल में फांसी पर चढ़े शहीद अशफाक उल्ला खां को जेल में बंद रखना किसी भी प्रकार स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि गत कई वर्षों से सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शहीद कक्ष खोला जाता रहा परन्तु कुछ महीनों से बह निरंतर बन्द रखा जा रहा है। खुला रहने पर स्थानीय एवं बाहर से आने वाले लोग शहीद कक्ष जाकर उनके बलिदान और काकोरी एक्शन की घटनाएं जानते थे। अब बाहर सड़क से लोग उस कक्ष को बंद देखकर वापस चलें जाते हैं। श्री पाण्डेय ने जिला प्रशासन से जेल प्रशासन को यह कक्ष पूर्ववत खोलने तथा काकोरी एक्शन का स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि जिनका स्वतंत्रता आंदोलन में अविस्मरणीय योगदान है उन्हें नयी पीढ़ी को जानकारी से वंचित किया जाना बहुत खतरनाक है। यह क्रांतिकारी आंदोलन को छुपाने का षडयंत्र की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर इस स्थान पर भव्य आयोजन किया जाना आवश्यक है।

दो ट्यूबवेलों के ताले तोड़कर हजारों का सामान समेट ले गये चोर

गोसाईंगंज, सुलतानपुर। थाना क्षेत्र के महिलो आशापुर में मंगलवार रात चोरों ने दो ट्यूबवेलों को निशाना बनाकर ताले तोड़ दिए। चोर दोनों स्थानों से हजारों रुपये का सामान समेट ले गए। बुधवार सुबह जानकारी होने पर पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। कूरेभार थाना क्षेत्र के बर्जी निवासी उमा मिश्रा ने बताया कि बुधवार सुबह गोसाईंगंज के महिलो आशापुर स्थित ट्यूबवेल पहुंचने पर गेट का ताला और कुंडा टूटा मिला। अंदर से इन्वर्टर, बैटरी, सोलर पैनल, दवा छिड़कने की मशीन, बैटरी वाला पंखा, कृषि दवाएं और मोटर के विद्युत तार गायब थे। वहीं करीब 300 मीटर दूर महमूदपुर निवासी राम अनुज सिंह के कूरेभार थाना क्षेत्र के प्रतापपुर स्थित ट्यूबवेल का भी ताला तोड़कर चोर फरार्टा पंखा, बर्तन और कपड़े उठा ले गए। राम अनुज ने घटना के संबंध में अभी पुलिस को तहरीर नहीं दी है। उमा मिश्रा की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। द्वारिकागंज प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

स्टेडियम में खिलाड़ियों ने तिरंगा लहराकर दिया संदेश

सुलतानपुर। स्टेडियम में आज तिरंगा लहराकर खिलाड़ियों ने तिरंगा यात्रा का किया आगाज स्टेडियम परिसर में आज तिरंगे के साथ खिलाड़ियों ने भारत माता के जयकारे लगाएं और साथ ही सभी खेलों में खिलाड़ियों के द्वारा देश की एकता और अखंडता के लिए संदेश लिया ' क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन भी होगा उनके द्वारा खिलाड़ियों को भविष्य में आगामी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी गई इस अवसर पर स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा रामनरेश आशा आनंद श्रीवास्तव चंचल भट्टाचार्य फायजा सहित खिलाड़ी व प्रशिक्षक मौजूद रहे।

तिरंगा यात्रा के शेड्यूल को लेकर भाजपा में विवाद, जिला महामंत्री के विरोध में लगे नारे

समर्थकों ने चौकिया चौराहे पर किया विरोध, तय कार्यक्रम स्थल पर यात्रा नहीं पहुंचने का लगाया आरोप

लम्भुआ, सुलतानपुर। सर्वोदय इंटर कॉलेज से बुधवार को निकाली गई तिरंगा यात्रा देशभक्ति के उत्साह के बीच संपन्न हुई। हालांकि यात्रा के निर्धारित रूट को लेकर भाजपा नेताओं और समर्थकों के बीच विवाद की स्थिति सामने आ गई। चौकिया चौराहे पर कुछ समर्थकों ने भाजपा जिला महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक विजय त्रिपाठी के विरोध में नारेबाजी की। सर्वोदय इंटर कॉलेज परिसर से शुरू हुई तिरंगा यात्रा लम्भुआ बाजार होते हुए दियरा रोड से होकर वापस कॉलेज पहुंची। यात्रा में विधायक सीताराम वर्मा, जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, यात्रा प्रभारी मनोज श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह, संजीव पांडेय, हरिओम सहित अन्य भाजपा नेता, शिक्षक और

बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी तैनात रहा।

तय रूट को लेकर उठे सवाल

यात्रा समाप्त होने के बाद चौकिया चौराहे पर कुछ समर्थकों ने विजय त्रिपाठी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। समर्थकों का आरोप है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा को चौकिया चौराहे पर स्थित शहीद वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और राष्ट्रगान के बाद समाप्त होना था। आरोप है कि यात्रा को दियरा चौराहे से ही मोड़कर सीधे सर्वोदय इंटर कॉलेज ले जाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश सिंह अंगद और उनके समर्थकों का कहना है कि चौकिया चौराहे पर कार्यक्रम को लेकर पहले से तैयारियां की गई थीं। यात्रा में शामिल कार्यकताओं और स्कूली बच्चों के लिए भोजन तथा स्वागत के लिए फूल-मालाओं की व्यवस्था भी की गई थी। यात्रा के चौकिया चौराहे पर नहीं पहुंचने से समर्थकों में नाराजगी देखने को मिली।

पुरानी चुनावी प्रतिद्वंद्विता की भी चर्चा

विरोध के पीछे नगर पंचायत चुनाव की पुरानी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को भी एक वजह बताया जा रहा है। नगर पंचायत चुनाव में अवनीश सिंह अंगद अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, जबकि विजय त्रिपाठी भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में थे। हालांकि, मौजूदा विवाद को लेकर दोनों पक्षों की स्थिति और आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। तिरंगा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। विवाद के बावजूद यात्रा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई।

संक्षेप

750 रुपये के स्टांप पर करोड़ों की जमीन का खेल

आगरा। स्टांप चोरी के एक मामले में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आरोपी कारोबारी भाइयों पर करीब 1.17 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है। यह पूरा मामला मौजा लखनपुर स्थित खसरा संख्या-21 की 8281.20 वर्ग मीटर भूमि से जुड़ा हुआ है। जमीन 40 फीट चौड़े मार्ग पर स्थित है। इस संपत्ति का स्वामित्व मैसर्स दयाशंकर रवि शंकर एओपी के नाम दर्ज था। उप निबंधक द्वितीय आगरा की जांच रिपोर्ट के अनुसार 1 अप्रैल 2018 को डीड ऑफ रीकॉन्स्टिट्यूशन तैयार कराकर एओपी के पुराने सदस्यों रवि शंकर व राजीव गुप्ता को रिटायर्ड दिखाया गया। उनके स्थान पर पुरानी विजय नगर कॉलोनी निवासी रमाशंकर अग्रवाल ने अपने बेटों रचित अग्रवाल और अनुराग अग्रवाल कोदिया। जांच में पाया गया कि लगभग रुपये की इस कुल संपत्ति के 50 प्रतिशत भाग का हस्तांतरण केवल 750 रुपये के स्टांप पर नोटरी के माध्यम से करा लिया गया।

डीएम ने बेसिक विद्यालयों का किया निरीक्षण और आंगनबाड़ी केंद्र की भी लिया जायजा

- निपुण लक्ष्य एवं संदर्शिका के अनुरूप कराई जा रही थी बच्चों की पढ़ाइ 'शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए किया प्रेरित
- बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति पर जताया संतोष

देवरिया । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज विकासखंड भटनी के प्राथमिक विद्यालय गांगी, विकासखंड भलुअनी के प्राथमिक विद्यालय पड़ौली एवं विकासखंड देवरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय मुजहना भटपुरवां तथा विकास खण्ड गौरी बाजार के आंगनवाडी केन्द्र पोखरभिण्डा का निरीक्षण किया। तीनों विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई तथा शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए पाया गया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों की उपस्थिति और शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करें।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में निपुण लक्ष्य एवं निपुण तालिका पर विशेष फोकस किया जाए, ताकि अधिक से अधिक बच्चे निर्धारित दक्षताओं को शीघ्र प्राप्त कर सकें। हमारा प्रयास है कि जनपद के सभी विद्यालयों और विकासखंडों को जल्द से जल्द निपुण बनाया जाए निरीक्षण के दौरान पोखरभिंडा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी जायजा लिया गया, जहां बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री को और अधिक सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण दिलाए जाने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) को दिए गए हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (म्ब्ब्म्) पर विशेष जोर दिया जाना आवश्यक है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को ह्यपहलह्न पुस्तक के माध्यम से उनकी उम्र एवं क्षमता के अनुरूप गतिविधियों से जोड़ते हुए सीखने का अवसर दिया जाए, ताकि जब बच्चे पहली कक्षा में प्रवेश करें तो उनके अंदर आवश्यक बुनियादी दक्षताएं विकसित हो चुकी हों और वे भी शीघ्र निपुण बन सकें।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान एक कुशल पर्यवेक्षक व शिक्षक की भूमिका में नजर आयें। वे श्यामपट्ट पर बच्चों को गणित से संबंधित प्रश्नो को हल कराया। बच्चे सही जवाब दे रहे थे, जिस पर जिलाधिकारी काफी प्रशन्नता व्यक्त किये। एक कक्षा मे तो बच्चों के समक्ष नीचे बैठ कर उनसे पुस्तक पढवाया। बच्चों ने सही रुप से पुस्तक का पाठन किया। वहीं दूसरी तरफ जिलाधिकारी ने उपस्थित शिक्षकों को एक कुशल पर्यवेक्षक की भांति उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने के लिये प्रेरित भी किया।

डीएम ने सेतु निगम की दो निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया औचक निरीक्षण

जिला संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज सेतु निगम की दो निमार्णाधीन परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने महुआपाटन-करौंदी मार्ग पर छोटी गंडक नदी पर निमार्णाधीन सेतु, जिसकी लागत 17 करोड़ 47 लाख रुपये है, के निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रगति पर पाया गया तथा कार्य की प्रगति संतोषजनक रही।

यह परियोजना दिसंबर 2024 में शुरू हुई थी तथा दिसंबर 2026 में इसके पूर्ण होने की तिथि निर्धारित है। जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक, सेतु निगम को निर्धारित समयावधि में परियोजना पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने 15 करोड़ 3 लाख रुपये की लागत से निमार्णाधीन महुआपाटन घाट पर सेतु परियोजना का भी जायजा लिया। मौके पर नदी में पिलर निर्माण का कार्य प्रगति पर पाया गया। यह परियोजना अप्रैल 2026 में प्रारंभ हुई है तथा इसके पूर्ण होने की तिथि सितंबर 2027 निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी ने इस परियोजना को भी समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए।

निर्माण कार्यों में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। गुणवत्ता मानकों के विपरीत कार्य पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान परियोजना प्रबंधक, सेतु निगम, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, डीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएसटीओ आनंद चौरसिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सड़क-नाली निर्माण के लिए रेल प्रबंधक से मिले नगर अध्यक्ष, सौंपा पत्रक

भटनी ,देवरिया ।नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने मंडल रेल प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी से मिलकर नगर क्षेत्र में सड़क और नाली निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) उपलब्ध कराने की मांग को लेकर पत्रक सौंपा ।दिए गए पत्रक में बताया गया है कि नगर पंचायत सीमा के वार्ड नंबर छह स्थित नूरीगंज शुगर मिल गेट पर मंदिर से नूरीगंज तिराहा तक सड़क एवं नाली का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। यह मार्ग भटनी रेलवे जंक्शन से सटा हुआ है। शुगर मिल होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों और रेल कर्मचारियों का आवागमन होता है। रेलवे स्टेशन जाने का प्रमुख मार्ग भी इसी वार्ड से होकर गुजरता है ।पत्रक में कहा गया है कि मंदिर से नूरीगंज तिराहा तक प्रस्तावित सड़क एवं नाली का निर्माण रेलवे की स्वामित्व वाली भूमि/सीमा से संबंधित है। इसके अलावा वार्ड नंबर पांच में मनोज यादव के मकान से रेलवे कालोनी रोड तक करीब 20 मीटर सीसी रोड का निर्माण भी जनहित में कराया जाना है ।नगर पंचायत अध्यक्ष ने रेल प्रबंधक को बताया कि उक्त मार्ग करीब 50 वर्षों से आवागमन के लिए उपयोग में है। सड़क एवं नाली निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और जल निकासी की समस्या भी दूर होगी। उन्होंने दोनों स्थानों पर निर्माण कार्य के लिए रेलवे से अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, ताकि नगर पंचायत की ओर से जनहित में कार्य कराया जा सके ।इनके साथ वार्ड के सभासद पति शिवशंकर मौर्य, एवं पूर्व सभासद सुरेन्द्र यादव उपस्थित रहें।

अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

भटनी (देवरिया)। स्थानीय राजकीय रेलवे थाना क्षेत्र के बनकटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-2पर जाँच के दौरान एक व्यक्ति को अबैध शराब के साथ गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है ।मिली जानकारी के अनुसार पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ट्रेनो में अबैध शराब की तस्करी रोकने ट्रेन यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष जाँच अपराधियों के विरुद्ध चलाने का निर्देश दिया था ।इसी क्रम मे जाँच के दौरान एक व्यक्ति बनकटा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या-2पर मिला ।जिसके पास 45अदद अबैध देशी शराब बबली बंटी प्रत्येक 200एम एल 9लीटर बरामद हुआ ।पकडा गया व्यक्ति मनोज चौहान पुत्र सत्यनारायण चौहान ग्रामरामनगर सतपोखरिया थाना सीवान जिला सीवान बिहार का निवासी बताया गया है ।पकडे गये व्यक्ति के विरुद्ध जी आर पी भटनी में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है ।बरामद करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मौर्या उपनिरीक्षक शिवकुमार मुख्य आरक्षी मिथिलेश खरवार आरक्षी जितेंद्र चौधरी शामिल रहे ।

प्रदेश में बारिश, देवरिया में सूखे की आहट से किसानों की बढ़ी चिंता

- एक पखवाड़े से बारिश नहीं, खेतों में पढ़ने लगी दरारें

देवरिया ।एक तरफ जहां प्रदेश के कई जिलों में इन दिनों झमाझम बारिश हो रही है, वहीं देवरिया जिले में करीब एक पखवाड़े से बारिश नहीं होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। लगातार बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के खेत अब सूखने लगे हैं। खासकर धान की फसल को लेकर किसान परेशान हैं और फसल बचाने के लिए उन्हें निजी संसाधनों और महंगे डीजल से सिंचाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है ।बारिश के अभाव में खेतों की नमी लगातार कम हो रही है ।जिन खेतों में धान की फसल खड़ी है, वहां पानी की जरूरत बढ़ गई है। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं, लेकिन बादल उम्मीद के मुताबिक बरस नहीं रहे हैं। समय पर बारिश नहीं हुई तो धान समेत खरीफ की अन्य फसलों पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है।

किसानों का कहना है कि इस समय धान की फसल को पर्याप्त पानी की आवश्यकता है। बारिश न होने से डीजल और बिजली से निजी सिंचाई कराने का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह खर्च परेशानी का कारण बन रहा है ।बारिश के इंतजार में आसमान की ओर टिकी निगाहेंप्रदेश के दूसरे हिस्सों में भारी बारिश की खबरों के बीच देवरिया में सूखे जैसे हालात बनने की आशंका ने किसानों की बेचैनी बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो खेतों की नमी और घटेगी तथा फसल पर संकट गहरा सकता है।

किसानों ने प्रशासन से नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने, सरकारी नलकूपों को सुचारु रखने और बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बारिश होने तक फसलों की सिंचाई में परेशानी न हो। विदित हो कि जिले गौरीबाजार,बैतालपुर,देशी,तरकुलवा ,पथरदेवा आंशिक देवरिया सदर ब्लाकों में ही नहरी सिंचाई सुविधा है बाकी रेलवे लाइन के दक्षिण स्थित विकास खंडों में डीजल पंप, बिजली के मोटर पम्पों ट्यूबेल से ही सिंचाई होती है ।

शस्त्र लाइसेंस धारक ध्यान दें

आगरा। शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण और वारिसान के नाम स्थानांतरण पर एक हजार रुपये अतिरिक्त शुल्क लगेगा। यह शुल्क खेल एवं विकास प्रोत्साहन के खाते में जाएगा। इससे खेल सुविधाओं में इजाफा होगा। जिलाधिकारी मनीष बंसल की इस अनूठी पहल से एक तरफ असलहा का शौक रखने वालों की जेब ढीली होगी, जबकि खिलाड़ियों को फायदा होगा।

शोषित व वंचित वर्गों तक पहुंचाएं सरकारी योजनाओं का लाभ

ललितपुर। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की सेंट्रल मॉनीटरिंग कमेटी के सदस्य राम सिंह बाल्मीकि ने ललितपुर पहुंचकर लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस में अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित शोषित और वंचित वर्गों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन, पात्र लाभार्थियों तक पहुंच और लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाए। कहा कि किसी भी स्तर पर वंचित वर्गों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य जरूरतमंद लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड ? के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए और पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। बैठक में कई फरियादियों ने सदस्य के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं।

मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मचारियों ने संयुक्त ज्ञापन देकर बताया कि उन्हें कई महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए राम सिंह वाल्मीकि ने दूरभाष पर सीएमओ से वार्ता की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नए टेंडर की प्रक्रिया में आउटसोर्सिंग सेवा निगम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने तथा की गई कार्रवाई से उन्हें व्यक्तिगत रूप से अवगत कराने के निर्देश दिए। सदस्य के हस्तक्षेप के बाद कर्मचारियों में खुशी का माहौल रहा और उन्होंने उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। नगर क्षेत्र की कुछ महिलाओं ने नगर पालिका में आउटसोर्सिंग व्यवस्था को लेकर शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि कुछ कर्मचारियों द्वारा अपने रिश्तेदारों के नाम आउटसोर्सिंग में दर्ज कराए गए हैं और बिना काम किए वेतन दिलाया जा रहा है।

शिकायत पर सदस्य ने इसे गंभीर मामला बताते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा को निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्था से आउटसोर्स कर्मचारियों की पूरी सूची प्राप्त कर उनका स्थलीय सत्यापन कराया जाए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान शिकायतकताओं ने मृतक आश्रितों को दस साला का लाभ न दिए जाने की शिकायत रखी। इस पर सदस्य ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लगभग आठ माह पूर्व किए गए निरीक्षण के दौरान भी इस समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अभी तक इसका निस्तारण नहीं होना गंभीर और खेदजनक स्थिति है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

श्रीलंका के सबरगमुआ विश्वविद्यालय में संबोधित करेंगे डॉ. गोपेश्वर

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर क्षेत्र के नदवा विशुनपुर निवासी डॉ. गोपेश्वर दत्त पांडेय को श्रीलंका के सबरगमुआ विश्वविद्यालय से बुलावा आया है। वे वहां 25 सितंबर को प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता विषय पर विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर उनके शुभेच्छुओं ने बधाई दी है ।डॉ. गोपेश्वर दत्त पांडेय दिल्ली विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के वरिष्ठ सहायक आचार्य के पद पर तैनात हैं। उन्होंने उपन्यासों की कथा संरचना पर डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की है। उन्हें श्रीलंका के सबरगमुआ विश्वविद्यालय से बुलावा पत्र मिलने पर गांव में उत्सव का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर दिवाकर दत्त पांडेय, डॉ. विनोद द्विवेदी, प्रोफेसर नित्यानंद श्रीवास्तव, डॉ. कमलेश दत्त पांडेय, प्रोफेसर सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, अजिता पाण्डेय, दिग्विजय सिंह आदि ने बधाई दी है।

नवजात को बेचे जाने की अफवाह भ्रामक, बच्चा पूरी तरह सुरक्षित

देवरिया । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कहा कि जनपद में मेडिकल कॉलेज में जन्मे एक बच्चे को बेचे जाने संबंधी अफवाह संज्ञान में आई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अफवाह पूरी तरह भ्रामक एवं असत्य है। संबंधित बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है और अपने परिवार के साथ है जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे एवं उसके परिवार की निजता को ध्यान में रखते हुए उनकी पहचान अथवा नाम सार्वजनिक करना उचित नहीं है। उन्होंने अपील की है कि बिना तथ्यात्मक पुष्टि के किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें और न ही उसे सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से प्रसारित करें। ऐसी अफवाहों से परिवार को अनावश्यक परेशानी होने के साथ ही जनपद की छवि भी प्रभावित होती है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को इस प्रकार की किसी घटना अथवा शिकायत की वास्तविक जानकारी मिलती है तो वह तत्काल जिला प्रशासन के संज्ञान में लाए। जिला प्रशासन द्वारा मामले की तथ्यात्मक जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि अफवाहों से बचें, तथ्यों की पुष्टि किए बिना किसी सूचना को साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध प्रकरण की जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएंए जिससे समयबद्ध एवं नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

जेडीसी गोरखपुर ने टेक होम राशन इकाइयों का किया निरीक्षण

देवरिया । जनपद में संचालित टेक होम राशन (टीएचआर) उत्पादन इकाइयों का जेडीसी गोरखपुर प्रेम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान विकासखंड देवरिया सदर स्थित नारी एकता महिला लघु उद्योग एवं गौरी बाजार स्थित स्वगत प्रेरणा महिला लघु उद्योग का भ्रमण कर उत्पादन, स्वच्छता तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को टीएचआर की आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया गया निरीक्षण के दौरान एओपी सदस्यों को निर्देशित किया गया कि टीएचआर इकाइयों में प्रतिदिन न्यूनतम पांच मीट्रिक टन उत्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उत्पादन इकाइयों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार आईसीडीएस केंद्रों को टीएचआर की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गएजेडीसी गोरखपुर ने कहा कि टेक होम राशन इकाइयां पोषण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही ये ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आजीविका के अवसर भी उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने एओपी सदस्यों को इकाइयों के सुचारु संचालन, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और समयबद्ध आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं एओपी के सदस्य उपस्थित रहे।

मासूम प्रिशा की मौत पर आक्रोश, डीएम व एसपी को सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता

बिजनौर। प्राईवेट अस्पताल में उपचार के दौरान एक सप्ताह पूर्व सात वर्षीय बच्ची प्रिशा की मौत का मांमला तूल पकडता जा रहा है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक और सीएमओ को ज्ञापन देकर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर एंव पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से मिलकर दिए गए ज्ञापन में कहा कि हल्दौर निवासी पत्रकार एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इकाई जनपद बिजनौर के सदस्य संजीव मिश्रा ने अपनी सात वर्षीय पुत्री प्रिशा को बुखार आने पर बीती 05 अगस्त को बिजनौर शहर के गोपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

पत्र में आरोप लगाया गया है कि रातभर बच्ची की हालत ठीक रही, लेकिन सुबह तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने चिकित्सक पंकज चैधरी से मिलने का प्रयास किया। आरोप है कि स्टाफ ने चिकित्सक से मिलने से रोक दिया। इसके बाद बच्ची के पिता संजीव मिश्रा और उनकी पत्नी चिकित्सक के केबिन में जाकर डॉक्टर पंकज चैधरी से मिले। एसोसिएशन का आरोप है कि बच्ची की हालत खराब होने के बावजूद चिकित्सक ने उसे देखना उचित नहीं समझा। पत्र में कहा गया है कि समय पर चिकित्सा नहीं मिलने के कारण बच्ची की हालत बिगड़ती गई और शाम के समय उसकी मौत हो गई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मामले में चिकित्सक एवं स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराने, सीएमओ बिजनौर द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट से अवगत कराने तथा जिले के सभी निजी अस्पतालों में प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित कराने की मांग की है। एसोसिएशन ने चिकित्सकों द्वारा मरीजों के उपचार के लिए लिखी गई दवाओं की सभी मेडिकल स्टोरों पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा चिकित्सकों की परामर्श फीस न्यूनतम एवं समान आधार पर निर्धारित किए जाने की भी मांग की है। एसोसिएशन ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में भानु प्रकाश वर्मा, जितेंद्र सिंह, ब्रजेश शर्मा, अतुल शर्मा गांधी, विनय कौशिक, अवनीश शर्मा, कौशल कुमार, शाहिद, प्रमोद चैहान, कामेंद्र सिंह, विनय मोहन शर्मा, नीरज कुमार आदि शामिल रहे।

पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित

जिला संवाददाता

बिजनौर। राजकीय वाहन चालक संघ चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की राजकीय वाहन चालक संघ के कार्यालय पर पदाधिकारियों की जिलाध्यक्ष फ्रेंक आस्किन की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री नरेंद्र कुमार के संचालन में बैठक आयोजित हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने 21 अगस्त को होने वाली तिरंगा यात्रा में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि नई पेंशन व्यवस्था को लेकर सभी शिक्षक एवं कर्मचारी आक्रोशित है। इस सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करनी होगी जब तक पुरानी पेंशन बहाली नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। राजकीय वाहन चालक संघ के जिलाध्यक्ष फ्रैंक आस्किन व जिला मंत्री नरेंद्र कुमार एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश सैनी व जिला मंत्री सलीम अहमद ने अटेवा के आगामी आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि अटेवा ईमानदारी से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत है। इस अवसर पर अटेवा जिला आईटी सेल प्रभारी नीरज सिसौदिया राजकीय वाहन चालक स्वास्थ्य परिवार कल्याण संघ के उपमंत्री अमित महलोत्रा ऑडिटर जवर सिंह अंकित सैनी पुर्व मंत्री आदि ने विचार व्यक्त किए।

आखिर कब तक भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता रहेगा नगर का विकास

बिना सूचना बोर्ड के पिछले 8 महीनों से सुस्त चाल से चल रहा निर्माण, कार्य ने मानकों की धज्जियां उड़ा दी हैं

- 85 लाख के 900 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क ने खोली नगर पालिका की पोल!, आधे निर्माण में हुआ पुरानी ईंटों का इस्तेमाल।
- पत्रावली मंगवाने की बात कहकर ईओ ने झाड़ा पल्ला, नगर वासियों ने उच्चस्तरीय जांच की उठा रहे है मांग।

कुशीनगर। नगर पालिका परिषद के विकास कार्यों की हकीकत अब शहर की धूल और उखड़ी हुई ईंटों के बीच दफन होने लगी है। शहर के वार्ड नंबर-13 राम जानकी नगर में मठ मंदिर गेट से लेकर 900 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण इन दिनों शहरभर में सबसे बड़ा चर्चा का विषय बना हुआ है।85 लाख रुपये की भारी-भरकम स्वीकृत धनराशि से बनने वाली इस सड़क पर विकास कम और भ्रष्टाचार का नंगा नाच ज्यादा देखने को मिल रहा है। जनता के टैक्स के पैसों से बनने वाली इस सड़क पर जिस तरह से मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, उसने एक बार फिर पूरे प्रशासनिक तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया है। नगर वासियों ने डीएम कुशीनगर से सवाल किया कि डीएम साहब ! आखिर कब तक भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता रहेगा नगर का विकास? आखिर कब होगी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे इस विकास कार्य की उच्चस्तरीय जांच?

पुरानी ईंटों का खेल और घटिया निर्माण की पराकाष्ठा

सरकारी दिशा-निदेर्शों और मानकों के मुताबिक किसी भी सड़क निर्माण में उच्च गुणवत्ता की नई सामग्री का इस्तेमाल होना अनिवार्य है, ताकि सड़क लंबे समय तक टिक सके और जनता को आवागमन में सहूलियत मिले। लेकिन राम जानकी नगर में जो तस्वीर सामने आई है, वह बेहद चौंकाने वाली है। इस 85 लाख के प्रोजेक्ट में नई ईंटों की जगह उसी सड़क से निकाली गई पुरानी, जर्जर और घिसी-पिटी सीमेंटेड ईंटों को दोबारा धड़ल्ले से बिछाया जा रहा है। ?इस घिनौने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए ठेकेदार की चालाकी देखिए–बीच बीच में नई लाल ईंटों की केवल एक-एक पट्टी सजा दी जाती है, ताकि देखने वालों को सब कुछ नया और दुरुस्त लगे। यह ओछी लीपापोती सीधे तौर पर इस बात की गवाही दे रही है कि किस तरह से मिलीभगत कर सरकारी खजाने को दोनों हाथों से लूटा जा रहा है।

निर्माण की अवधि और पारदर्शिता का अभाव: 8 महीने से चल रहा मनमानी का खेल

?नियमों के अनुसार किसी भी विकास स्थल पर एक आधिकारिक सूचना बोर्ड लगाया जाना कानूनी रूप से अनिवार्य होता है, जिस पर योजना का नाम, कुल लागत, ठेकेदार का नाम, कार्य प्रारंभ होने की तिथि और कार्य पूर्ण होने की अंतिम तिथि स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए। लेकिन इस 900 मीटर लंबी सड़क के निर्माण स्थल पर दूर-दूर तक ऐसा कोई बोर्ड नहीं है ।इसी पारदर्शिता के अभाव का नतीजा है कि बिना किसी निश्चित समयावधि के यह निर्माण कार्य पिछले 8 महीनों से कछुआ गति से खिंच रहा है। जनता को यह तक नहीं पता कि इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक समय-सीमा क्या है और यह कब तक बनकर तैयार होना था।

ईओ के बयान के क्या हैं मायने

जब इस पूरे सनसनीखेज मामले पर अधिशासी अधिकारी से बात की गई, तो उनके गोलमोल जवाबों ने भ्रष्टाचार के इन आरोपों को और पुख्ता कर दिया। ईओ का यह कहना कि ₹उन्हें निर्माण की पूरी जानकारी नहीं है और वे पत्रावली मंगवाकर दिखवाती हैं₹–यह सीधे तौर पर उनकी या तो कार्यप्रणाली पर बेपरवाह नजरअंदाजगी को दशार्ता है या फिर मिलीभगत की तरफ इशारा करता है। वहीं, जब सड़क के पहले से ठीक होने और उसे बेवजह उखाड़ने पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि वे उस रास्ते से गुजरी थीं और सड़क ठीक नहीं थी, खराब सड़क देखकर ही कार्य कराया जाता है। सवाल यह उठता है कि यदि सड़क खराब भी थी, तो क्या मानकों को ताक पर रखकर उसमें केवल पुरानी ईंटें लगने की अनुमति है?

जनता का सवाल: कब जागेगा जिला प्रशासन

?शहर के कई वार्ड आज भी बुनियादी सुविधाओं, कच्ची सड़कों और जलभराव के संकट से जूझ रहे हैं, जहां नगर पालिका का कोई नुमाइंदा झांकने तक नहीं आता। ऐसे में, एक ठीक-ठाक सड़क को सुनियोजित तरीके से उखाड़कर पुरानी सामग्री से पाटना जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

राम जानकी नगर की जनता ने अब जिला प्रशासन से सीधे हस्तक्षेप की मांग की है। शहर में यह चर्चा भी जोरों पर है कि पर्दे के पीछे इस खेल की डोर नगर अध्यक्ष के इशारों पर चल रही है।

इसमें कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा। अब देखना यह है कि डीएम साहब इस गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए कब तक इस भ्रष्टाचार के खेल की निष्पक्ष जांच करवाते हैं और दोषी चेहरों को बेनकाब करते हैं।

जोड़ों के दर्द को न करें अनदेखा: डा. खैरा

ललितपुर। विश्व जोड़ प्रत्यारोपण दिवस यानी वर्ड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट डे पर बुधवार को अस्थिरोग विशेषज्ञ सर्जन डा.आकाश खैरा ने एक विशेष जागरूकता अभियान का संचालन किया। उनका सहयोग करने वालों में अपोलो सेज अस्पताल भोपाल के ऑर्थोस्कोपी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डा.युगल वरंदानी की टीम मौजूद रही। जागरूकता अभियान के दौरान डा.आकाश खैरा ने आमजन को जागरूक करते हुये बताया कि जोड़ों के दर्द को नरजअंदाज न करें, बल्कि समस्या का सही समाधान करें। उन्होंने बताया कि आजकल की आपाधापी वाली जिंदगी में बढ़ती उम्र, मोटापा और गठिया रोग की वजह से घुटनों व कूल्हों के दर्द की समस्या लगातार बढ़ रही है। यदि उठने बैठने, चलने फिरने या सीढि ?ां चढ ? में मरीज को लगातार दर्द हो तो यह जोड़ों के घिसाव का संकेत हो सकता है। इसका समुचित इलाज अधिकांश लोगों में दवा और फिजियोथेरेपी से हो सकता है। सारे मरीजों को जोड़ बदलवाने की जरूरत नहीं पड़ती है। इसके लिये मरीज को दैनिक दिनचर्या में सही बदलाव की आवश्यकता होती है। अपोलो सेज के सर्जन डा.युगल वरंदानी ने बताया कि जोड़ रोगों के इलाज के शुरूआती दिनों में जोड़ों में लगने वाले इंजेक्शन और उचित बाह्य पट्टों से काफी आराम मिल जाता है और घुटना बदलवाने की जरूरत नहीं होती है। उन्होंने बताया कि की-होल सर्जरी और दूरबीन पद्धति से आपरेशन करके भी बीमारी का इलाज किया जाता है। यह भी बताया कि वर्तमान में उन्नत तकनीकि से किये जाने वाला ज्वाइंट रिप्लेसमेंट का ऑपरेशन अब पूरी तरह सुरक्षित और भरोसेमंद है। इससे डरने की जरूरत नहीं है। अब कूल्हे और घुटने की समस्या का सही इलाज संभव है। इस अभियान के दौरान आलिया बानो, ऋचा व्यास, नैनसी व्यास, कंचन, राहुल शर्मा, निशान्त कुमार, महक, अनिमेश तिवारी आदि का सहयोग रहा।

राज्यों का बढ़ता कर्ज

राज्यों की वित्तीय सेहत लगातार बिगड़ रही है। चुनावी योजनाओं, खराब वित्तीय प्रबंधन और संसाधन जुटाने में आने वाली सियासी चुनौतियों के बीच राज्यों का कर्ज लगातार बढ़ रहा है। अब इसी बात को सीएजी ने अपनी रिपोर्ट के माध्यम से रेखांकित किया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा राज्यों के वित्तीय ऑडिट की हालिया रिपोर्टों ने शीर्ष बजट आंकड़ों और कई राज्यों की वास्तविक वित्तीय हालत के बीच अंतर उजागर कर दिया है। लेखा परीक्षक ने पाया कि बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने जो राजस्व और राजकोषीय घाटा बताया, वह वास्तविक घाटे से कम था। यह अंतर बजट के बाहर उधारी, व्यय के गलत वर्गीकरण, पेंशन अंशदान देर से पहुंचाने और दूसरी बकाया देनदारियों को ध्यान में रखने के बाद सामने आया। बजट से बाहर उधारी पर राज्यों की बढ़ती निर्भरता सबसे बड़ी चिंता है। सरकारी स्वामित्व वाले उपक्रम, विशेष उद्देश्य से बनी कंपनियां और सरकार नियंत्रित संस्थाएं ये ऋण लेती हैं और अनुदान, गारंटी या समर्पित राजस्व के जरिये इन्हें भरना राज्यों को पड़ता है। ऐसी उधारी का

राज्यों का बढ़ता कर्ज और राजकोषीय घाटा दरअसल आने वाले दिनों में बड़ी वित्तीय चुनौती बन सकती है।

इस्तेमाल अक्सर बुनियादी ढांचे, सब्सिडी या घाटे में चल रही सरकारी कंपनियों को वित्तीय मदद देने के लिए की जाती है और यह सरकार के बही खातों में तत्काल देनदारी के रूप में नजर नहीं आती। इससे शीर्ष राजकोषीय संकेतकों की विश्वसनीयता कमजोर पड़ती है। सोलहवें वित्त आयोग के लिए हाल में तैयार एक रिपोर्ट में विश्व बैंक ने पाया कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु ने 2021 से 2023 के बीच बड़े पैमाने पर बजट से इतर उधारी ली, जो उनके सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 0.6 से 4 फीसदी के बीच रही। यहां असल समस्या है राज्यों द्वारा पारदर्शी और एकसमान रूप से नहीं बताया जाना। एक के बाद एक वित्त आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक बार-बार यह चिंता जताते रहे हैं। रिजर्व बैंक का तर्क है कि राजकोषीय उत्तरदायित्व का कानून केवल घाटे के आंकड़ों की निगरानी नहीं करे बल्कि व्यापक राजकोषीय जोखिमों का आकलन भी करे। उसने जोखिम-आधारित राजकोषीय ढांचे की सिफारिश की है, जिसके अंतर्गत सरकारें बजट से इतर उधारी, गारंटी, आकस्मिक देनदारियों और पेंशन दायित्व को व्यापक राजकोषीय जोखिम विवरणों के जरिये नियमित रूप से सार्वजनिक करें। सीएजी के निष्कर्षों ने व्यय के वर्गीकरण में कमजोरी भी सामने आई हैं। कई राज्यों ने नियमित राजस्व व्यय को पूंजीगत व्यय दिखा दिया, जिससे राजस्व घाटा कम दिखा और पूंजीगत व्यय बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। ऐसे गलत वर्गीकरण से न केवल राजकोषीय संकेतक बिगड़ते हैं बल्कि सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता के बारे में भ्रामक धारणा भी बनती है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में उल्लेख है कि बजट से इतर ऋण चुकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले अनुदान अक्सर इस शीर्षक के अंतर्गत रख दिए जाते हैं, जिससे उनका असली उद्देश्य स्पष्ट नहीं होता। सीएजी ने देखा कि बड़ी राशि भी इस शीर्षक के अंतर्गत दर्ज की जाती है, जिससे विधायिका, निवेशकों और नागरिकों के लिए यह समझना कठिन हो जाता है कि सार्वजनिक धन वास्तव में कहां खर्च किया जा रहा है। स्टैंडर्ड राजकोषीय रिपोर्टिंग व्यवस्था में प्रत्येक राज्य के लिए बजट के साथ-साथ बजट से इतर उधारी, गारंटी, संभावित देनदारियों, एस्क्रो राजस्व (किसी विशेष उद्देश्य के लिए अलग), अप्रदत्त वैधानिक दायित्व और पेंशन देनदारियों को भी सार्वजनिक करना आवश्यक होना चाहिए। रिजर्व बैंक ने पहले ही कहा है कि राज्यों को मध्यम-अवधि व्यय ढांचा भी अपनाना चाहिए ताकि बहुवर्षीय व्यय योजना के माध्यम से नीतिनिर्माण को बजट निर्माण के साथ बेहतर ढंग से जोड़ा जा सके और राजकोषीय जोखिम विवरण नियमित रूप से प्रकाशित किए जाएं।

विचार

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है। कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं औरवह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्तिजब तक किसी वस्तुके लिए श्रम नहीं करेगा , तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

आतंकी साजिश के साये में सुरक्षा बलों की वर्दी

मनोज वार्ष्णेय

आर्म्ड फोर्स, पैरा मिलिट्री तथा स्थानीय सुरक्षा कर्मियों के साथ अगर भरोसा टूटता है तो आतंकवाद को और असामाजिक तत्वों को ही लाभ होता है। बेहतर हो कि अब इस दिशा में खुद यह सभी जागरुकता अभियान चलाएं अन्यथा डिजिटल अरेस्ट या सुरक्षा कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं कम होने के स्थान पर बढ़ेगीं और भरोसा टूटेगा वह अलग।

देश में आतंकवाद अब कई अन्य रूपों में सामने आ रहा है। इसमें सेना तथा पुलिस की वर्दी भी अब आतंकवादियों तथा गैर कानूनी काम करने वालों के निशाने पर है। जनता और सुरक्षा बलों के बीच कायम सद्भावना को खत्म करने, दहशत फैलाने तथा आर्म्ड फोर्स पर से जनता का भरोसा तोड़ने के लिए वर्दी से मिलते-जुलते कपड़ों का इस्तेमाल आतंकवादियों ने खुलेआम करना आरंभ कर दिया है। हाल में राजस्थान के श्रीगंगानगर में आर्मी इंटेलिजेंस ने पुलिस के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर इस साजिश को पकड़ा। यहां के स्टेशन रोड तथा गोल बाजार में करीब एक दर्जन दुकानों पर छापेमारी की गई और बरामदगी में एक हजार मीटर से अधिक ऐसा कपड़ा मिला, जो सेना की नई डिजिटल कॉम्बेट यूनिफार्म की नकल था। इतना ही नहीं ऐसे जूते, टोपी, बेल्ट, फीते आदि भी बरामद हुए जिन्हें सेना प्रयोग करती है। सेना ने इसे सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा माना। चिंता की बात यह है कि यह क्षेत्र पाकिस्तान से जुड़ी सीमा का है। अभी कुछ दिन पहले ही जब काकरोच पार्टी का जंतर-मंतर पर धरना चल रहा था, तो वहां पर भी पुलिस वर्दी में तोड़फोड़ की साजिश की बात सामने आयी थी। पश्चिम बंगाल के एसटीएफ ने कहा था कि उसने जिस संदिग्ध को पकड़ा है, वह जैश-ए-मोहम्मद से आपरेटिव है। उसने इस आंदोलन में पुलिस की वर्दी में घुसपैठ और अशांति की साजिश रची।

आईजी गौरव शर्मा ने तो यहां तक कहा कि इस आतंकी मॉड्यूल के निशाने पर मुख्यमंत्री शुभेन्द्र अधिकारी भी थे। समझा जा सकता है कि वर्दी की आड़ में किस तरह से आतंक का पैतरा चलने की चाल चली जा रही है। यहां पर यह बात भी ध्यान रखने की है कि जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन के दौरान पुलिस का आंदोलनकारियों पर दमन के वीडियो जिस तरह से सामने आ रहे हैं, उससे यह शंका पुख्ता होती है कि कहीं कोई साजिश तो नहीं थी। वैसे कोर्ट भी कह चुका है कि इस तरह का दमन सही नहीं है। यह बात अलग है कि अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि बर्बरता करने वाले पुलिस कर्मी कौन थे

और किसने सद्भावना की सारी सीमाएं तोड़ी? पुलिस का यह कहना कि वहां पर दो हजार से अधिक गैरकानूनी काम करने वाले थे।

सामयिक

दरअसल, वर्दी चाहे पुलिस की हो, आर्म्ड फोर्स की हो या फिर अन्य सुरक्षा बलों की हो। सभी के प्रति आम जनता में एक सम्मान है और इसकी उपस्थिति ही सुरक्षा की गारंटी मानी जाती है। आतंकवादी लंबे समय से इसी का लाभ उठा रहे हैं और जब, तब इसकी आड़ में आतंक की घटनाएं करते रहते हैं। पुलवामा, पठानकोट, पहलगाम, नगरोटा, कठुआ, सांबा, राजौरी तथा पुंछ की घटनाएं हों या फिर कालूचक नरसंहार, उरी और सुंजवां का मामला सभी में यह बात सामने आयी की आतंकवादियों ने सेना या पुलिस की वर्दी का उपयोग किया। सुरक्षा घेरे को चकमा देने तथा अपनी पहचान छिपाने के लिए इस तरह की जब घटनाएं अधिक हुई तो सेना ने वर्ष 2023 में नई डिजिटल पैटर्न कॉम्बेट यूनिफार्म लागू की। अधिक सुरक्षा के लिए रक्षा मंत्रालय ने इसकी नकल को बाजार में बेचने पर रोक लगायी और कहा कि यह अपराध की श्रेणी में आयेगा। इसके बाद भी देश में इस तरह का कपड़ा आसानी से मिल रहा है।

दिल्ली में ही आजाद नगर, महालक्ष्मी मार्केट इसके केन्द्र बने हैं। देशभर में सैन्य छावनी क्षेत्र में अधिकृत दुकानों के अतिरिक्त दूसरी दुकानों पर यह जब आसानी से मिल रहा है, तो आतंकवादियों को इसे खरीदने में कोई परेशानी नहीं हो रही। पंजाब, राजस्थान, गुजरात तथा बिहार के उन क्षेत्रों में तो खतरा और अधिक है। यहां पर दूसरे देशों की सीमा से इन वर्दियों की बदौलत घुसपैठिए घुस रहे हैं। उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड की सीमा नेपाल से लगती है और वहां पर अवैध घुसपैठ करने वाले आसानी से इसी योजना को फलीभूत करके भारत में आ रहे हैं। कुछ समय पहले पंजाब के गुरदासपुर तथा चाकरी पोस्टों पर आधा दर्जन आतंकी देखे जाने की बात सामने आयी, खतरनाक यह कि इनके पास सेना के कैप्टेन, सुबेदार रैंक की वर्दी होने की जानकारी थी। जहां तक पंजाब का मामला है, तो यहां पर तो एक दशक पहले सेना की वर्दी हजार रुपए में आसानी से मिलना आम बताया जाता है। जहां तक सेना-पुलिस की वर्दी के दुरुपयोग की बात है, तो इस वक्त पुलिस की वर्दी का प्रयोग तो आम हो गया है। डिजिटल अरेस्टर पुलिस जैसी वर्दी में यह काम धड़ल्ले से कर रहे हैं।

जब देश में डाकुओं का आतंक था, तो वह तो अधिकतर इसका प्रयोग करते थे, जिससे जनता भ्रमित हो जाती थी। वैसे मेले, सामाजिक कार्यक्रमों में खाकी ड्रेस में सुरक्षा कर्मी हर जगह नजर आते हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि वर्दी का खौफ अब खतरे में है? सुरक्षाकर्मियों के पास उनके अपने कोडवर्ड होते हैं, वह जब कहीं पर मूवमेंट में होते हैं, तो उनके पास खुद की सुरक्षा के लिए कई अन्य रास्ते भी होते हैं। इसके विपरीत आम जनता में उनकी असली पहचान आसान नहीं होती। कारण सेना हो या पुलिस की ड्रेस इन्हें खरीदकर पहन लेना और फिर वैसा ही बर्ताव करना यह आतंकवादी या असामाजिक तत्व आसानी से कर सकते हैं।

जेके में तो आतंकवादियों की इसी हरकत से सेना काफी बदनाम भी हुई थी। एक समय था, जब वहां पर सेना के लिए कहा जाता था कि वह घरों में घुसकर आम जनता से दुर्व्यवहार करती है। आतंकवादियों की चाल को नाकाम करने के लिए सुरक्षा बलों को अधिक मजबूत रणनीति अपनानी पड़ती है। जल्दी-जल्दी पासवर्ड बदलना या फिर दूसरे उपायों पर उसका अधिक समय खर्च होता है। गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस तथा दीपावली, होली या अन्य राष्ट्रीय-सामाजिक पर्वों पर खास चैकसी बरतनी होती है। रक्षा विशेषज्ञ कहते हैं कि इस तरह का काम सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। पहले तो पहचान का कंफ्यूजन रहता है फिर वर्दी देखकर जब आम लोग तुरंत भरोसा कर लेते हैं। कई बार यह चेकिंग से भी बच जाते हैं। इससे इन्हें चेक पोस्टों में घुसने में आसानी रहती है। बाद में इस तरह की बात सामने आती है, तो लोगों का भरोसा टूटता है।

अगर कानूनी तरीके से देखें तो वर्दी की नकल करना कानूनन जुर्म है। तीन माह से लेकर दो साल तक की कैद के साथ ही आर्थिक दंड भी सजा में शामिल है। यह कह देना कि इसमें पाकिस्तान का हाथ है, भी पूरी तरह से सही नहीं है। कारण सीधा सा है कि कई बार वर्दी ऐसे लोग भी पहन लेते हैं, जो पहले कभी सेवा में रहे हों, कई बार पुलिस या सेना से बचने के लिए भी वर्दी का इस्तेमाल लुटेरे या अन्य क्रिमिनल करते हैं। पर इन सभी का मकसद एक ही होता है धोखा देकर दहशत फैलाना तथा जनता का भरोसा खत्म करना। आर्म्ड फोर्स, पैरा मिलिट्री तथा स्थानीय सुरक्षा कर्मियों के साथ अगर भरोसा टूटता है तो आतंकवाद को, असामाजिक तत्वों को ही लाभ होता है। बेहतर हो कि अब इस दिशा में खुद यह सभी जागरुकता अभियान चलाएं अन्यथा डिजिटल अरेस्ट या सुरक्षा कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं कम होने के स्थान पर बढ़ेगीं और भरोसा टूटेगा वह अलग।

सोशल मीडिया

पूरा देश देख रहा है कि झारखंड में छात्र शांति पूर्ण और अनुशासित संघर्ष कर रहे हैं, न गाली गलौज, न अभद्र भाषा, न अज्ञान पेमेंट से महंगा भोजन, न पिकनिक जैसा माहौल। सुधांशु त्रिवेदी.

केरल में भारी बारिश से हुई तबाही से दुख हुआ, जिन 8 लोगों की जान गयी है, उन परिवारों के प्रति गहरी संवदेना है, लापता हैं वे सुरक्षित मिलें और घायल शीघ्र स्वस्थ हों। राहुल गांधी

बदायूं में डॉक्टर के साथ हुए दुर्व्यवहार और अमानवीय तरीके से की गयी मारपीट से केवल उप्र ही नहीं पूरे देश के डाक्टर आक्रोशित हैं। हमले का मुकदमा दर्ज हो यहां। अखिलेश यादव

मनीषियों का सानिध्य

अंतर्दृष्टि

सत्संग का अर्थ है सम्भ्रांत, आदर्श चरित्र, तत्वदर्शी मनीषियों की संगति, सानिध्य और शिक्षा का अवगाहन। ऐसे मनीषी आज बहुत ही कम हैं। जो हैं वे कार्य में व्यस्त रहने के कारण व्यक्तिगत सत्संग क लिए समय नहीं दे पाते। ऐसी दशा में आत्म निर्माण संबंधी प्रवचनों की जहां व्यवस्था हो वहां पहुंचा जा सकता है। महापुरषों के ग्रंथ भी सत्संग का ही काम दे सकते हैं। वे मनीषी भले ही हमसे दूर हों या स्वर्गवासी हो चुके हों तो भी उनके विचार उनके लिखे ग्रंथ हमें सदा प्रस्तुत मिलेंगे और वे हमें सत्संग का लाभ देते रहेंगे। आज सत्संग के नाम पर निराशावादी भाग्यवादी पलायनवादी अतिवादी विचारधारा देने वाले साधु बाबाजी बहुत हैं। इन विचारों से भ्रम जंजाल ही बढ़ता है और उसके प्रभाव से व्यक्ति एक प्रकार से निकम्मा ही बन जाता है। इसलिए ऐसे सत्संग को कुसंग मानकर उससे बचते रहना ही उचित है। चिंतन और मनन के बिना पुस्तक बिना साथी का स्वाध्याय सत्संग ही है। अपने आप अपनी स्थिति पर अपनी त्रुटियों और दुर्बलताओं पर विचार करके, बुराइयों को छोड़ने और अच्छाइयों को बढ़ाने के लिए अकेले में सोच विचार कराना चिंतन है और उत्थान पथ पर अग्रसर करने वाली सतशिक्षा के महत्व एवं माहात्म्य पर विस्तारपूर्वक सोचना एवं उसी ढांचे में अपने को ढालने की योजना बनाना मनन है। चिंतन और मनन करते रहने वाला मनुष्य अपनी बौद्धिक चरित्र और लौकिक दुर्बलताओं को आत्मनिरीक्षण एवं आत्मा आलोचनाओं के आधार पर भली प्रकार जान सकता है और जिस प्रकार रोग का निदान होने पर चिकित्सा सरल हो जाती है। उसी प्रकार अपनी त्रुटियों को जानने वाला उन्हें सुधारने का उपाय भी ढूंढ ही निकालता है। रात्रि को सोते समय दिन भर के भले-बुरे विचारों और कार्यों का लेखा-जोखा लेना चाहिए। जीवन की वास्तविक सम्पत्ति समय ही है। नियमित कार्यम बनाकर अपने बहुमूल्य समय का सदुपयोग करने की कला जिसे आ गयी उसने सफलता का रहस्य समझ लिया। रात को रोते समय दिन भर के विचारों और कार्यों की भलाई-बुराई का परीक्षण करके यह देखना कि आज दिन का कितना सदुपयोग अपव्यय एवं दुरुपयोग हुआ। इसी प्रकार प्रातःकाल उठते समय दिन भर का कार्यक्रम बनाना तथा पिछले दिन की बात को स्मरण रखते हुए जीवन के अपव्यय एवं दुर्व्यय को बचाकर आधिकारिक सदुपयोग की योजना बनाई जाये। नित्य डायरी रखकर भी इस प्रकार आत्म निरीक्षण एवं आत्म निर्माण का आयोजन करते रहा जा सकता है।

अंधा हूं लेकिन नासमझ नहीं

व्यंग्यलोक

एक गधा धार्मिक प्रवचन देने का धंधा किया करता। चालाक भेड़िया उसका प्रधान धर्म चेला हुआ करता। शाम के समय जब उल्लू अपने कोटर से बाहर निकल कर एक मीठी सियासी तान छेड़ रहा था, तब गधे ने भेड़िए को अपने पास बुलाया। उसे अधर्म और अनीति के आसन पर बिठाया और धर्माचरण के लिए एक कहानी का अंश सुनाया। हे प्रिय चतुर चालाक भेड़िशिष्य श्रेष्ठी! सुन! एक छोटी-सी धार्मिक कहानी मैं पढ़ता था। चतुर लोगों ने धर्म को अंधा बना दिया है। इसलिए अब धर्म जन्मांध होने लगा है। वह जहर के खेत बोने लगा है। अंधा धर्म और उसका एक धार्मिक आस्थावान आंख वाला मित्र एक कुर्सी के लिए संवैधानिक मूल्यों को पार करते थे। वे दोनों अलग-अलग कुर्सी यात्रा पर निकले थे, रास्ते में मिलना हो गया और उस धार्मिक आस्थावान मित्र ने उस अंधे धर्म को अपने साथ ले लिया। वे कुछ दिन साथ-साथ चले, उनमें मैत्री घनी हो गई। एक दिन सुबह अंधा धर्म पहले उठ गया, सुबह उसकी नींद पहले खुल गई। उसने टटोलकर अपनी सियासी पार्टी के झंडे वाली लकड़ी ढूंढ़ी। चुनावों की रात थी और वोटिंग के दिन थे। लकड़ी तो उसे नहीं मिली। एक पुराने मुद्दों का सांप पड़ा हुआ था। यह नए चुनावों के मारे एकदम सिकुड़कर कड़ा हो गया था। उसने उसे उठा लिया। उसने टीवी डिबेट को धन्यवाद दिया कि मेरी पार्टी के झंडे की लकड़ी तो खो गई, लेकिन उससे बहुत ज्यादा बेहतर, बहुत प्रभावी और जनता में तनाव पैदा करने वाली सुंदर लकड़ी तुमने मुझे दे दी। उसने टीवी डिबेट को धन्यवाद दिया कि तुम बड़ी कृपालु हो। उसने उसी लकड़ी से अपने आंख वाले आस्थावान मित्र को धक्का दिया और उठाने की कोशिश की कि उठो, सुबह हो गई है। वह आंख वाला मित्र उठा। देखकर घबड़ाया। उसने कहा- तुम हाथ में ये क्या पकड़े हुए हो? इसे एकदम छोड़े दो। ये पुराने मुद्दों का घनघोर विषधारी सांप है और यह जनता के लिए खतरनाक हो जाएगा। वह अंधा धर्म बोला- मित्र! ईर्ष्या के कारण तुम मेरी इस कुसीमार्गी लकड़ी को सांप बता रहे हो! चाहते हो कि मैं इसे छोड़ दूं, तो तुम इसे उठा लो। अंधा जरूर हूं, लेकिन इतना नासमझ नहीं हूं। पुराना पका-पकाया धर्म हूं! उस आंख वाले धार्मिक आस्था पुरुष ने कहा- पागल हो गए हो? उसे एकदम छोड़ दो। वह सांप है और देश-दुनिया की जनता के लिए खतरा है। अंधा धर्म हंसा और बोला- तुम इतने दिन मेरे साथ रहे लेकिन ये नहीं समझ पाए कि मैं भी समझदार हूं। तुम्हारी तरह परम कुर्सी मार्गी हूं। मेरी पार्टी के झंडे की लकड़ी खो गई है और टीवी डिबेट ने एक बहुत सुंदर लकड़ी मुझे दे दी है, तो तुम उसे सांप बता रहे हो? वह अंधा धर्म गुस्से में, मित्र की ऐसी ईर्ष्या और जलन को देखकर, अपने रास्ते पर चल पड़ा।

राम विलास जॉगिड़

जब अंग्रेजों के लिए बुरा सपना बन गये थे 'जासूस'

प्रतिबिंब

कल्पना कीजिए आधी रात का समय है। एक साधारण-सा डाकिया किसी घर के बाहर एक अखबार छोड़ जाता है। अखबार की इबारत में किसी एक विशेष शब्द पर लाल स्याही का छोटा सा निशान बना है। अगले ही दिन सैकड़ों किलोमीटर दूर एक क्रांतिकारी को यह संदेशा मिल जाता है कि हथियारों की खेप सुरक्षित पहुंच गई है। अंग्रेजों की खुफिया पुलिस ऐसा नहीं है कि अखबार नहीं पढ़ती थी, लेकिन उसे, उसमें कुछ भी असामान्य नहीं दिखता था और इन्हीं अखबारों के जरिये क्रांतिकारियों के लिए सूचनाओं का आदान-प्रदान खूब धड़ल्ले से हो जाता था। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का वह अदृश्य युद्ध था, जिसमें गोलियों से कहीं ज्यादा खतरनाक गुप्त संदेश और इन गुप्त संदेशों को इधर से उधर भेजने वाले जासूस हुआ करते थे। भारत की आजादी की लड़ाई केवल खुले मैदानों में नहीं लड़ी गई। इसके पीछे ऐसे छाया-युद्धों की दुनिया भी मौजूद रही है, जहां न वर्दी होती थी, न पहचान और न की कोई पदक। यहां जीत उसी की होती थी, जो दुश्मन की आंखों में धूल झोंक सकता था। अंग्रेजों के पास एक लंबी-चैड़ी खुफिया व्यवस्था थी, लेकिन भारतीय क्रांतिकारियों ने उन्हीं से सीखकर एक ऐसा गुप्त नेटवर्क तैयार कर लिया था, जिसने ब्रिटिश साम्राज्य की नींद उड़ा दी थी।

क्रांतिकारी जानते थे कि सीधे मुकाबले में वे अंग्रेजी सेना का बाल भी बांका नहीं कर सकते। इसलिए उन्होंने अंग्रेजों से जंग के लिए ऐसे-ऐसे तरीके इजाद किये कि अंग्रेजी साम्राज्य असहाय होकर रह गया। कोई क्रांतिकारी साधु बनकर यात्रा करता और महत्वपूर्ण संदेश को एक जिले से दूसरे जिले तक ही नहीं बल्कि देश के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचा देता था। कोई फेरीवाला गांव-गांव घूमता और अंग्रेजों के विरूद्ध योजनाओं की पूरी लिस्ट आम आदमियों तक पहुंचा देता। कोई रेलवे कर्मचारी बनकर सैनिक गतिविधियों की खबरें जुटाता था। देखने वालों को ये बिल्कुल सामान्य इंसानों जैसे लगते, लेकिन यही सामान्य लोग अंग्रेजी साम्राज्य के विरूद्ध क्रांतिकारी गतिविधियों की योजनाओं को एक जगह से दूसरी जगह इतनी सफाई से पहुंचाते कि अंग्रेजों की भारी भरकम फौज और खुफियातंत्र बस देखता ही रह जाता। वास्तव में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को खतरनाक इन्हीं अबूझ पहेलियों ने बनाया था। ब्रिटिश पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती उन दिनों यह होती थी कि वह दुश्मन को लाख कोशिशों के बाद भी पहचान नहीं पाती थी। कोई स्कूली शिक्षक, कोई किसान, कोई डाकिया या कोई साधारण दुकानदार। कौन, कब, कहां और किस समय गुप्त जासूसी का हिस्सा होता? अंग्रेज बहुत कोशिशों के बाद भी इस सच्चाई को जान नहीं पाते। इसलिए क्रांतिकारियों की ज्यादा से ज्यादा गुप्त योजनाएं अपने मकसद में किसी हद तक सफल हो जाती थीं।

भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की भले गुप्तचरी को लेकर कोई औपचारिक ट्रेनिंग नहीं हुई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कल्पनाशीलता से ऐसे-ऐसे तरीके ईजाद कर लिए थे कि बाद में उनके वही सब तरीके एक सफल गुप्तचरी के पाठ बन गये। स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के गुप्तचरी के कारनामें किसी बेहद पठनीय जासूसी उपन्यासों से कम नहीं थे। कहीं अदृश्य स्याही से पत्र लिखे जाते थे, जो आग या किसी विशेष रसायन के संपर्क पर ही पढ़े जा सकते थे। कहीं सामान्य पारिवारिक चिट्ठियों में घरेलू बातों के बीच कुछ ऐसे शब्द रख दिये जाते थे, जो पूरी योजना को पत्र पढ़ने वाले तक पहुंचा दिया करते थे। कई बार एक ही संदेश किसी क्षेत्र विशेष में अलग-अलग लोगों को टुकड़ों के रूप में भेजा जाता और फिर संकेत दिया जाता कि वो लोग आपस में मिलकर उन टुकड़ों को जोड़कर योजना का मसौदा जान लें। पुलिस की गतिविधियों और हथियारों की आवाजाही तथा बड़े अफसरों के कार्यक्रमों पर स्वतंत्रता सेनानियों की हमेशा पैनी निगाह रहती और इसे वह बड़ी सफलता से संकेतों के माध्यम से एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचा देते। बार-बार स्वतंत्रता सेनानियों से मात खाने के बाद हालांकि ब्रिटिश सरकार ने भी इसी तर्ज पर एक अनौपाचारिक खुफिया तंत्र विकसित किया था, जो उस समय की सीआईडी जैसी संस्था को गुप्त रूप से सूचनाएं पहुंचाता था, लेकिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ऐसी हर तरह की कोशिशों पर भारी पड़ते थे। क्योंकि जब तक ब्रिटिश सत्ता क्रांतिकारियो के किसी जासूसी के तरीके को जान पाती थी, तब तक क्रांतिकारी किसी दूसरे तरीके पर काम शुरू कर देते। **एन.के. अरोड़ा.**

आप की बात

समर्थन और विरोध के वाहक

विचारों की शक्ति पर अपने समय में काफी काम हुआ है। यह माना गया कि ध्वनि, प्रकाश और ताप की तरह चेतना क्षेत्र में विचारों की भी एक जीवंत शक्ति है। तभी अध्ययन का क्रम चला। सत्संग की व्यवस्था हुई। परामर्श और प्रवचन की शैली का विकास हुआ। विचारों ने विचारों को काटा और विचारों ने विचारों का समर्थन किया।

व्यक्तियों और समाजों को ऊंचा उठाने गिराने में विचारों की असाधारण भूमिका रही है। कई बार लोगों के मौलिक विचार भी नहीं होते। मगर कुछ कर गुजरने की इच्छा गहरी होती है। किसी को अपना जीवन लक्ष्य बनाने के लिए कौन से विचार ग्रहण करने चाहिए इसका सबसे सरल उपाय है कि विचारों को सुनना होगा। फिर मन में विचार करना होगा कि हमारे कौन से विचार श्रेष्ठ हैं। यह समझना होगा कि जिन विचारों को मन में गहरे ले जा रहे हैं, उनमें हमारा सामंजस्य है या नहीं। हमारी क्षमताएं उन विचारों के क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं। उन्हें लागू करने के लिए बड़े संयम और धैर्य की आवश्यकता होती है। बुद्धिमानी इसी में है कि जो उपलब्ध है उसी का आनंद लिया जाए।

अशोक सिंह, लखनऊ.

संसाधनों का बंटवारा

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी।

आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी। दरअसल विकास का लाभ समाज को तभी मिलता है, जब उसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। जब विकास कुछ ही हाथों में केन्द्रित होगा तो वह राष्ट्र लिए के लिए फलदायी नहीं हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि विकास की रफ्तार भी तेज हो और इसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। तभी राष्ट्र का कल्याण होगा।

ज्ञान प्रकाश वर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

केला आधारित कॉमन प्रोसेसिंग सेंटर की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच । उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद (ओ.डी.ओ.पी.) योजना के अंतर्गत जनपद बहराइच में केला आधारित उत्पादों के मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं विपणन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केला आधारित कॉमन प्रोसेसिंग सेंटर की स्थापना हेतु डायग्नोस्टिक स्टडी रिर्पोट का अनुमोदन जनपद स्तरीय समिति से प्राप्त हो गया है। ओ.डी.ओ.पी. सामान्य सुविधा केन्द्र योजना के अंतर्गत जनपद में खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित सामान्य सुविधा केंद्र विशेष प्रयोजन वाहन एस.पी.वी. के माध्यम से स्थापित किया जा सकता है। श्री वर्मा ने बताया कि केला आधारित कॉमन प्रोसेसिंग सेंटर अन्तर्गत एस.पी.वी. हेतु में कम से कम 20 सदस्य होने चाहिए तथा एक परिवार से मात्र एक सदस्य हो सकता है। कुल परियोजना लागत का 10 से 30 प्रतिशत तक धनराशि तथा भूमि की व्यवस्था की एस.पी.वी. को ही करनी होगी।उपायुक्त उद्योग ने बताया कि कृषक उत्पादक संगठन, उत्पादक कंपनी, सहकारी समितियों अथवा इच्छुक व्यक्ति केला आधारित कॉमन प्रोसेसिंग स्थापना के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालयविकास केन्द्र, बहराइच अथवा मो.नं. 7985863092 पर सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का पूर्ण रुप से पालन किया जाये: डीएम

जिला संवाददाता

बिजनौर।जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निदेर्शों के क्रम में जनपद बिजनौर में हर घर तिरंगा अभियान 2026 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 15 अगस्त, 2026 को इंदिरा बाल भवन, बिजनौर में विशेष

- राष्ट्रभक्ति गीतों का आयोजन शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप कराया जायेगा

कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए परियोजना निदेशक, डीआरडीए को नोडल अधिकारी तथा उप कृषि निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को सह-नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नामित अधिकारियों को संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए

कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं झंडा संहिता के प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, वंदे मातरम एवं राष्ट्रभक्ति गीतों का आयोजन शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता, साज-सज्जा, ध्वज रोहण की समुचित तैयारी, प्रतिभागियों के बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्थाएं नगर पालिका परिषद, बिजनौर द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। वहीं प्राथमिक चिकित्सा एवं चिकित्सक सहित मोबाइल एम्बुलेंस की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिजनौर द्वारा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीद सैनिकों के आश्रितों एवं वीर नारियों को आमंत्रित करने तथा उन्हें उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था तहसीलदार सदर, बिजनौर द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अन्नदाताओं (कृषकों), महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, युवक/महिला मंगल दल के सदस्यों, एनसीसी कैडेट्स एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिलाधिकारी ने नामित नोडल एवं सह-नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि 15 अगस्त को इंदिरा बाल भवन, बिजनौर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रम गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो।

तिरंगा यात्रा पर पूरी कल शहर में भव्य आयोजन

जिला संवाददाता

फतेहपुर। को जिलामुख्यालय में आयोजित होगी भव्य तिरंगा यात्रा भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा बुद्धवार को पूर्ण हो गईं, सभी यात्राओं में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं द्वारा जोश के साथ सहभागिता की गई, हुसेनगंज विधानसभा क्षेत्र के अल्लीपुर मंडल में पूर्व मंत्री रणवेंन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में नौबस्ता से चौकी चौराहा तक यात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए, वहीं खागा विधानसभा क्षेत्र की तिरंगा यात्रा में राज्य मंत्री कृष्णा पासवान द्वारा शामिल हो यात्रा में भव्यता प्रदान की गई, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, व्यापार मंडल के नेता शिवचंद्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, जिला मंत्री द्वय धर्मेंद्र सिंह व विमलेश पांन्डेय के साथ ही पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे,नगर दक्षिणी मंडल की यात्रा पुराने शिव मंदिर राधा नगर से अटल चौराहे तक निकाली गई जिसमें जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित लोगों में राष्ट्रीयता के जोश को बढ़ाया गया, उक्त तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या के साथ पार्टी नेता कार्यकर्ता व ब्यापारी जुटे दिखाई दिये,असोथर मंडल की तिरंगा यात्रा प्राचीन अश्वत्थामा मन्दिर परिसर से थरियांव तिराहे तक निकाली गई जिसमें जिला उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी कुलदीप भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे,बिंदकी नगर यात्रा में पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोगों द्वारा सहभागिता की गई, जिला उपाध्यक्ष उदय लोधी के नेतृत्व में गाजीपुर मंडल में यात्रा निकाली गई,जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि मंगलवार व बुधवार को सभी 23मंडलो में भव्य तिरंगा यात्रा सफलता पूर्वक निकाली गई ।

राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करता है तिरंगा अभियान

बांदा। भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के लगभग आधा दर्जन मण्डलों में तिरंगा यात्रा निकालकर देश के प्रति सम्मान व गौरव की भावना को मजबूत करने का सन्देश दिया गया। तिंदवारी विधानसभा के तिंदवारी कस्बे में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगे के सम्मान में राष्ट्रभक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। हाथों में तिरंगा लेकर भारतमाता के जयकारा लगाते हुए भाजपा कार्यकताओं ने लोगों को राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा को सम्बोधित करते हुए जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि आज की यह यात्रा उस देशभक्ति का संदेश है जिसे देश के स्वतंत्रता सेनानीयों ने अपने संघर्ष व बलिदान से सींचा था। वीरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम देश की एकता, अखंडता व सम्मान के लिए सदैव समर्पित रहें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष रामभवन उपाध्याय, जिला महामंत्री निखिल सक्सेना, अमित सेठ भोलू सहित पार्टी के क्षेत्रीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार मंडल नरैनी में विधायक ओममणि वर्मा के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल अतर्रा, बड़ोखर मंडल के मटोंध में, कमासिन मंडल में भी भाजपा पदाधिकारियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रीय एकता व अखंडता का सन्देश दिया।

बैंकों में पांच दिन कार्य की मांग के समर्थन में प्रदर्शन

बांदा। बैंको में पांच दिवसीय साप्ताहिक कार्य की मांग के समर्थन में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स की जिला इकाई का कैनरा बैंक की स्टेशन रोड स्थित बांदा शाखा के सामने प्रदर्शन किया। बैंक कर्मचारियों की लम्बे समय से लंबित महत्वपूर्ण मांगों के लिए इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियन्स के बीच लिखित समझौते के बावजूद, डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंसियल सर्विसेज, मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस व भारत सरकार के उदासीन व ढुलमुल रवैये से निराश होकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स नें आज राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया है। बैंक कर्मचारियों की लम्बे समय से लंबित मांगों में से एक महत्वपूर्ण मांग पांच दिवसीय कार्य सप्ताह के समर्थन में बैंकिंग उद्योग के सात प्रमुख संगठनों के संयुक्त मंच, यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स की बांदा जिला इकाई नें सायं 5.30 बजे कैनरा बैंक की स्टेशन रोड स्थित बांदा शाखा के सामने प्रदर्शन किया। जिले की तमाम शाखाओं में कार्यरत स्टाफ नें भाग लिया। इस दौरान रावेंद्र कुमार शुक्ला, नरेंद्र कश्यप, कुलदीप यादव, आशिफ नजमी, दीपक गुप्ता, अरुण अंबेडकर, पराग वर्मा, नवल, संतोष, शिवानी गुप्ता, राकेश गुप्ता, विमल मिश्रा, महेश चैरसिया, कुलदीप सोनी, इशिता सर्राफ, निखिल, नमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

डीएम जसजीत कौर ने एसपी अभिषेक झा के साथ मंदिर पर शिव भक्तों को बांटा प्रसाद

बिजनौर।जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा आज मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर प्रशासन की ओर से आयोजित भंडारे में शिव भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए कांवड़ यात्रा के दौरान की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया तथा शिव भक्तों की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को भंडारे में स्वयं शिव भक्तों को प्रसाद वितरित कर सेवा एवं श्रद्धा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान जनपद प्रशासन द्वारा शिव भक्तों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। इस अवसर पर एसपी सिटी, उप जिलाधिकारी सहित पुलिस एवं प्रशासनिक विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता एवं सम्मान के संकल्प के साथ चलाया गया स्वच्छता अभियान

बहराइच। भारतीय जनता पार्टी बहराइच द्वारा आज तिरंगा यात्रा अभियान के निमित्त नगर मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत के0डी0सी0 स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा एवं उसके आसपास के परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।इस दौरान कार्यकताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा की साफ-सफाई कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं उनके स्मृति स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना, उनके आदर्शों का सम्मान करना तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय रहे। उन्होंने कहा कि हमारे महापुरुष राष्ट्र के गौरव हैं और उनकी प्रतिमाओं एवं स्मृति स्थलों की स्वच्छता व सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित न रहकर हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बने, यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने महापुरुषों के सम्मान, स्वच्छता और राष्ट्रहित के प्रति निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

साथ ही हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

कृषि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह, दो सौ छात्रों को दी गयी उपाधियां

जिला संवाददाता

बांदा। कृषि एवं प्रौद्योगिकी कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 250 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई। इनमें 18 मेधावियों को पदक व बीएससी कृषि की छात्रा अनुष्का सिंह को कुलाधिपति स्वर्णपदक दिया गया। दीक्षांत समारोह कुलाधिपति की अध्यक्षता में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात कृषि प्रसार वैज्ञानिक एवं पूर्व कृषि सलाहकार योजना आयोग डा.वीवी सदामते रहे। दीक्षांत समारोह की औपचारिक शुरूआत शोभायात्रा के दीक्षांत समारोह स्थल पर आगमन एवं राष्ट्रगीत के साथ हुई। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के छात्रों ने विश्वविद्यालय कुलगीत प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. एसवीएस राजू ने कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि का स्वागत किया और दीक्षांत समारोह शुरू करने का अनुरोध किया। कुलपति प्रो. एसवीएस. राजू ने विश्वविद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बुंदेलखण्ड में शुष्क खेती को बढ़ावा देने के लिए हैदराबाद के साथ शोध समझौता किया गया। विश्वविद्यालय के 10 वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया, जिनमें दो युवा वैज्ञानिक एवं एक विशिष्ट वैज्ञानिक सम्मान शामिल हैं। कृषि प्रसार के क्षेत्र में लगभग 3,000 हेक्टेयर में दलहनी एवं तिलहनी

फसलों के प्रदर्शन लगाए गए। समारोह में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए कुल 18 पदक प्रदान किए गए, जिनमें 7 स्वर्ण, 6 रजत एवं 5 कांस्य पदक शामिल रहे। सुधीर बोबड़े ने विश्वविद्यालय के 3 शिक्षकों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कृत शिक्षकों में प्रो. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. सी. एम. सिंह तथा वानिकी महाविद्यालय से डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता शामिल हैं। अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को किया गया। प्रदेश में 03 से 06 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए, कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल नेएक दूरदर्शी पहल के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को साधन-संपन्न बनाने की दिशा में कार्य किया। आंगनबाड़ी किट का वितरण किया गया।

दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लिखी गई पुस्तकों का विमोचन सुधीर बोबड़े, मुख्य अतिथि ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. वी. वी. सदामते ने अपने दीक्षांत संबोधन में विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षा और ज्ञान को समाज एवं राष्ट्र के विकास से जोड़ने का संदेश दिया। दीक्षांत समारोह में कुल 250 उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें 207 उपाधियां छात्रों तथा 43 उपाधियां छात्राओं को प्रदान की गईं। बी.एससी (ऑनर्स) कृषि के 105, उद्यान के 62, वानिकी के 18, एम.एससी (कृषि) के 21, उद्यान के 11 तथा वानिकी के 5 विद्यार्थियों सहित कुल 73 मेरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। बी.एससी (ऑनर्स) गृहविज्ञान के 2, पीएच.डी (कृषि) के 19 तथा पीएच.डी (उद्यान) के 7 विद्यार्थियों को भी उपाधियां प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त कुल 50 मेधावी विद्यार्थियों को मेरिट प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कुलपति ने सुधीर एम बोबड़े को पुस्तकें भेंट की।

दिव्यांग बच्चों में यूनिफॉर्म व जूते वितरित

फतेहपुर।राज्य मंत्री, पशुपालन एवं दुग्ध विकास, उत्तर प्रदेश सरकार कृष्णा पासवान की गरिमामयी उपस्थिति में आज बचपन डे-केयर सेंटर, फतेहपुर में दिव्यांग छात्र छात्राओं को यूनिफार्म व जूते वितरण समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित केन्द्र की ओर से आयोजित किया गया था और इसका उद्देश्य विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उनसे जुड़ी शिक्षा व सहभागिता को प्रोत्साहित करना था।समारोह का शुभारंभ अतिथियों के आगमन से हुआ, जिसमें मंत्री कृष्णा पासवान ने बच्चों का हालचाल जाना और उनके साथ सौहार्दपूर्ण संवाद किया। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि दिव्यांग बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना सरकार व समाज दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विभाग द्वारा विशेष बच्चों के लिए चलाए जा रहे शैक्षिक, प्रशिक्षण और सहायक कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समय पर प्रदान की गई सुविधाएँ और समर्पित शिक्षक इन बच्चों के सामाजिक समावेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंत्री ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों व परिवारों में आत्मीयता और आशा का संचार करते हैं।बचपन डे-केयर सेंटर, फतेहपुर में श्रवण बाधित, दृष्टिबाधित, बौद्धिक अक्षमता व मानसिक मंदता से संबंधित विभिन्न श्रेणियों के विद्यार्थी पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सेंटर में बच्चों को शिक्षा के साथ साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण, व्यवहारिक कौशल और परास्नातक आधारभूत सहायता भी प्रदान की जाती है।

टीबी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए लोगों को उपचार के प्रति किया जागरूक

बिजनौर ।कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा टीबी (क्षय रोग) उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय काशीराम कॉलोनी में एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में टीबी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को इसके लक्षणों व उपचार के प्रति जागरूक करना था। नोडल अधिकारी ललित कुमार ने कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा आँगनबाड़ी कार्यकताओं को टीबी रोग के बचाव और इसके मुफ्त इलाज की सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर श्टीबी हारेगा, देश जीतेगाश का नारा बुलंद करते हुए सभी को स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली अपनाने और समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. अमित कुमार बंसल ने अपने संदेश में कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक को टीबी मुक्त भारत के संकल्प में अपना सहयोग देना चाहिए।इस अवसर पर कॉलेज के डीन एकेडमिक मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल एवं डॉ. प्रार्थमा शुएब अली खान, संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डॉ. शुभम राजपूत, विभोर राजवंशी, सुधीर लांबा, गौरव गुप्ता, डॉ फैजल अंसारी एवं सुनील भारद्वाज आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

विधायक के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

बहराइच।स्वतंत्रता दिवस के पूर्व ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान के तहत आज विधानसभा पयागपुर क्षेत्र में विधायक सुभाष त्रिपाठी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। धनुही, विशेश्वरगंज और पयागपुर मंडल में आयोजित यात्राओं में हजारों कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का संदेश दिया।धनुही मंडल में यात्रा गांधी आश्रम से शुरू होकर तिलहरा मोड़ तक, विशेश्वरगंज में ब्लॉक मुख्यालय से कृष्णा पेट्रोलियम तक तथा पयागपुर मंडल में रामालय गेस्ट हाउस से त्रिमुहानी नहर

पुल तक निकाली गई। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम्के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत भी किया।विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान प्रत्येक नागरिक में राष्ट्र के प्रति गौरव, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने और राष्ट्र की एकता व अखंडता को मजबूत करने का आह्वान किया।आभार जताते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा ने पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का वातावरण बना दिया।

ट्रैक्टर से बाइक सवार की मौत

आगरा। बाह में फरैरा-शिकोहाबाद मार्ग पर मंगलवार की दोपहर 2 बजे बाह की नौरंगीघाट चौकी के सामने ट्रैक्टर ने बाइक सवार रौंद दिए। जिससे रिजोर, एटा के भरतोली गांव की अफसाना (35) की मौत हो गई।

ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आने से उसकी सास नसीवन का एक हाथ टूट गया, जबकि मृतका का बेटा अरबाज घायल हो गया। मौके पर पहुंची बाह पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लिया है।

परिवहन विभाग ने संचालित किया अभियान

बहराइच । सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) बहराइच ने बताया कि 25 अगस्त 2026 तक ह्यमिशनः सेफ फ्यूचर 2.0ह्न अभियान अन्तर्गत परिवहन विभाग बहराइच के अधिकारियों द्वारा जनपद बहराइच की विभिन्न स्कूलों में संचालित वाहनों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें मानक के अनुरूप न पाये गये 06 वाहनों का चालान किया गया एवं 01 वाहन को थाने में निरूद्ध/बंद किया गया। उक्त अभियान का उद्देश्य जनपद में संचालित समस्त स्कूली वाहनों की 100 प्रतिशत फिटनेस, वैध परमिट एवं विद्यालयी परिवहन सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कर छात्र-छात्राओं का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है।अभियान के प्रथम चरण में विद्यालय प्रबंधन से संपर्क स्थापित कर बिना फिटनेस, बिना परमिट अथवा समस्त स्कूली वाहनों को 28वां संशोधन स्कूल वाहन नियमावली के अंतर्गत शत-प्रतिशत संचालित किया जाना है। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त, 2026 तक पुलिस, यातायात पुलिस एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जाएगा।

हर घर तिरंगाअभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

बहराइच ।प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से जनपद में संचालित होने वाले ह्यह्यहर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए विकास भवन सभागार में आयोजित ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान की समीक्षा बैठक करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने कहा कि हमारा राष्ट्रध्वजहमारी अस्मिता तथा ह्यह्यआन बान शान का प्रतीकहै इसलिए विभिन्न माध्यमों से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त कर आमजनमानस को इस अभियान का हिस्सा बनाया जाय।सीडीओ ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर सम्बन्धित विभाग द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों को शत-प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा नलकूपों

इत्यादि पर झण्डा फहराने हेतु प्रेरित किया जाय।

जनपद के समस्त सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, रेस्टोरेन्ट, शापिंग काम्पलेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकी/थाना इत्यादि को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से झण्डा फहराया जाय। सीडीओ ने यह भी निर्देश दिया कि स्थानीय भाषा में बैनर, पम्पलेट, स्टैण्डी, होर्डिंग्स एवं अन्य उचित माध्यमों से कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाय सीडीओ ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान के दौरान 15 अगस्त 2026 को सभी सरकारी भवनों पर तिरंगा लाईट लगायी जाय।

ध्वजारोहण करते समय मानक प्रोटोकाल का पालन अनिवार्य रूप से किया जाय। सीडीओ ने डीआईओ को निर्देश दिया कि जनपद स्तर कण्ट्रोल रूम की स्थापना की जाय।

बस स्टैंड हटाने को बार संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

बांदा। शहर में बढ़ती जाम की समस्या को देखते हुए जिला अधिवक्ता संघ ने रोडवेज बस स्टैंड को शहर के बाहर स्थानांतरित किए जाने की मांग की है।जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विमल सिंह के साथ पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बस स्टैंड को यथाशीघ्र शहर के बाहर शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की।ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बताया कि कचहरी और कलेक्ट्रेट के नजदीक स्थित रोडवेज बस स्टैंड शहर के प्रमुख मार्ग पर है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों रोडवेज बसों का आवागमन होता है, जिसके कारण मार्ग पर भारी भीड़ और जाम की स्थिति बनी रहती है।विशेष रूप से सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रहती है।अधिवक्ता संघ ने कहा कि जाम के कारण बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं एवं शहरवासियों को न्यायालय और सरकारी कार्यालयों तक समय से पहुंचने में परेशानी होती है।इससे उन्हें अपने जरूरी कार्यों में नुकसान उठाना पड़ता है।वहीं, स्कूली बच्चों को लेकर चलने वाली बसें और एम्बुलेंस भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे गंभीर परिस्थितियों में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रोडवेज बस स्टैंड के आसपास व्याप्त अतिक्रमण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि आसपास के दुकानदारों और ई-रिक्शा चालकों द्वारा सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए जाने वाले अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था और अधिक बिगड़ जाती है। बसों की आवाजाही और अतिक्रमण के चलते कई बार जाम की स्थिति भयावह हो जाती है। जिला अधिवक्ता संघ ने जिलाधिकारी से मांग की कि शहरवासियों के हित एवं सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रोडवेज बस स्टैंड को शहर के बाहर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराई जाए। साथ ही बस स्टैंड के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाकर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित कराने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जाए। अधिवक्ता संघ ने कहा कि बस स्टैंड को शहर के बाहर स्थानांतरित किए जाने से न केवल कचहरी और कलेक्ट्रेट क्षेत्र में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी, बल्कि स्कूली बच्चों, मरीजों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों और आम नागरिकों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी।

प्रयागराज में खाद्य विभाग का छापा, रेडिसन होटल को नोटिस, 17 नमूने जांच को भेजे

प्रयागराज। प्रयागराज में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को शिकायत के आधार पर बड़े होटल रेडिसन समेत कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। रेडिसन होटल परिसर में निर्धारित मानकों के अनुरूप साफ-सफाई नहीं मिलने पर प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी और अन्य अनियमितताएं भी सामने आईं।खाद्य सुरक्षा टीम ने शिवकुटी स्थित राइपनिंग चैंबर में बिना खाद्य पंजीकरण के रसायनों के माध्यम से करीब 40 क्विंटल केले पकाए जाने का मामला पकड़ा। टीम ने केलों का नमूना लेकर कारोबार बंद करा दिया।

संक्षेप

एलजी ने 'ट्रस्ट ऑफ द नेशन' का जश्न मनाया

नई दिल्ली। भारत अपने 79वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहा है, ऐसे में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया इस अवसर पर 'ट्रस्ट ऑफ द नेशन' अभियान पेश कर रहा है। यह भारतीय परिवारों के लिए इनोवेटिव, विश्वसनीय और प्रीमियम ग्राहक अनुभव प्रदान करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस अभियान के बारे में संजय चितकारा डायरेक्टर को चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर एलजी ने कहा कि एलजी में, हम भारतीय ग्राहकों द्वारा पिछले कुछ वर्षों में हम पर जताए गए भरोसे के लिए बेहद आभारी हैं। हमारा 'ट्रस्ट ऑफ द नेशन' अभियान इसी अटूट रिश्ते और सार्थक इनोवेशन के माध्यम से रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का जश्न है।

रियलमी 16एक्स 5जी लॉन्च

नई दिल्ली। स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने अपनी नंबर सीरीज में नया रियलमी 16एक्स 5जी पेश किया है। कंपनी के मुताबिक यह स्मार्टफोन दमदार बैटरी, स्मूथ परफॉर्मेंस, एआई फीचर्स और बेहतर गेमिंग अनुभव के साथ ऑल-राउंड स्मार्टफोन अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी शुरूआती कीमत 23,999 रुपये रखी गई है। रियलमी 16एक्स 5जी में 7000 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो 45 वॉट सुपरवूक फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करती है। कंपनी का दावा है कि 1600 चार्जिंग साइकल तक बैटरी इस्तेमाल की जा सकती है और छह साल के उपयोग के बाद भी 80 प्रतिशत बैटरी हेल्थ बरकरार रहती है। इसमें 6.8 इंच का 144 हट्र्ज अल्ट्रा-ब्राइट डिस्प्ले है, जिसकी पीक ब्राइटनेस 1200 निट्स तक है।

बाटा इंडिया ने जारी किये पहली तिमाही के नतीजे

नई दिल्ली। बाटा इंडिया ने आज 30 जून 2026 को खत्म हुई तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए। कंपनी का रेवेन्यू 978.9 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही से करीब 4% ज्यादा है। इस तिमाही में कर के बाद मुनाफा (पीएटी) 63.7 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 51.7 करोड़ रुपये था। यानी इसमें 23% से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। लगातार तीसरी तिमाही मेंवृद्धिका यह सिलसिला जारी रखते हुए हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में हमारी टॉपलाइन में 4% की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें प्रीमियमाइजेशन और वॉल्यूमवृद्धि, दोनों का हाथ है। हमारे विज्ञापन निवेश में करीब 25% की बढ़ोतरी हुई है, जिससे ग्राहकों का जुड़ाव मजबूत हुआ है और इसवृद्धिको सहारा मिला है। एकमुश्त खर्चोंको छोड़कर, टैक्स से पहले का मुनाफा इस तिमाही में 90.6 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 74.5 करोड़ रुपये से 22% से ज्यादा बढ़ा है।

जी भारत ने खुद को नये रूप में पेश किया

नईदिल्ली। आज, अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, जी भारत ने एक नए अध्याय की शुरूआत करते हुए अपने नए अवतार का अनावरण किया है, जिसे एक सरल लेकिन महत्वाकांक्षी उद्देश्य के साथ तैयार किया गया है – युवा भारत के मिजाज को समझना और उसे प्रतिबिंबित करना। जैसे-जैसे एक युवा और आकांक्षी भारत – आत्मविश्वासी, जिज्ञासु और लगातार अधिक सक्रिय एवं सहभागी बनकर उभर रहा है, नया जी भारत रचनात्मक संवाद के लिए एक मंच प्रदान करता है ऐसे संवाद, जो महत्वाकांक्षाओं को ऊर्जा देते हैं और विकसित भारत के सपनों को आगे बढ़ाते हैं। जी भारत अब पारंपरिक न्यूज चैनल की परिभाषा से भी आगे बढ़ रहा है, जो आज कंटेंट के उपभोग के तरीके में आए मूलभूत बदलाव को दर्शाता है।

पीआर श्रीजेश 2026 येज्दी रोडस्टर की डिलीवरी लेने वाले भारत के पहले ग्राहक बने

नई दिल्ली। जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने आज अपनी हाल ही में लॉन्च की गई 2026 येज्दी रेंज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की, जिसमें ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पीआर श्रीजेश ऑल-न्यू 'येज्दी ग्रीन मम्बा रोडस्टर' की डिलीवरी लेने वाले भारत के पहले ग्राहक बने हैं। हाल ही में केरल में हुए राष्ट्रीय लॉन्च के दौरान नई येज्दी लाइन-अप का अनुभव करने के बाद, श्रीजेश ग्रीन मम्बा रोडस्टर की विशिष्ट स्टाइलिंग और प्रभावशाली रोड प्रेजेंस की ओर आकर्षित हुए। एक ऐसे खिलाड़ी के लिए जिसका करियर लचीलेपन, आत्मविश्वास और एक चैलेंजर माइंडसेट से परिभाषित रहा है, येज्दी रोडस्टर उनके लिए बिल्कुल स्वाभाविक और सही विकल्प साबित हुई।

सेंसेक्स में 188 अंकों की गिरावट

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 188 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 36 अंक की गिरावट आई।

कारोबारियों के अनुसार, कच्चे तेल के दाम में तेजी के साथ टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन द्वारा मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद दोबारा नियुक्ति नहीं लेने की घोषणा से टाटा समूह के शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 187.90 अंक यानी 0.24 प्रतिशत टूटकर 77,966.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 656.32 अंक तक टूटकर 77,497.93 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 35.75 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,435.95 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक में प्रमुख हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी टीसीएस का शेयर 3.71 प्रतिशत टूटा। फरवरी 2027 में मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह पद पर दोबारा नियुक्ति नहीं लेंगे। 63 साल के चंद्रशेखरन ने टाटा समूह के साथ 40 साल बिताए हैं। इस दौरान वह 2009 से 2017 तक टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भी रहे। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल और इन्फोसिस में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावरग्रिड शामिल हैं। भारत और अमेरिका में महंगाई के महत्वपूर्ण आंकड़ों से पहले बाजार में सतर्कता बनी रही। वैश्विक अनिश्चितता के बीच दोनों देशों के नीति-निर्माता आंकड़ों के आधार पर कदम उठाने पर जोर दे रहे हैं। इस माहौल में कच्चे तेल की उंची कीमतों, जो दोबारा 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच गईं, ने निवेशकों के भरोसे को प्रभावित किया और एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बावजूद चौतरफा बिकवाली देखी गई।

मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.17 प्रतिशत टूटा, जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक लगभग स्थिर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.17 प्रतिशत टूटकर 88.76 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 258.55 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। इससे पहले, मंगलवार को सेंसेक्स 388.19 अंक टूटकर 78,154.25 अंक और निफ्टी 112.10 अंक की गिरावट के साथ 24,471.70 अंक पर बंद हुआ था।

रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 95.33 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बुधवार को तीन पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.33 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिका-ईरान के बीच जल्द समझौते और होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने की उम्मीद ने रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.40 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.24 से 95.43 प्रति डॉलर के दायरे में रहा और अंत में तीन पैसे मजबूत होकर 95.33 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। रुपया मंगलवार को छह पैसे टूटकर 95.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.85 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 0.07 प्रतिशत चढ़कर 88.97 डॉलर प्रति बैरल रहा। कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े डॉलर एवं रुपये की हाजिर विनिमय दर के लिए महत्वपूर्ण होंगे। उम्मीद से ज्यादा सीपीआई से सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने के आसार होंगे। इससे रुपये पर और दबाव पड़ सकता है, जबकि महंगाई के उम्मीद से कम आंकड़े से दरों में बढ़ोतरी की संभावना घट सकती है और रुपये को समर्थन मिल सकता है। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 187.90 अंक टूटकर 77,966.35 अंक पर और निफ्टी 35.75 अंक फिसलकर 24,435.95 अंक पर रहा। शेयर बाजारों के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 258.55 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

बकरी के दूध को सुधा ब्रांड के तहत बेचेगी बिहार सरकार

पटना। बिहार सरकार बकरीपालकों की आय बढ़ाने के लिए बकरी के दूध को संगठित दुग्ध अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में काम कर रही है।

इसके तहत बिहार राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड (कंफेड) के मौजूदा दुग्ध संग्रहण तंत्र के माध्यम से बकरी के दूध का संग्रह किया जाएगा। इसके बाद गुणवत्ता और बाजार की जरूरत के अनुसार इसका प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग कर सुधा ब्रांड के तहत विपणन करने की योजना है।

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नंद किशोर राम ने बुधवार को बिहार पशुपालन निदेशालय और द गोट ट्रस्ट के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के मौके पर कहा कि कम पूंजी और सीमित संसाधनों में बकरीपालन संभव होने के कारण यह छोटे एवं सीमांत पशुपालक परिवारों तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने कहा कि बकरी को लंबे समय से गरीब की गाय कहा जाता रहा है, लेकिन सरकार का उद्देश्य इसे केवल जरूरत के समय बेचकर धन जुटाने तक सीमित रखना नहीं है। हम चाहते हैं कि बकरी हमारे पशुपालकों के लिए केवल जरूरत के समय बिकने वाली संपत्ति न रहे, बल्कि नियमित आमदनी देने वाली आर्थिक संपत्ति बने।

चाकण एमआईडीसी से स्थानांतरित होंगी 20 औद्योगिक इकाइयां

एजेंसी

पुणे। पुणे के समीप स्थित चाकण महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र से 20 छोटी औद्योगिक इकाइयों ने बदहाल बुनियादी सुविधाओं और यातायात संबंधी समस्या से परेशान होकर अपने कारोबार को दूसरी जगह ले जाने का फैसला किया है।

इन कंपनियों के मालिकों ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इकाइयों को जिले के खंडाला स्थित एक अन्य एमआईडीसी इलाके में स्थानांतरित किया जाएगा। जबकि एक दिन पहले ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि चाकण एमआईसीडी के बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जाएगा। चाकण एमआईडीसी में यातायात बाधित होने की स्थिति के बीच हमारे कर्मचारियों को समय पर फैक्टरी पहुंचने में मुश्किल हो रहीं हैं। सरकार से समस्या के निस्तारण की बार-बार मांग के बावजूद इसमें कोई सुधार नहीं हुआ। कई बार चार से पांच घंटे तक यातायात बाधित रहता है। इससे उत्पादन प्रभावित होने के साथ कंपनियों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। हम, करीब 20 संयंत्रों के मालिकों ने निर्णय लिया है कि बेहतर बुनियादी ढांचा और अपेक्षाकृत कम यातायात दबाव को देखते हुए इकाइयों को खंडाला एमआईडीसी में स्थानांतरित करेंगे। सरकार भरोसा दिला रही है कि वह चाकण एमआईडीसी में यातायात की समस्या से निपटेगी, लेकिन कोई ठोस सुधार नहीं दिखा है। हमें उम्मीद है कि सरकार हमारी चिंताओं पर ध्यान देगी और इस समस्या का समाधान करेगी।

इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि चाकण और तालेगांव औद्योगिक क्षेत्रों में यातायात तथा सड़कों से जुड़ी समस्याओं के तत्काल समाधान के निर्देश दिए गए हैं।

समीक्षा बैठक में एमआईडीसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपेंद्र सिंह कुशवाह और पुणे के जिला कलेक्टर जितेंद्र डूडी ने संबंधित विभागों को सड़क मरम्मत, पार्किंग व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े मरम्मत कार्य 31 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए।

जमुई सौर परियोजना से वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू

नयी दिल्ली। बिहार के जमुई जिले में अपनी 75 मेगावाट क्षमता वाली सौर बिजली परियोजना से वाणिज्यिक स्तर पर बिजली आपूर्ति शुरू कर दी है।

कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि जमुई सौर ऊर्जा परियोजना के लिए वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओडी) हासिल कर ली है। कंपनी ने इसे अपनी नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। कुल 75 मेगावाट क्षमता वाली इस परियोजना से परिचालन के पहले वर्ष में करीब नौ करोड़ यूनिट बिजली उत्पादन होने का अनुमान है। वहीं, 25 साल की अवधि में इससे लगभग 352.2 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार, यह परियोजना जमुई जिले के हदहदिया और ककनचौर गांवों के पास करीब 300 एकड़ जमीन पर विकसित की गई है। इस जमीन को कंपनी ने खरीदा है। परियोजना की अनुमानित लागत 342 करोड़ रुपये है। इस परियोजना से उत्पादित बिजली की दर 2.96 रुपये प्रति यूनिट तय की गई है। परियोजना से पैदा होने वाली बिजली की आपूर्ति बिहार को की जाएगी। इस परियोजना से रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और स्थानीय आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिला है। स्वच्छ ऊर्जा को बिजली ग्रिड में जोड़ने के अलावा इस परियोजना से करीब 82,250.74 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है।

हिमाचल में पेट्रोल, हाई स्पीड डीजल पर 60 पैसे प्रति लीटर का अनाथ एवं विधवा उपकर लागू

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में पेट्रोल और हाई स्पीड डीजल की पहली बिक्री पर 60 पैसे प्रति लीटर की दर से अनाथ एवं विधवा उपकर लगाने का निर्णय लागू कर दिया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में मंगलवार रात अधिसूचना जारी की।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने 23 मार्च को हिमाचल प्रदेश मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया था। इसमें पेट्रोल और हाई स्पीड डीजल पर अधिकतम पांच रुपये प्रति लीटर तक अनाथ एवं विधवा उपकर लगाने का प्रावधान किया गया था। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा था कि यह उपकर अनाथ बच्चों और विधवाओं के कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा उन्हें मजबूत करने के लिए समर्पित, स्थिर और सतत राजस्व स्रोत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगाया गया है।

शाओमी इंडिया ने की रेडमी नोट 17 5जी के लॉन्च की घोषणा

लखनऊ। शाओमी इंडिया ने आज भारत की सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सीरीज के नवीनतम स्मार्टफोन रेडमी नोट 17 5जी के लॉन्च की घोषणा की। बैटरी खत्म होने की चिंता को पूरी तरह दूर करने के उद्देश्य से तैयार किया गया रेडमी नोट 17, रेडमी की अब तक की सबसे बड़ी 8000 एमएएच सिलिकॉन-कार्बन बैटरी, प्रीमियम ट्रूकलर एमोलेड डिस्प्ले, भरोसेमंद स्नैपड्रैगन प्रदर्शन और लंबे समय तक मिलने वाले सॉफ्टवेयर सपोर्ट के साथ एक संपूर्ण स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है। रेडमी नोट 17 में रेडमी की अब तक की सबसे बड़ी 8000 एमएएच सिलिकॉन-कार्बन बैटरी दी गई है, जो सामान्य उपयोग में 3 दिनों तक की बैटरी लाइफ प्रदान करती है, जबकि इसकी पतली 8.4 मिमी प्रोफाइल बरकरार रहती है। यह स्मार्टफोन 45वॉट टर्बो चार्जिंग को सपोर्ट करता है और चार्जर बॉक्स में ही उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा इसमें 22.5वॉट रिवर्स वायर्ड चार्जिंग की सुविधा भी दी गई है। इसकी बैटरी को टीयूवी प्रमाणित दीघार्यु प्राप्त है, जो 1,600 चार्जिंग साइकल के बाद भी अपनी मूल क्षमता का 80% तक बैटरी स्वास्थ्य बनाए रखती है।

खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 4.45 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 4.45 प्रतिशत हो गई।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जून में 4.38 प्रतिशत के स्तर पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में खाद्य महंगाई बढ़कर 5.52 प्रतिशत हो गई जो इससे पिछले महीने 5.32 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी दी गई है। आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में महंगाई संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए नीतिगत दर रेपो को यथावत रखा था।

आयएमएम इंडिया वैश्विक खरीदारों से जोड़ेगा

नई दिल्ली। आयएमएम इंडिया 2026 भारतीय निमार्ताओं, निर्यातकों, डिजाइनरों, खुदरा विक्रेताओंएक साझा मंच पर लाने की तैयारी में है। कोएल्नमेस्से द्वारा आयोजित आयएमएम इंडिया का आयोजन 1 से 3 सितंबर 2026 तक यशोभूमि, नई दिल्ली में किया जाएगा। यह आयोजन फर्नीचर, होम डेकोर, कालीन एवं दरियां, गद्दे, सरफेस, किचन सॉल्यूशंस और हस्तनिर्मित कलेक्शंस सहित इंटीरियर क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों को एकीकृत मंच पर प्रस्तुत करेगा।

सैमसंग डॉस्ट में राष्ट्रीय स्तर पर छाये विशाल

नई दिल्ली। ग्राहकों से बातचीत करने में झिझक महसूस करने वाले 24 वर्षीय विशाल ने प्रशिक्षण के जरिए खुद में बदलाव लाते हुए सैमसंग डॉस्ट के देशभर के 9,400 से अधिक बिक्री प्रशिक्षुओं में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में जगह बनाई है। गुरुग्राम में सैमसंग इंडिया के क्षेत्रीय मुख्यालय में उन्हें सम्मानित किया गया। विशाल ने बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें ग्राहकों को सुनने, संवाद करने, उत्पाद की जानकारी देने और प्रस्तुति का आत्मविश्वास मिला। सैमसंग डॉस्ट के तहत उत्तर प्रदेश में 2,237 और देशभर में 34,700 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

पेज एक का शेष

टाटा संस

कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) थे। यह घटनाक्रम टाटा संस और टाटा ट्रस्ट के बीच चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति को लेकर मतभेद की खबरों के बीच सामने आया है। टाटा संस टाटा समूह की प्रमुख (होल्डिंग) कंपनी है। इसमें बहुलांश हिस्सेदारी टाटा ट्रस्ट की है और यह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और एयर इंडिया समेत समूह की 30 से अधिक कंपनियों को नियंत्रित करती है।

भूमाफियाओं पर

वाद, 1,168 सिविल वाद और 4,751 एफआईआर दर्ज कराई गईं। वहीं अभियान के तहत 1,413 अतिक्रमणकर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिह्नित किया गया। इनमें से वर्तमान में 144 भू-माफिया जेल में बंद हैं। राजस्व विभाग के मुताबिक 1,621 अतिक्रमणकताओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत 1,621 मामले, 109 लोगों के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता के तहत, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 3 के खिलाफ, गैंगस्टर एक्ट के तहत 70 लोगों, गुंडा एक्ट के तहत 206 लोगों व अन्य धाराओं के तहत 1,745 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई सरकारी जमीन को योगी सरकार लैंडबैंक के रूप में विकसित कर औद्योगिक निवेश और बुनियादी ढांचे के विस्तार का आधार बनाती आ रही है। अब खाली कराई गई भूमि को व्यवस्थित तरीके से चिन्हित कर उद्योगों, फार्मास्युटिकल और मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों, लॉजिस्टिक पार्क, विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज व अन्य बड़े निवेश प्रस्तावों के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। इससे निवेशकों को जमीन उपलब्ध कराने में तेजी आएगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। राजस्व विभाग के प्रदेशव्यापी अभियान ने योगी सरकार के विकास से जुड़े विजन को और मजबूती प्रदान करने का काम किया है।

धरा गया 68

बताया गया कि एयरपोर्ट पर महंगे गिफ्ट और विदेशी मुद्रा पकड़ी गई है। इसके बाद आरोपियों ने खुद को कस्टम, इनकम टैक्स और जीएसटी अधिकारी बताकर कस्टम ड्यूटी व टैक्स के नाम पर रकम जमा कराने को कहा। इस तरह युवक से करीब 68 लाख रुपये की ठगी की गई। मामले में लखनऊ के मड़ियांव थाने में मुकदमा संख्या 33/2026 दर्ज कराया गया था। जांच के दौरान एसटीएफ को गिरोह के दिल्ली में सक्रिय होने की जानकारी मिली। इसी आधार पर साइबर टीम ने दिल्ली के बुराड़ी थाना क्षेत्र स्थित कमल विहार में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वर्ष 2022 में बिजनेस वीजा पर भारत आया था। वीजा समाप्त होने के बाद वह दिल्ली में अवैध रूप से रह रहा था। उसके साथियों ने उसे सोशल मीडिया पर अमेरिका और ब्रिटेन के नागरिकों के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर भारतीय युवक-युवतियों से दोस्ती करने और फिर महंगे उपहार व विदेशी मुद्रा भेजने का झांसा देकर ठगी करने की जानकारी दी थी। एसटीएफ के मुताबिक गिरोह के सदस्य भारतीय लोगों के बैंक खाते किराये पर लेकर उनमें ठगी की रकम मंगाते थे। जांच में गिरोह द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में भी ठगी किए जाने के तथ्य सामने आए हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के साथ बैंक खातों और डिजिटल वॉलेट की जांच कर रही है। बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फोरेंसिक जांच भी कराई जाएगी। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 318(4), 338, 336(3), 340(2) और आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

विपक्ष चर्चा

दिया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष को गृह मंत्री का लेक्चर सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं है, बल्कि उन्हें सिर्फ यह बताना चाहिए कि दिल्ली में छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया था। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि यदि शाह ने आदेश दिया था तो वह दोषी हैं और यदि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं थी तो अक्षम हैं तथा इन दोनों ही परिस्थितियों में उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

संयुक्त समिति

के खिलाफ नहीं है तथ यह सिर्फ देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने इस विधेयक को संसद की संयुक्त समिति के पास भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच ध्वनिमत से मंजूरी दी। विधेयक का विरोध करते हुए कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि यह विधेयक गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) और अल्पसंख्यक संस्थानों को निशाना बनाने के लिए लाया गया है। उन्होंने दावा किया कि सरकार अल्पसंख्यकों को निशाना बना रही है। वेणुगोपाल ने कहा इस विधेयक को वापस लिया जाए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पूरा विपक्ष एफसीआरए विधेयक के खिलाफ है। उन्होंने विधेयक को अल्पसंख्यकों के खिलाफ बताया और कहा कि यह सरकार आज तक ऐसा कौन सा विधेयक लाई है जो अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं हो। द्रमुक नेता टीआर बालू ने भी विधेयक को वापस लेने की मांग की। अल्पसंख्यक और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस विधेयक में ऐसा एक भी प्रावधान नहीं है जो अल्पसंख्यकों या किसी भी समुदाय के खिलाफ हो।

न्यायाधीश यशवंत

रूम को सील करने तथा उसका निरीक्षण किए जाने से पहले वहां मौजूद साक्ष्यों की स्थिति से छेड़छाड़ की गई। समिति ने पाया कि न्यायमूर्ति वर्मा का स्पष्टीकरण ऐसी परिस्थितियों में अपेक्षित स्पष्टवादिता, पारदर्शिता और संस्थागत जिम्मेदारी को प्रदर्शित नहीं करता। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, स्वतंत्र आधिकारिक गवाहों के साक्ष्य और पुष्टिकारक सामग्री के आधार पर जांच किए जाने पर उनका स्पष्टीकरण टालमटोल वाला और असंतोषजनक रहा। जांच समिति ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों के संबंध में अपने समेकित निष्कर्ष में कहा, समिति इसलिए अपने अंतिम निष्कर्ष दर्ज करती है कि आरोपों के अनुच्छेद I, 2 और 3 साबित होते हैं।

रिपोर्ट दो खंडों में है और इसमें जांच के दौरान दर्ज किए गए मौखिक तथा दस्तावेजी साक्ष्य भी शामिल हैं। इस तीन सदस्यीय जांच समिति ने मई में अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी थी। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने 12 अगस्त 2025 को, न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के मामले की जांच के लिए इस समिति का गठन किया था।

न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास में 14 मार्च 2025 की रात आग लग गई थी। आग बुझाने पहुंचे दमकलकर्मियों को कथित तौर पर एक स्टोर रूम में नोटों की अधजली गड्डियां मिली थीं। घटना के बाद, न्यायमूर्ति वर्मा ने पद से इस्तीफा दे दिया और उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया लगभग निष्प्रभावी हो गई है। हालांकि, उनके इस्तीफे को अभी तक कानून मंत्रालय ने अधिसूचित नहीं किया है। विवाद के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को उनके मूल न्यायालय इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेज दिया गया था जो घटना के समय दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

नकली दवाओं

के दवाओं के भंडारण और लेनदेन का भी आरोप है। विभाग के मुताबिक अमीनाबाद स्थित हेल्थ प्लस के प्रोपराइटर अंकुर अवस्थी ने वैध औषधि लाइसेंस के बिना बड़े पैमाने पर दवाओं के भंडारण और लेनदेन का रिकॉर्ड तैयार किया। जांच में गोविंद शुक्ला की भूमिका भी सामने आई, जिन्हें विभाग ने फर्म के मुख्य कर्ताधर्ताओं में शामिल बताया है। जांच के अनुसार, हेल्थ प्लस और राम फार्मा एक ही फ्लोर पर संचालित हो रहे थे और इनके माध्यम से कथित तौर पर दवाओं के अवैध डायवर्जन और कागजी लेनदेन का नेटवर्क चलाया जा रहा था। सहारनपुर की पैशन्ट केयर सर्जिकल हाउस नामक फर्म, जो पिछले करीब दो वर्षों से बंद बताई गई है, का इस्तेमाल भी कथित तौर पर फर्जी खरीद और कागजी रोटेशन के लिए किया गया। मामले में एमके फार्मा की भूमिका भी जांच के घेरे में है। विभाग के अनुसार, फर्म के संचालक मनीष बाजपेयी ने वित्तीय वर्ष 2026 में करीब 8.87 करोड़ रुपये की दवाओं की खरीद दिखाई। जांच के दौरान विभाग को कथित तौर पर ऐसे दस्तावेज मिले, जिनमें अन्य फर्मों के नाम पर जोरिल एम1, ऑगमेंटिन और डेक्सऑरेंज सिरपकी खरीद दर्शाई गई थी। विभाग का कहना है कि साक्ष्य छिपाने के लिए लैपटॉप का पुराना डेटा भी डिलीट किया गया। दवाओं के निमार्ताओं और संबंधित फर्मों से सत्यापन कराया गया तो उन्होंने इन दवाओं की बिक्री से इनकार किया और संबंधित बैचों को काउंटरफिट बताया। जांच में एमके फार्मा से जोरिल एम1 की करीब 39.20 लाख दवाओं का हिसाब नहीं मिलने की बात सामने आई है। विभाग का आरोप है कि इन दवाओं को अवैध तरीके से बाजार में खपाया गया, जिससे लोगों के स्वास्थ्य और जान को गंभीर खतरा पैदा हो सकता था। एफएसडीए के अधिकारियों के मुताबिक, पूरे मामले में फर्जी रिकॉर्ड तैयार करने, कूटरचना, नकली दवाओं के कारोबार और अवैध धन अर्जित करने की आशंका की जांच की जा रही है।

गाय की मौत

जाने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। मौके पर जुटी भीड़ ने चिकित्सक से धक्का-मुक्की और मारपीट की।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में कुछ लोग चिकित्सक से मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं और पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद नजर आ रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने चिकित्सक के नशे में होने का आरोप भी लगाया, लेकिन चिकित्सकीय जांच में इसकी पुष्टि नहीं हुई।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के आधार पर चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। चिकित्सक का मंगलवार को चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया था, जिसके बाद वह मुरादाबाद चले गए।

उन्होंने बताया कि चिकित्सक की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्वाई की जाएगी।

उत्तराखंड की

जीवन की चुनौतियां, प्राकृतिक परिवेश और सामाजिक बदलाव लगातार दिखाई देते हैं। यही वजह है कि उनके गीत उत्तराखंड की सांस्कृतिक स्मृति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। समारोह में अरुणाचल प्रदेश के अभिनेता, रंगकर्मी एवं नाटककार ताई तुगुंग को वर्ष 2026 के नरेंद्र सिंह नेगी संस्कृति सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि न्यीशी भाषा, अरुणाचली हिंदी, रंगमंच और सिनेमा के माध्यम से उन्होंने अरुणाचल प्रदेश की लोकपरंपराओं और सांस्कृतिक जीवन को प्रभावशाली मंच दिया है। लप्या नाटक तथा संगी माई फिल्म को उनके उल्लेखनीय कार्यों के रूप में रेखांकित किया गया।

सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड की विकास यात्रा को केवल पर्यटन की उपलब्धियों से नहीं आंका जाना चाहिए। प्रदेश की साहित्यिक और सांस्कृतिक क्षमता को भी समान रूप से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से राज्य में दो साहित्य ग्राम विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। यहां साहित्यकारों के लिए आवास, पुस्तकालय, अध्ययन और साहित्यिक गतिविधियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत की जड़ें गांवों और लोकजीवन में हैं।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 शृंखला खेलेगा भारत

बीसीसीआई और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में शृंखला की घोषणा की

नयी दिल्ली। बांग्लादेश की सितंबर में सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करने की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं, क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घोषणा की है कि श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम 13 से 17 सितंबर तक दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। बीसीसीआई और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में श्रृंखला की घोषणा की। बांग्लादेश भी इसी दौरान भारत की मेजबानी करना चाहता था।

भारत और बांग्लादेश के बीच यह द्विपक्षीय श्रृंखला पिछले साल खेली जानी थी लेकिन बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। भारत के खिलाफ होने वाले अफगानिस्तान के मैच उसके भविष्य के दौरा कार्यक्रम का हिस्सा हैं। ये अफगानिस्तान के घरेलू मैच होंगे क्योंकि उसके देश में अस्थिर राजनीतिक स्थिति के कारण उसने पिछले कुछ वर्षों से अपने मैच भारत में आयोजित किए हैं। इस श्रृंखला की शुरुआत 13 सितंबर से होगी। दूसरा टी20 मैच 15 सितंबर को और तीसरा 17 सितंबर को खेला जाएगा। तीनों मैच अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। अफगानिस्तान ने इस साल जून में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारत का दौरा किया था और दोनों टीमों ने जनवरी 2024 में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी खेली थी। अफगानिस्तान ने 2018 में भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था और तब से दोनों टीमें विभिन्न प्रारूपों में नियमित रूप से एक-दूसरे के खिलाफ खेलती रही हैं।

बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा कि भारतीय बोर्ड अफगानिस्तान में क्रिकेट को आगे बढ़ाने और वहां के खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। द्विपक्षीय क्रिकेट इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि इससे टीमों को मजबूत टीमों के खिलाफ नियमित रूप से खेलने और अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलता है। हम इस श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड का भारत में स्वागत करते हैं और इसे सफल बनाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। हम अफगानिस्तान क्रिकेट का समर्थन जारी रखेंगे। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाड़ी भारत में भी काफी लोकप्रिय हैं, जिससे दोनों देशों के बीच क्रिकेट में मजबूत संबंधों का पता चलता है। एसीबी के चेयरमैन मीरवाइस अशरफ ने कहा, भारत में द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करना हमारे लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसे संभव बनाने में बीसीसीआई के सहयोग और समर्थन की हम बहुत सराहना करते हैं।

भारत-श्रीलंका शृंखला के दौरान टेस्ट कमेंट्री में पदार्पण करेंगे अजिंक्य रहाणे

मुंबई। भारत के पूर्व बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे श्रीलंका में होने वाली दो मैचों की श्रृंखला से टेस्ट कमेंट्री में पदार्पण करेंगे। उन्हें 15 अगस्त को गॉल में शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद लगभग 18 वर्षों तक चले अपने शानदार खेल करियर को हाल में अलविदा कहने वाले 37 वर्षीय रहाणे अब कमेंटेटर के रूप में नई भूमिका में नजर आएंगे।

रहाणे ने भारत के लिए 85 टेस्ट मैच में 38.46 के औसत से 5,077 रन बनाए, जिनमें 12 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। रहाणे ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मैं सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनी लिव पर भारत के श्रीलंका दौरे के दौरान टेस्ट कमेंट्री की शुरुआत करने को लेकर उत्साहित हूं। टेस्ट क्रिकेट हमारे खेल का चरम बिंदु है और इतने वर्षों तक इस प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद अब खेल को एक अलग दृष्टिकोण से देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मैं अपने अनुभव साझा करने, खेल की बारीकियों को समझाने और प्रशंसकों को उन फैसलों, रणनीति और क्षण के बारे में जानकारी देने के लिए उत्सुक हूं जो टेस्ट मैच का रुख बदल सकते हैं।

16 सदस्यीय टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला की तीन साल बाद श्रीलंका की टेस्ट टीम में वापसी

गॉल। भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए श्रीलंका की 16 सदस्यीय टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला की तीन साल बाद श्रीलंका की टेस्ट टीम में वापसी हुई है, जबकि ऑफ स्पिनर केशारा नुवांथा को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है।

धनंजय डी सिल्वा टीम की कप्तानी करेंगे जबकि अनुभवी हरफनमौला कामिंदु मेंडिस उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। डिकवेला ने अपना पिछला टेस्ट 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। नियमित विकेटकीपर कुसल मेंडिस के चोटिल होने के कारण अब उनके पास टेस्ट टीम में वापसी का मौका है। अलावा नये बल्लेबाज पसिंदु सूरियाबंदारा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को भी टीम में जगह मिली है। श्रीलंका की टीम में इस बार चार विशेषज्ञ तेज गेंदबाज शामिल किए गए हैं। मदुशंका की वापसी से तेज गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूती मिली है। उनके साथ असिथा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और विश्वा फर्नांडो तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि हरफनमौला मिलान रत्नायके भी तेज गेंदबाजी में विकल्प होंगे। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर केशारा नुवांथा के टेस्ट पदार्पण की संभावना है। स्पिन विभाग में उनका साथ बाएं हाथ के स्पिनर अनुभवी प्रभात जयसूर्या और रमेश मेंडिस देंगे। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए श्रीलंका की टीम :धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), लाहिरू उदाना, निशान मदुश्का, कामिंदु मेंडिस (उपकप्तान), दिनेश चांदीमल, पसिंदू सूरियाबंदारा, सोनल दिनुशा, निरोशन डिकवेला (विकेटकीपर), रमेश मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, केशारा, मिलान रत्नायके, असिथा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, विश्वा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका।

संक्षेप

रिद्धिमा ने महिला पीजीटी में बढ़त बनायी

बेंगलुरु। रिद्धिमा दिलावरी महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण में फॉर्म में वापसी करते हुए बुधवार को यहां दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से तीन शॉट की बढ़त बना ली। मौजूदा सत्र के शुरुआती छह टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतने वाली रिद्धिमा पिछले कुछ समय से अनुकूल नतीजे हासिल करने में नाकाम रही थी। पिछले महीने 28 बरस की होने वाली गुरुग्राम की इस गोल्फर ने पहले दौर में छह बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गईं। एमेच्योर कीर्तना राजीव, मन्नत बरार और 10वें चरण की विजेता विधात्री उर्स दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अनुभवी अमनदीप ड्राल, नेहा त्रिपाठी, श्वेता मानसिंह और अनघ वेंकटेश पार 72 के स्कोर से संयुक्त पांचवें पायदान पर हैं।

जीव का कपिल से खिलाड़ियों को आईजीपीएल में खेलने की अनुमति देने का आग्रह

नयी दिल्ली। भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने कपिल देव के नेतृत्व वाली पीजीटीआई (भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर) से आग्रह किया है कि वह खिलाड़ियों को इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) में भाग लेने से न रोके, क्योंकि उन्हें अच्छी कमाई करने और अपने खेल को निखारने का पूरा अधिकार है। चार यूरोपीय टूर और छह एशियाई टूर जीतने वाले 54 वर्षीय जीव ने कहा कि वह समझते हैं कि प्रत्येक टूर के अपने नियम होते हैं, लेकिन एक बार जब कोई खिलाड़ी उस टूर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पूरी कर लेता है, तो उसे अन्य रास्ते तलाशने से नहीं रोका जाना चाहिए। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर ने आईजीपीएल में खेलने वाले गोल्फरों को पीजीटीआई की प्रतियोगिताओं में खेलने से रोक दिया है। एक अन्य विश्व कप विजेता क्रिकेटर युवराज सिंह आईजीपीएल के सह संस्थापक हैं। जीव ने पीटीआई से कहा, आपके दो या तीन टूर (गोल्फ टूर्नामेंट) हो सकते हैं, लेकिन आखिर में यह खिलाड़ियों के टूर हैं। अगर उन्हें इससे फायदा हो रहा है तो इस पर कोई प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। अगर वे इससे अच्छी कमाई कर सकते हैं तो इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। मतभेद हो सकते हैं, आपको लग सकता है कि मेरा टूर आपके टूर से बेहतर है, लेकिन अगर खिलाड़ियों को किसी भी टूर पर खेलने से फायदा हो रहा है, तो यह अच्छा है। कपिल देव ने यह स्वीकार किया कि पीजीटीआई और आईजीपीएल दोनों के टूर्नामेंट साथ-साथ हो सकते हैं लेकिन इसके साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया है कि खिलाड़ियों को दोनों में से एक को चुनना होगा। उन्होंने इसके साथ ही कहा था आईजीपीएल खेलने का फैसला करने वाले खिलाड़ियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

एशियाई जूनियर ओपन एवं बालिका शतरंज चैंपियनशिप में मजबूत खिलाड़ियों की चुनौती

मुंबई। दस देशों के 157 खिलाड़ी 16 से 26 अगस्त तक आयोजित होने वाली एशियाई जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में भाग लेंगे जिसमें छह इंटरनेशनल मास्टर (आईएम), 24 फिडे मास्टर (एफएम) और महिला फिडे मास्टर (डब्ल्यूएफएम) भी शामिल हैं।

एशिया के शीर्ष अंडर-20 खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली इस चैंपियनशिप में क्लासिकल प्रारूप के नौ स्विस राउंड खेले जाएंगे, जबकि रैपिड और ब्लिट्ज वर्ग में सात-सात राउंड आयोजित होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय शतरंज महासंघ, एशियाई शतरंज महासंघ और फिडे के तत्वावधान में महाराष्ट्र शतरंज संघ कर रहा है। प्रतियोगिता के विजेताओं को महत्वपूर्ण नॉर्म (मानदंड) हासिल करने का अवसर मिलेगा। जो खिलाड़ी पहले से इंटरनेशनल मास्टर हैं, उन्हें ग्रैंडमास्टर (जीएम) नॉर्म मिलेगा, जबकि गैर-आईएम खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मास्टर (आईएम) नॉर्म अर्जित करने का मौका मिलेगा। ओपन वर्ग में भारत के इंटरनेशनल मास्टर मयंक चक्रवर्ती (2500) शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। उनके बाद रूस के आईएम आर्तेम पिंगिन (2477) और भारत के आईएम अपूर्व कांबले (2441) का स्थान है। जूनियर महिला वर्ग में भारत की महिला फिडे मास्टर प्रतीती बोरदोलोई (2252) शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं। उनके बाद कजाकिस्तान की डब्ल्यूएफए मारिया खोल्यावको (2217) और तुर्कमेनिस्तान की डब्ल्यूएफएम लाला शोहरादोवा (2159) हैं।

विश्वकप के रनवे पर सपनों की ऊंची उड़ान भरने को तैयार भारतीय महिला हॉकी की युवा ब्रिगेड

एम्स्टर्डम । पहली बार हॉकी स्टिक थामी थी तो देश के लिये विश्व कप खेलने का सपना देखा था और अब उसे पूरा होते देखने को बेताब भारतीय महिला हॉकी की युवा ब्रिगेड नर्वस भी है तो रोमांचित भी।

पहली बार विश्व कप खेलने जा रही इशिका, लालथांटलुआंगी, साक्षी राणा, शिल्पी डबास और सुनेलिटा टोप्पो जैसी भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ियों के शानदार सफर के पीछे कई चुनौतियां और कुर्बानियां रही हैं। इशिका ने भाषा से कहा , विश्व कप में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है। सचमुच लग रहा है कि सपना सच होने जा रहा है। उन्होंने कहा , बचपन से मेरे पिता ही मेरे कोच थे। मुझे परिवार से हमेशा सहयोग मिला लेकिन सबसे बड़ी चुनौती मानसिक रूप से मजबूत होने की थी। चोटों और कठिन दौर ने मेरा आत्मविश्वास पुख्ता किया और मुझे दृढता और आशावादिता का पाठ पढ़ाया। 21 वर्ष की इस खिलाड़ी की ख्वाहिश अब उस भरोसे पर खरे उतरकर मैदान पर गोल करने के मौके बनाने की है। वहीं 21 वर्ष की ही डिफेंडर लालथांटलुआंगी के लिये भारतीय विश्व कप टीम में पदार्पण का पल काफी जज्बाती रहा है। उन्होंने कहा , मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती कि कैसा महसूस कर रही हूं। यह मौका मेरा ही नहीं , मेरे पूरे परिवार का है। लेकिन असल काम अब शुरू होता है और मैं देश के लिये शत प्रतिशत देना चाहती हूं। स्कूल और हॉकी अभ्यास के बीच भाग दौड़ करने वाली इस खिलाड़ी ने जीवन में संतुलन बनाना काफी जल्दी सीख लिया था। अपने सीनियर्स की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे सीनियर शानदार है। उन्होंने मुझे दबाव का सामना करना सिखाया और रोज मैदान के भीतर और बाहर नयी सीख देते हैं। 19 वर्ष की मिडफील्डर साक्षी ने कहा कि मैं रोमांचित भी हूं और नर्वस भी क्योंकि यह मेरा पहला विश्व कप है। लेकिन मुझे लगता है कि नर्वस होना अच्छा है। मैं इस पल का पूरा मजा लेकर मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं। उनका लक्ष्य डिफेंस और फॉरवर्ड के बीच बेहतरीन सेतु का काम करने का है। डबास का सफर इसलिये भी खास रहा है क्योंकि उन्हें काफी इंतजार करना पड़ा।

उन्होंने कहा, मुझे बहुत बड़ा प्लेटफार्म मिला है। खुश भी हूं और नर्वस भी हूं। अब तक के सफर के बारे में पूछने पर इस खिलाड़ी ने कहा , सबसे बड़ा चैलेंज यही रहा था कि अभी तक शिविर में ही नहीं बुलाया गया था। हॉकी इंडिया लीग के दूसरे सत्र के बाद शिविर में चुना गया। आने वाले खिलाड़ियों को यही सलाह दूंगी कि हार मत मानो, मेहनत करते रहो , कभी तो मौका जरूर मिलेगा। विश्व कप की तैयारी के बारे में उन्होंने कहा कि मुझे सीनियर्स और कोचों ने सलाह दी कि अपना स्वाभाविक खेल खेलो , हम मदद के लिये हमेशा हैं। वे अपना अनुभव साझा करते हैं और अच्छे प्रदर्शन के लिये पुश करते हैं। छठी कक्षा से हॉकी खेल रही डबास को यह खेल विरासत में मिला है क्योंकि उनके मां , पिता , भाई सभी हॉकी खेलते थे। उन्नीस साल की टोप्पो ने कहा कि मेरी ताकत स्पीड है और इसे टीम के फायदे के लिये इस्तेमाल करना है। मैं विंग खेलती हूं तो जितना जल्दी हो सके स्ट्राइकर को गेंद दूंगी ताकि वह गोल कर सके। मैने जो ट्रेनिंग की है, उसका पूरा उपयोग कर सकूं यही लक्ष्य है। उन्होंने अपनी तरह की उदीयमान खिलाड़ियों से कहा , जीवन में बहुत चुनौतियां आयेंगी, हॉकी छोड़ने का भी मन करेगा लेकिन अपने पर भरोसा रखकर मेहनत करते रहो , मेहनत रंग जरूर लायेगी।

भारत ने राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैंपियनशिप में पांच और पदक जीते

नयी दिल्ली। भारतीय तलवारबाजी टीम ने नाइजीरिया के लागोस में चल रही राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए सीनियर स्तर की विभिन्न व्यक्तिगत स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता।

भारतीय खिलाड़ियों ने सीनियर महिला फॉइल, सीनियर पुरुष ईपी और सीनियर पुरुष साबरे स्पर्धाओं में दबदबा बनाए रखा। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में 29 पदक जीत लिए हैं जिसमें आठ स्वर्ण, सात रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं।

भारत ने सीनियर महिला फॉइल वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक हासिल किए। कनागलक्ष्मी ने सटीक और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी टीम की साथी जॉयस आशिता ने रजत पदक जीतकर पोडियम पर शीर्ष दो स्थान हासिल किए। इंग्लैंड की जॉर्जिया ग्रीन और एमिली गुडचाइल्ड ने कांस्य पदक जीते। सीनियर पुरुष ईपी स्पर्धा में राजेंद्रन शांतिमोल शेरजिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए दिन का दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। शेरजिन ने दक्षिण अफ्रीका के क्रूगर पीटर को हराया। वेल्स के बर्कहार्ट मार्क और दक्षिण अफ्रीका के लोसेव्स्की सर्गेई ने कांस्य पदक हासिल किए।

सीनियर पुरुष साबरे में करण सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के शिम योन्गी को हराकर भारत के लिए दिन का तीसरा स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही कुमारसन पद्मा गिशो निधि और नाइजीरिया के अकिन्योसोये ओलुवाफोलायेमी ने कांस्य पदक हासिल किए।

बांग्लादेश के खिलाफ शृंखला से अपने सबसे व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम की शुरुआत करेगा ऑस्ट्रेलिया

डार्विन (ऑस्ट्रेलिया)। ऑस्ट्रेलिया बृहस्पतिवार से बांग्लादेश के खिलाफ यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला से एक साल में 20 टेस्ट मैच खेलने के अपने व्यस्त कार्यक्रम की शुरुआत करेगा।

इस मैच से 2003 के बाद टेस्ट क्रिकेट की ऑस्ट्रेलिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में वापसी भी होगी। बांग्लादेश का दो दशकों से अधिक समय में ऑस्ट्रेलिया का यह पहला टेस्ट दौरा है। ऑस्ट्रेलिया का अगले 12 महीने का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। इस दौरान वह 20 टेस्ट मैच खेलेगा, जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के दौरे भी शामिल हैं। अगर वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचता है तो इन मैच की संख्या 21 हो जाएगी। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। इसके बाद वह चार टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया को इसके बाद भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। वह मार्च में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगा जो दोनों देशों के बीच टेस्ट मैचों की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद जून में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की एशेज श्रृंखला के साथ उसके इस व्यस्त कार्यक्रम का समापन होगा। लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण की धुरी रहे पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन फिर से एक साथ खेलते हुए दिखेंगे। इनमें से कुछ खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के कारण पिछले कुछ समय से यह चारों एक साथ नहीं खेल पाए थे। हेजलवुड को तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड की जगह टीम में लिया गया है। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर भी अंतिम एकादश में शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी को लेकर ज्यादा सवाल उठते हैं। सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड को पिछले सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज में खराब फॉर्म के बावजूद टीम में बरकरार रखा गया है और संभावना है कि वह ट्रैविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के संन्यास लेने से ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करना पड़ा। मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ क्रमशः तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं। लाबुशेन को अंतिम एकादश में अपनी जगह पक्की करने के लिए रन बनाने की जरूरत है।

राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाली जूडो खिलाड़ी अस्मिता डे का त्रिपुरा में सम्मान

अगरतला। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जूडो खिलाड़ी त्रिपुरा की अस्मिता डे को बुधवार को यहां राज्य सरकार ने भव्य समारोह में सम्मानित किया।

अस्मिता को 10 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया गया। उन्होंने हाल में ग्लास्गो में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग का खिताब कनाडा की हेइडी क्राच को गोल्डन स्कोर मुकाबले में हराकर जीता था। उन्होंने शानदार वापसी करते हुए यह जीत दर्ज की थी। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 23 वर्षीय जूडो खिलाड़ी को राज्य की राजधानी अगरतला में मकान बनाने के लिए जमीन का एक टुकड़ा भी आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा, दक्षिण त्रिपुरा के एक गुमनाम गांव से ग्लास्गो में पोडियम तक का उनका सफर समय के खिलाफ दौड़ जैसा था। उनके पिता सोनाइचारी में साइकिल मैकेनिक थे। तमाम मुश्किलों के बावजूद वह अपने लक्ष्य पर डटी रहीं और देश के लिए शानदार सफलता हासिल की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद नयी दिल्ली लौटने पर अस्मिता ने त्रिपुरा भवन में उनसे मुलाकात की थी और जानना चाहा था कि राज्य उनकी किस तरह मदद कर सकता है। बैठक के दौरान अस्मिता ने बताया कि वह अगरतला में अपना घर चाहती हैं। मैंने उनकी इच्छा पूरी करने का वादा किया था और आज उन्हें जमीन का एक टुकड़ा आवंटित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्मिता की सफलता राज्य के युवाओं को प्रेरित करेगी और उनसे एशियाई खेलों में पदक के अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखने का आग्रह किया। मैं अस्मिता से खासकर खान-पान को लेकर सतर्क रहने का आग्रह करता हूं क्योंकि प्रतिष्ठित एशियाई खेलों में हिस्सा लेने से पहले उन्हें कड़े डोप परीक्षण से गुजरना होगा। हमें विश्वास है कि वह एशियाई खेलों में भी देश के लिए पदक जीतेंगी। इस समारोह में युवा मामले एवं खेल मंत्री टिंकू रॉय, अगरतला के महापौर दीपक मजूमदार और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित जिम्नास्ट दीपा करमाकर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

रील युग में रह रहे युवा शॉर्टकट से दूर रहें : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने और दूसरों के संघर्षों से सीखने की बुधवार को अपील करते हुए कहा कि रील के युग में रह रहे युवाओं को याद रखना चाहिए कि शॉर्टकट आपको नुकसान पहुंचा सकता है।

मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिकः माय लाइफ, माय स्ट्रगल्स के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोविंद का जीवन दिखाता है कि दृढ़ संकल्प किसी व्यक्ति को मुश्किलों से उबरने और सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने में कैसे मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद भी कोविंद के लगातार सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहने का जिक्र करते हुए कहा कि पद छोड़ने के बाद भी उन्होंने आराम नहीं किया, बल्कि एक राष्ट्र, एक चुनाव पहल पर काम कर रहे हैं, जो भारतीय लोकतंत्र में एक नया अध्याय खोल सकती है। मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति के प्रयास भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने में उनके निरंतर योगदान का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि इनसे किसी खास दौर को उस व्यक्ति के जीवन के जरिए समझने का मौका मिलता है जिसने उसे खुद अनुभव किया हो। उन्होंने कहा कि आज रील का जमाना है, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आपको कहीं न कहीं खींच ले जाते हैं लेकिन इस दौर में भी, रेलवे स्टेशन पर लिखी बात याद रखें, शॉर्टकट आपको नुकसान पहुंचा सकता है। मोदी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोशल मीडिया पर जेन जी से जुड़ने की कोशिशें तेज कर दी हैं। चिकित्सा के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का प्रश्नपत्र लीक होने के खिलाफ पिछले महीने हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद मोदी ने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे युवाओं से जुड़ने के लिए इंस्टाग्राम का सक्रिय रूप से इस्तेमाल करें और रील पोस्ट करें। हाल के हफ्तों में मोदी ने स्वयं युवाओं को संबोधित करते हुए कई बार रील साझा की हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविंद की आत्मकथा भारतीय लोकतंत्र की धरोहर बनेगी और नयी पीढ़ी को इससे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। मोदी ने कहा, हमें भविष्य में और ऐसे कई युवाओं की जरूरत है जो कोविंद की हों। ऐसे लोग जो हालात से हार न मानें, बल्कि हर चुनौती से पार पाने का पुख्ता इरादा रखें। वे आत्मनिर्भर भारत का रास्ता बनाएंगे और यह आत्मकथा युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

तुर्किये में खतरे के कारण सीक्रेट सर्विस और सेना ने एयर फोर्स वन से हटाया था : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि पिछले महीने तुर्किये में एक यात्रा के बाद वह एयर फोर्स वन विमान से गुप्त तरीके से दूसरे विमान में चले गए थे, क्योंकि सीक्रेट सर्विस और सेना उन्हें अलग विमान से भेजना चाहती थी।

उन्होंने कहा कि यह कदम एक खतरे के कारण उठाया गया था, लेकिन इससे वह डरे नहीं थे। ट्रंप ने अपनी उड़ान से जुड़ी असाधारण गोपनीय कार्रवाई को तवज्जो न देते हुए कहा कि वह इस मामले को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं थे। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप को हवाईअड्डे के, खाद्य सामग्री ले जाने वाले एक वाहन में छिपाकर दूसरे विमान तक पहुंचाया गया, जबकि एयर फोर्स वन को आसमान में भेजा गया ताकि सबको लगे कि ट्रंप एयर फोर्स वन में हैं। उन्होंने उस विमान पर मौजूद व्हाइट हाउस के अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों, सहयोगी कर्मचारियों और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर भी खतरे की बात को अहमियत नहीं दी। ओहायो में एक कार्यक्रम से लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, वे चाहते थे कि मैं अलग उड़ान, अलग विमान से जाऊं। उन्होंने कहा कि इस मामले में उनके पास ज्यादा विकल्प नहीं था। ट्रंप ने कहा, शायद वहां कोई खतरा था। मैंने इसके बारे में ज्यादा पूछताछ नहीं की। मुझे बहुत सारी धमकियां मिलती हैं। उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट की उस खबर की पुष्टि करती है, जिसमें कहा गया था कि पिछले महीने नाटो शिखर सम्मेलन के बाद ईरान से मिली एक धमकी के कारण ट्रंप को दूसरे विमान से भेजा गया था। यह कार्वाई कई दिन तक गोपनीय रखी गई थी। ट्रंप ने विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वास्तव में जिस विमान से मैंने यात्रा की, वह ज्यादा खतरे में था। मैं किसी चीज की चिंता नहीं करता। मैं मानता हूं - जो होगा देखा जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपतियों की सुरक्षा के लिए विदेश यात्राओं को पहले भी गुप्त रखा जाता रहा है, लेकिन इस तरह से नहीं।

संक्षेप

भाजपा के चलते कॉजपा को बैठक के लिए जगह नहीं दी जा रही है: दीपके

नयी दिल्ली, 12 अगस्त (भाषा) दिल्ली के नारायणा में कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के स्वयंसेवकों की बुधवार को होने वाली एक बैठक रद्द कर दी गई। कॉजपा संस्थापक अभिजीत दीपके ने दावा किया है कि जिस बैंक्वेट हॉल में यह बैठक होनी थी उसने सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दबाव के कारण आखिरी समय पर बुकिंग रद्द कर दी। बैठक रद्द होने के बाद दीपके ने संवाददाताओं से कहा कि आयोजकों ने यह जगह आरक्षित की थी लेकिन जब वे वहां पहुंचे तब उनसे कहा गया कि उन्हें दबाव के कारण हॉल उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। आज हम दिल्ली में अपने स्वयंसेवकों की बैठक करने वाले थे। हमें बैठक करने की इजाज़त नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि हम पर दबाव है, हम आपको हॉल नहीं दे सकते। दीपके ने दावा किया कि उन्हें आस-पास की दूसरी जगहों पर भी इसी तरह मनाही का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉजपा की बैठकों के लिए जगह देने से रोकने के लिए लोगों को डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग हमें जगह देने से डर रहे हैं। हमें बैठक करने से रोका जा रहा है। भाजपा लोगों को हमें हॉल देने से रोकने के लिए धमका रही है। दीपके ने कहा, आप चाहे कितनी भी धमकी दें, हम डरने वाले नहीं हैं। यह घटनाक्रम कॉजपा द्वारा अपनी राष्ट्रीय टीम की घोषणा के कुछ दिनों बाद हुआ है।

हूती विद्रोहियों के जहाज पर हमले में छह लोगों की मौत

सना। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य में एक जहाज पर मिसाइलें दागीं, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। यमन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वहीं, अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे एक जहाज पर हमला किया है। यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि मृतकों में चालक दल के चार सदस्य और सरकार समर्थित नेशनल रेसिस्टेंस फोर्स के दो जवान शामिल हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हूती विद्रोहियों ने यमन के एक वाणिज्यिक जहाज पर तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को असल में बंद कर दिए जाने के बाद, अब लाल सागर और यमन के दक्षिणी छोर पर स्थित बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य पर ध्यान दिया जा रहा है, क्योंकि सऊदी अरब के लिए अपना तेल भेजने का यह एक वैकल्पिक रास्ता है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने मंगलवार को कहा कि ओमान की खाड़ी में पनामा के झंडे वाले एक जहाज पर उसकी सेना ने हमला किया। सेना ने कहा कि यह जहाज ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी से बचने की कोशिश कर रहा था। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर आर्थिक दबाव बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी मध्य कमान ने कहा कि जहाज ने रुकने की चेतावनियों को नजरअंदाज किया, जिसके बाद एक अमेरिकी हेलीकॉप्टर ने एमवी वेला नोवा पर मिसाइलें दागीं।

वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास का प्रमुख इंजन हैं ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्थाएं : सीतारमण

जयपुर। केंद्रीय वित्त तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास का प्रमुख इंजन हैं और बड़े पैमाने पर निजी पूंजी जुटाने में उन्हें एक जैसी संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

सीतारमण यहां ब्रिक्स के सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक के गवर्नर की बैठक में द रोल ऑफ द न्यू डेवलपमेंट बैंक इन मोबिलाइजिंग प्राइवेट कैपिटल इन मेंबर कंट्रीज विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में निवेश के जोखिम को कम करने, परियोजना को बैंक के लिए आकर्षक बनाने और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में बहुपक्षीय विकास बैंकों की अहम भूमिका पर जोर दिया ताकि बड़े पैमाने पर निजी पूंजी जुटाई जा सके। आधिकारिक बयान के अनुसार, भारत के अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने निरंतर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और उससे जुड़े संरचनात्मक सुधारों के जरिये अपने अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले की तुलना में सार्वजनिक निवेश में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है जो राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाह, डिजिटल अवसंरचना और ऊर्जा नेटवर्क में उत्पादक राष्ट्रीय परिसंपत्तियां बनाने की एक सोची-समझी रणनीति को दर्शाता है। भारत सरकार का मानना है कि सार्वजनिक पूंजी को निजी निवेश का विकल्प नहीं बल्कि उसके उत्प्रेरक के तौर पर कार्य करना चाहिए।

विपक्षी दलों के रवैये से निराश हूं: रीजीजू

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को विपक्ष पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा पहली बार देखा गया कि सरकार खुद चर्चा कराने और सभी सवालों के जवाब देने के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के इस रवैये से वह एक मंत्री और सांसद के तौर पर बहुत निराश एवं दुखी हैं। रीजीजू ने कहा कि अब तो जनता भी जानना चाहती है कि कांग्रेस चर्चा से क्यों भाग रही है। संसद के मानसून सत्र में एक दिन का समय बचे होने के बीच, उन्होंने उम्मीद जताई कि है और विपक्ष छात्रों के मामलों पर चर्चा करेगा तथा गृह मंत्री अमित शाह की बात सुनेगा।

विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद रीजीजू ने संसद परिसर स्थित अपने कक्ष में संवाददाताओं से कहा, मैं काफी निराश और दुखी हूं। अपने जीवन में पहली बार मैं ऐसी स्थिति देख रहा हूं, जहां सरकार संसद में चर्चा चाहती है, लेकिन विपक्ष उससे भाग रहा है। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में आम तौर पर विपक्ष चर्चा की मांग करता है और सरकार उसके सवालों के जवाब देती है। लेकिन मौजूदा स्थिति में सरकार खुद कह रही है कि वह चर्चा कराएगी और जवाब देगी, जबकि विपक्ष चर्चा के लिए तैयार नहीं है। रीजीजू ने कहा कि क्या आप ऐसी स्थिति की कल्पना कर सकते हैं? यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बार-बार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए अपनी इच्छा जताई है, लेकिन विपक्ष सहमत नहीं हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इसी वजह से गृह मंत्री अमित शाह को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक और पत्र लिखना पड़ा। जिसमें उन्होंने (शाह ने) कहा कि सरकार खुली, व्यापक और विस्तृत चर्चा के लिए तैयार है तथा अध्यक्ष से विपक्षी नेताओं को चर्चा के लिए सहमत करने का अनुरोध किया। रीजीजू ने कहा, क्या आपने कभी ऐसा सुना है कि विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। सरकार खुद लोकसभा अध्यक्ष से विपक्ष को चर्चा में शामिल होने के लिए मनाने का अनुरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भी सरकार ने विपक्ष से बार-बार आग्रह किया कि वह तुरंत चर्चा शुरू करे, लेकिन विपक्ष में इसके लिए हिम्मत नहीं है। रीजीजू ने कहा, विपक्ष का यह रवैया देश के लिए अच्छा नहीं है।

निर्यात करीब 16 प्रतिशत बढ़ाः गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान देश का निर्यात करीब 16 प्रतिशत बढ़ा है।

उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में एक हजार अरब डॉलर के वस्तु एवं सेवा निर्यात का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में निर्यात 863 अरब डॉलर रहा था। उन्होंने कहा, चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में निर्यात में करीब 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जुलाई महीने के निर्यात और आयात के अंतिम आंकड़े 13 अगस्त को जारी किए जाएंगे। मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के बारे में गोयल ने कहा कि पिछले चार साल में अंतिम रूप दिए गए नौ समझौतों ने घरेलू उद्योग के लिए बड़े अवसर खोले हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते सामूहिक रूप से वैश्विक व्यापार के करीब दो-तिहाई हिस्से से जुड़े हैं। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में निर्यात 15.92 प्रतिशत बढ़कर 129.32 अरब डॉलर रहा जबकि आयात 19.89 प्रतिशत बढ़कर 216.18 अरब डॉलर हो गया।

शाह का लेक्चर सुनने में दिलचस्पी नहीं, सिर्फ यह बतायें कि गोली चलाने का आदेश किसने दिया: राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर उन पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष को उनका लेक्चर सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं है, बल्कि उन्हें सिर्फ यह बताना चाहिए कि दिल्ली में छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया था।

उन्होंने कहा कि यदि शाह ने आदेश दिया था तो वह दोषी हैं और यदि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं थी तो अक्षम हैं तथा इन दोनों ही परिस्थितियों में उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। गांधी ने कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी और मैंने संवाददाता सम्मेलन किया तथा अन्य विपक्षी दलों ने भी स्पष्ट कर दिया है कि शाह की काल्पनिक बातें सुनने में हमें कोई दिलचस्पी नहीं है। हम उनका लेक्चर सुनने में दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी दिलचस्पी सिर्फ एक साधारण सवाल में है। और जब मैं हम कहता हूं, तो इसका मतलब इस देश की युवा पीढ़ी से है। सवाल यह है कि दिल्ली में छात्रों पर गोली किसने चलवाई? एक छात्र को किसने अंधा कर दिया? छात्रों पर लाठियां चलाने का आदेश किसने दिया? उनका कहना था कि यह तो स्पष्ट है कि आदेश को गृह मंत्रालय ने लागू किया था। गांधी ने कहा, क्या अमित शाह ने छात्रों पर गोली चलाने का आदेश दिया था? अगर उन्होंने दिया था, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि इसके लिए वह दोषी हैं। और अगर उन्होंने आदेश नहीं दिया था, तो उन्हें इसलिए इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि वह अक्षम हैं। उन्होंने दावा किया, अमित शाह 20 दिन के लिए गायब हो गए थे। उनके साथ संसद 30 गाड़ियां आती थीं और उनके घर के बाहर बहुत सारे पुलिस वाले खड़े रहते थे, ताकि कोई युवा न आ जाए। गांधी ने कहा कि अमित शाह में हिम्मत नहीं है कि वह सदन में आएं। उन्होंने दावा किया, अमित शाह के गुब्बारे से हवा निकल गई है। अब आखिरी मिनट में फिर से हवा भरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन गुब्बारा तो फट चुका है।

सभी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का समय-समय पर किया जाता है सुरक्षा आकलनः जितेंद्र सिंह

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि कुडनकुलम समेत सभी परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थलों पर समय-समय पर सुरक्षा जांच की जाती है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में कहा कि यह जांच आंतरिक रूप से और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) द्वारा की जाती है। मंत्री ने कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर के सवाल के लिखित जवाब में कहा कि बाहरी सरकारी एजेंसियां भी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का आकलन करती हैं। सांसद ने परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा संबंधी कमजोरियों के आकलन और थर्ड-पार्टी सुरक्षा ऑडिट के बारे में सवाल पूछा था। मंत्री ने कहा कि इन संयंत्रों को साइबर खतरे का पता लगाने और उनसे निपटने के लिए लगातार निगरानी करने की प्रणाली मौजूद है।

स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने की अपील

पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद (बीएसआरटीसी) ने राज्य के सभी मंदिरों, मठों और धर्मशालाओं से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने परिसरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की है। हमारे दायरे में आने वाले सभी मंदिरों, मठों और धर्मशालाओं से उत्साह के साथ तिरंगा फहराने की

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com